CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 19 नवम्बर 2023

वर्ष - 33 | अंक - 200 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :-
bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

देश विदेश
- इजरायल ने हमास से कई गुना ज्यादा लोगों को बंधक बनाया : एर्दोगन
- दक्षिणी गाजा पर इजरायली बमबारी में 26 नागरिकों की मौत
- मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली
पृष्ठ 9

केंद्र ने देश में किया महंगाई बढ़ाने का काम : कांग्रेस पृष्ठ 3

मड़ई
- भगवान विष्णु स्वरूप सालिगराम और माता तुलसी... पृष्ठ 4

- अजेय भारत अब वन डे विश्व कप जीतने को बेताब
- अहमदाबाद को किंग कोहली की एक और जादुई पारी का इंतजार
पृष्ठ 10

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू ने छठ पूजा के अवसर पर दी बधाई

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती मुर्मू ने शनिवार को अपने संदेश में कहा , लोक आस्था के पावन महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। छठ पूजा सूर्यदेव की आराधना करने के साथ ही नदियों , तालाबों और जलाशयों की पूजा करने का अवसर है। प्रकृति से जुड़ा हुआ यह पर्व हमारे भीतर आध्यात्मिक चेतना का संचार करता है और हमें पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।

### राज्यपाल ने छठ पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर ।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने छठ पूजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सूर्य उपासना का यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति प्रेम का भी संदेश देता है।

### बिहार में जहरीली शराब पीने से छह की मौत

**पटना ।** बिहार के सीतामढ़ी जिले के तीन गांवों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान सोलोमन टोला गांव के विक्रम कुमार और राम बाबू, नरहर गांव के रौशन कुमार और संतोष महतो तथा बाजपट्टी थाने के नरहर कलां गांव के महेश यादव और अवधेश यादव के रूप में हुई है। जिला एसपी मनोज तिवारी ने कहा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा। हमने लापरवाही के लिए एक पुलिस कर्मी और एक चौकीदार को निलंबित कर दिया है।

### अभिनेत्री विजयाशांति तेलंगाना में बनी कांग्रेस की मुख्य संयोजक

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस ने हाल में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर पार्टी में लौटी पूर्व लोकसभा सदस्य और प्रसिद्ध अभिनेत्री विजयाशांति को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मुख्य समन्वयक और प्रचार समिति का संयोजक बनाया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्रीमती विजयाशांति के नेतृत्व वाली समन्वय समिति में 1 5 अन्य वरिष्ठ नेताओं को सदस्य नियुक्त किया है।

### आईएलबीएस मामला : आतिशी ने केजरीवाल को रिपोर्ट भेजी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की सतर्कता मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुख्य सचिव नरेश कुमार के बेटे करण चौहान से जुड़े कई सबूत नष्ट किए जा रहे हैं।

### ऑक्सीजन मास्क लगाकर मैनेजर ने दी जान

नोएडा । नोएडा की एक हाईराइज सोसाइटी में एक एक्सपोर्ट कंपनी के एचआर मैनेजर का शव मिला। घर में मिले सुसाइड नोट में मैनेजर ने लिखा था कि जीवन से तंग आ चुका हूं। एचआर मैनेजर की पहचान सुमित कोडिया हुई है।

# विश्वकप का फाइनल आज

## अहमदाबाद में पहुंच रहे देश-दुनिया के क्रिकेट प्रशंसक, रेलवे दिल्ली-मुंबई से स्पेशल ट्रेन चलाएगा





**अहमदाबाद**, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार दोपहर 2 बजे से भारत-ऑस्ट्रेलिया विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा। मैच देखने के लिए देश-दुनिया के प्रशंसक अहमदाबाद पहुंच रहे हैं। अहमदाबाद और करीबी शहरों के फाइव, थ्री स्टार और अन्य होटलों के रूम की मांग आसमान छू रही है। रविवार रात के लिए टॉप 5-स्टार होटलों के रूम का किराया 3 लाख रुपए तक पहुंच गया है। रेलवे ने दिल्ली और मुंबई से अहमदाबाद तक के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है।

**100 से ज्यादा चार्टर्ड प्लेन उतरेंगे**

शनिवार और रविवार को 100 से ज्यादा चार्टर्ड प्लेन अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरने का अनुमान है। अहमदाबाद हवाई अड्डे की कैपेसिटी 30-40 चार्टर्ड प्लेन की पार्किंग की है। ऐसे में कई प्लेन गांधीनगर और वडोदरा में पार्क होंगे। वहीं, वीवीआईपी के चार्टर्ड प्लेन को सूरत, राजकोट और वडोदरा में भी पार्किंग की सुविधा दी गई है।

**मैच से पहले होगा एयरशो**

मैच से पहले एयरफोर्स का एयरशो होगा। भारतीय वायु सेना की एरोबेटिक टीम सूर्यकिरण ने शुक्रवार और शनिवार को इसकी रिहर्सल की। मैच से पहले यह शो करीब 10 मिनट तक चलेगा।

**उड़ानों की संख्या भी बढ़ी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले इस हाईवोल्टेज मैच को देखने हजारों की संख्या में लोग अहमदाबाद पहुंच रहे हैं। क्रिकेट फैन्स की सहूलियत के लिए भारतीय रेलवे ने शनिवार को दिल्ली से अहमदाबाद के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। रेलवे ने शनिवार को बताया कि मैच के बाद ट्रेन देर रात 2:30 बजे अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना होंगी। ऐसी ही तीन ट्रेनें मुंबई-अहमदाबाद के बीच भी चलाई जा रही हैं। रेलवे के अलावा एयरलाइंस कंपनियों ने भी अहमदाबाद के लिए अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था की है। आमतौर पर शनिवार को मुंबई और अहमदाबाद के बीच रोजाना 15 से 20 उड़ानें होती हैं। मैच के चलते उड़ानों की संख्या 25 तक जा पहुंची है।

### रोहित ने गेंदबाजों की जमकर तारीफ की

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि गेंदबाजों ने अब तक शानदार काम किया है। हमारे गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को 300 के अंदर रोक कर बहुत अच्छा काम किया है। स्पिनर्स ने भी अब तक अच्छा काम किया है। वहीं, दूसरे हाफ में हमने लक्ष्य का बचाव किया है। शमी सिराज बुमराह को पता है कि उन्हें क्या करना है। स्पिनर्स को पता था कि मिडिल के ओवर में उन्हें विकेट चटकाना है। तो अब तक सबने अपने रोल को बखूबी निभाया है।

### रोहित व विराट के लिए खास प्लान: कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को आउट करने के लिए उनके पास खास प्लान है। हालांकि, उन्होंने यह बात स्वीकार की कि उन्हें शमी से बचकर रहना होगा। कमिंस ने कहा पिच काफी अच्छी लग रही है, टूर्नामेंट में पहले भी इसका इस्तेमाल किया जा चुका है। मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।

**प्रधानमंत्री मोदी भी रहेंगे मौजूद**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीफ इस मैच में चीफ गेस्ट होंगे। ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के अलावा गृहमंत्री अमित शाह और 8 राज्यों के मुख्यमंत्री समेत 100 वीवीआईपी भी स्टेडियम पहुंचेंगे। सेलेब्रिटीज और बॉलीवुड सितारों के अलावा दिग्गज कारोबारी भी मौजूद रहेंगे। इनमें मुकेश अंबानी, लक्ष्मी मित्तल, गौतम अडाणी, जिंदल ग्रुप जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

# उत्तरकाशी टनल में पांच जगहों से बचाव अभियान

**उत्तरकाशी**, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 12 नवंबर सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल का 60 मीटर का हिस्सा धंस गया। इसमें 41 मजदूर फंस गए। संभव है कि अंदर और भी मजदूर फंसे हों।

- टनल में 7 दिन से फंसे हुए हैं 41 मजदूर
- मशीन ले जाने के लिए सड़क बननी शुरू

प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने शनिवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि विशेषज्ञों ने एकमत होकर राय जताई है कि हम एकसाथ पांच योजनाओं पर काम करें। जिस तरफ से पहले लोगों तक पहुंच सकेंगे, उन्हें बचाया जाएगा। इस काम में मिलकर काम कर रहे हैं। हमारे पास टनल के अंदर जाने के लिए ज्यादा जगहें नहीं हैं, क्योंकि ज्यादातर टनल स्टील से कवर्ड हो चुकी है। जिस जगह से ड्रिलिंग होनी है, उसे चिह्नित कर लिया गया है। बीआरओ ने पहाड़ के ऊपर मशीन ले जाने के लिए सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है।



**अंदर फंसे के बीमार पड़ने का डर**

शनिवार को परिजनों ने बताया कि अब टनल में फंसे लोगों की आवाज कमजोर पड़ रही है। बात करते समय उन्हें सुनना मुश्किल हो रहा है। अंदर फंसे टनल कर्मचारी गब्बर सिंह के भाई आकाश सिंह कहा कहना था कि हमारा देश डिजिटल हो गया है। एक तरफ चंद्रयान मिशन लॉन्च किया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ हमारे लोगों को फंसे एक हफ्ता हो गया है। 41 लोगों की जरूरत का खाना अंदर भेजना भी संभव नहीं है, इसलिए फंसे हुए लोगों की तबीयत खराब होने की नई चुनौती सामने आ सकती है।

**आधुनिक तकनीक की ले रहे मदद : धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू पर पल पल अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ श्रमिकों के बचाव के लिए चल रहे रेस्क्यू कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं। सुरंग में फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए देश और दुनिया में ईजाद की गई आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है।

### उत्तर प्रदेश में हलाल उत्पादों पर प्रतिबंध आतंकी संगठनों को फंडिंग का आरोप

**लखनऊ ।** यूपी की योगी सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट से जुड़े फूड प्रोडक्ट पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का मानना है कि हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर अवैध कारोबार हो रहा है। यही नहीं, सर्टिफिकेशन से होने वाली अवैध कमाई से आतंकी संगठनों और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को फंडिंग की जा रही है इधर, लखनऊ के ऐशबाग के रहने वाले शैलेंद्र कुमार शर्मा ने हलाल सर्टिफिकेट के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इसमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई, जमीयत उलेमा मुंबई शामिल हैं।

# अब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा : सिंहदेव

## प्रदेश में दो-तिहाई बहुमत के साथ बनेगी कांग्रेस सरकार

**रायपुर**, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हुआ, मतदान के पहले से ही भाजपा और कांग्रेस अपनी-अपनी सरकार बनने का दावा कर रही है। इसी बीच प्रदेश के डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव का एक बड़ा बयान सामने आया है। डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव के इस बयान के सामने आने के बाद से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है।



डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि, अब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसका निर्वहन करते रहूंगा। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्रदेश का सीएम कौन होगा इस सवाल के जवाब पर टीएस सिंह देव ने कहा कि, प्रदेश का अगला सीएम कौन होगा यह हाईकमान तय करेगा। इसके साथ ही डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने कहा कि, प्रदेश में दो तिहाई बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## डीपफेक का मामला : प्रधानमंत्री की चिंता के बाद हरकत में आया मंत्रालय

# सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को चेताया

**नईदिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। डीपफेक के बढ़ते मामलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चिंता जताने के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय हरकत में आ गया है। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को चेतावनी दी गई है कि अगर वे डीपफेक को रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाते हैं तो सेफ हार्बर इम्यूनिटी क्लॉज के तहत संरक्षण नहीं मिलेगा, जिसका वे फिलहाल लाभ उठा रहे हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी व दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बारे में कहा कि सरकार ने हाल ही में डीपफेक मुद्दे पर सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस जारी किया था। उन्हें ऐसी सामग्री पर कार्रवाई करने के लिए और अधिक आक्रामक होना होगा। उन्होंने कहाकि यद्यपि कंपनियां कुछ कदम उठा रही हैं,लेकिन उन्हें लगता है कि यह नाकाफी है अभी और कई कदम उठाने होंगे।

**सरकार बुलाएगी जल्द बैठक**- वे जल्द ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ बैठक करके यह सुनिश्चत करेंगे कि प्लेटफॉर्म डीपफेक को रोकने और सस्टिम को साफ करने के लिए पर्याप्त प्रयास करें। हालांकि उन्होंने इसकी कोई आधिकारिक तिथि नहीं बताई,लेकिन माना जा रहा है कि यह बैठक अगले सप्ताह हों सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या बैठक में मेटा और गूगल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म को बुलाया जाएगा तो इस उनकी प्रतिक्रिया सकारात्मक रहीं और कहाकि डीपफेक लिए जिस किसी भी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल होता है।

# सीएम बघेल के पिता नंदकुमार बघेल की तबीयत चिंताजनक

रायपुर, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सीएम भपूेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल की तबियत खराब होने पर उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में नंदकुमार का बघेल का इलाज जारी है। आज सीएम बघेल अपने पिता से मिलने अस्पताल पहुंचे। सीएम ने एक्स कर लिखा है बाबूजी अस्वस्थ है चुनाव की गहमागहमी में उनसे मिलने अस्पताल भी नहीं आ पाया था। आज उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचा?। उनकी जीजीविषा मेरे लिए हमेशा प्रेरणा रही है।



श्री बालाजी हॉस्पिटल से मिली जानकारी के अनुसार सीएम बघेल के पिता नंदकुमार बघेल को ब्रेन और स्पाईन से सम्बंधित पुरानी बीमारी है तथा उसके साथ साथ उन्हें अनियंत्रित मधुमेह भी है । जिन्हे इलाज के लिए 21 अक्टूबर श्री बालाजी हॉस्पिटल मोवा रायपुर मे भर्ती कराया गया था, उनके दिमाग में खून का थक्का जमा था और उन्हें निमोनिया था, इसके साथ ही पुरे शरीर मे इन्फेक्शन फैला था जिसे सेप्टिसिमिया कहते है जिसकी वजह से नन्द कुमार को वेंटीलेटर की जरुरत पड़ी। अभी वे लगभग एक माह से बिस्तर में है, हालांकि उनकी बीमारी में इलाज के कारण अब थोड़ा सुधार आया है। हायर एंटीबायोटिक व फिजियोथेरेपी और नर्सिंग केयर की वजह से अब उन्हें व्हील चेयर में बैठा कर घुमाना शुरू किया गया है। ऑक्सीजन की ब्लड में मात्रा भी सामान्य हुई है और ऑक्सीजन की जरुरत भी कम हुई है। परन्तु अभी भी उनके शरीर में दाहिने भाग का लकवा है तथा बाया भाग पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है । उनकी तबीयत अभी गंभीर एवं चिंता जनक बनी हुई है।

## राजस्थान में खड़गे ने भाजपा को घेरा

# कांग्रेस की गारंटियों को कॉपी पेस्ट कर रही भाजपा



**जयपुर**, 18 नवम्बर (एजेंसियां) । कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, ने शनिवार को राजस्थान में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में उनकी पार्टी की चुनावी गारंटी को कॉपी-पेस्ट करने का असफल प्रयास किया है। खड़गे ने कहा, भाजपा के पास नियत और नीति नहीं है। कांग्रेस ने राजस्थान और अन्य राज्यों में गारंटी के रूप में दिया है। प्रधानमंत्री और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी जी और बीजेपी ने कई कोशिशों के बाद हमारी असली गारंटी की नकल करना बेहतर समझा। उन्होंने चुनाव से पहले जल्दबाजी और असफल तरीके से झूठा एजेंडा परोसने की कोशिश की। कांग्रेस जानती है कि कांग्रेस ने काम किया है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी सात गारंटी जमीनी स्तर तक पहुंचे। 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवंबर को पुनर्निर्धारित किया गया है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। शुक्रवार को, प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी रेगिस्तानी राज्य में दो सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया था, जबकि उनके भाई और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी ने एक दिन पहले तीन सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया था। कांग्रेस राजस्थान में लगातार दूसरा कार्यकाल चाह रही है, जहां हर पांच साल के बाद वैकल्पिक पार्टी सरकार की परंपरा है।

# चक्रवाती तूफान 'मिधिली' कमजोर पड़ा

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि चक्रवाती तूफान 'मिधिली' शनिवार को कमजोर होकर उत्तरी त्रिपुरा और आसपास के क्षेत्र में कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने आगे कहा कि मिधिली के उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ने और अगले छह घंटों के दौरान कम चिह्नित होने की संभावना है। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में मिजोरम और त्रिपुरा में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की भी भविष्यवाणी की है।



- उत्तरी त्रिपुरा के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र में बदला

आईएमडी ने कहा, शनिवार और 20 नवंबर के दौरान तमिलनाडु और केरल में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की भी संभावना है, जबकि 21 नवंबर के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश में और 22 नवंबर को तमिलनाडु में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने आगे कहा कि 18 से 22 नवंबर के दौरान इन उपरोक्त क्षेत्रों में छिटपुट गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इसने यह भी अनुमान लगाया कि शनिवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की उम्मीद है। आईएमडी ने घने कोहरे की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि शनिवार, रविवार के दौरान पूर्वी और दक्षिणी असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

## चिंतनीय — लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई जानकारी

# चर्चा के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा में निजी विधेयक सदस्य पेश तो कर देते हैं, लेकिन उस पर चर्चा कम ही होती है। आंकड़े बताते हैं कि अभी भी इस निचले सदन में 713 निजी विधेयक लंबित पड़े हैं। यह जानकारी लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई।**

*इनमें से कई विधेयक दंड प्रावधानों और चुनावी कानूनों में बदलाव से जुड़े हैं। इसमें से कई विधेयक मौजूदा लोकसभा के गठन के बाद जून 2019 में पेश किए गए थे। वहीं कुछ विधेयक इसी साल अगस्त में हुए मानसून सत्र के दौरान भी पेश किए गए। मालूम हो कि निजी वे विधेयक वे होते हैं, जो सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि सांसद अपनी निजी हैसियत से पेश करते हैं। ये विधेयक समान नागरिक संहिता लाने, लैंगिक समानता, जलवायु परिवर्तन, कृषि, मौजूदा आपराधिक तथा चुनावी कानूनों में संशोधन और संवैधानिक प्रावधानों में बदलाव जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि एक बार जब किसी निजी विधेयक पर बहस समाप्त हो जाती है तो संबंधित मंत्री उसमें हस्तक्षेप करते हुए सरकार का पक्ष और मत रखते हैं और संबंधित सदस्य से विधेयक वापस*



*लेने का अनुरोध भी करते हैं।*

***4 दिसम्बर से शुरू होगा शीतकालीन सत्र***

*पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के अगले ही दिन 4 दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा। चुनाव नतीजों से ही तय होगा कि लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में से कौन ज्यादा आक्रामक रुख अपनाता है। विपक्ष जिन मुद्दों को उछाल सकता है, उनमें जातीय जनगणना की मांग सबसे प्रमुख है। केंद्रीय एजेंसियों की कथित एकतरफा कार्रवाइयों के खिलाफ 'इंडिया' गठबंधन एकजुट है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा इस सत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भी बहस छेड़ना चाहेगी। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट सरकार को नहीं सौंपी है।*

# सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को किया गया सील

## मतदान पश्चात देर रात तक चलता रहा मशीनों को जमा करने का सिलसिला

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023**

- स्ट्रांग रूम की चौबीस घंटे कड़ी सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान तैनात






**रायगढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दूसरे चरण में 17 नवम्बर को जिले के 4 विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात देर रात तक गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज परिसर में ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के जमा करने का सिलसिला चलता रहा। तत्पश्चात आज चारों विधानसभाओं के मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक, सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री ससीम कुमार बरई, सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री सी.एन.लोंगफाई, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के लिए विधानसभा वार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज रायगढ़ में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। वहीं स्ट्रांग रूम की चौबीस घंटे सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए है। सभी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम सुरक्षा हेतु दरवाजे पर सुरक्षा बल के अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। सुरक्षा की मॉनिटरिंग हेतु कक्ष बनाए गए है। जहां से सभी स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है।

### 3 दिसम्बर को होगी मतगणना

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत 17 नवम्बर को हुए मतदान के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। जो आगामी 3 दिसम्बर को चारों विधानसभाओं के लिए मतगणना की जाएगी।

# अलग-अलग घटनाओं में कटनी-पेंड्रारोड रेल्वे ट्रैक पर दो शव मिले

## दोनो शव की शिनाक्त नही, जीआरपी व गोरेला पुलिस जॉच में जुटी



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 18 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में दो अलग-अलग जगहों पर दो अज्ञात लोगों के शव मिलने का मामला सामने आया है।। उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर मौत होने की आशंका है तो दूसरा शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिला है दोनों ही मामलों में जीआरपी और गौरेला पुलिस जांच में जुड़ गई है और शव को सुरक्षित जिला अस्पताल में रखवा दिया है।

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में दो अलग-अलग स्थान में दो अज्ञात लोगों का शव मिला है पहले शव उत्कल एक्सप्रेस से गिरकर अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई जिसके बाद घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी पेंड्रा रोड की टीम मौके पर पहुंचकर शव को जिला अस्पताल में रखवाया फिलहाल युवक की सिनाट्रा अब तक नहीं हो पाई है तो वहीं दूसरे मामले में पेंड्रा रोड से खोडरी रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिला ग्रामीणों की सूचना पर गौरेला पुलिस की टीम मौके पर जाकर सबको पंच नामा कार्यवाही करा कर जिला अस्पताल में सुरक्षित रखवाया है, दोनों ही मामलों में अब तक दोनों ही व्यक्तियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है ये कौन है कहां जा रहे थे कहा के रहने वाले है जानकारी नही लग पाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी आसपास के थाना क्षेत्र के साथ जीआरपी और आरपीएफ को दे दी है और दोनों ही शव के शिनाख्त में जुट गई है।

### जिला चिकित्सालय में फ्रीजर की कमी

रेलवे ट्रैक पर मिले दोनो शवों को पुलिस ने जिला चिकित्सालय में लाकर रखा ,जिला चिकित्सालय में फ्रीजर की कमी होने के कारण दोनों ही शव को एक ही फ्रीजर में रखा गया जिसके कारण शव की दुर्दशा देखने को मिली

# रायगढ़ में मतदाताओं ने की बंपर वोटिंग

## 90 विधानसभाओं में वोटिंग परसेंटेज के मामले में रायगढ़ की तीन विधानसभा टॉप टेन में

## रायगढ़ जिले में प्रदेश औसत से 7.66 प्रतिशत अधिक हुआ मतदान

- खरसिया तीसरे, धरमजयगढ़ पांचवें और लैलूंगा है छठे स्थान पर
- प्रदेश के 33 जिलों में रायगढ़ रहा दूसरे पायदान पर
- रायगढ़ जिले में हुआ 83.97 प्रतिशत मतदान, 76.31 रहा प्रदेश का मतदान प्रतिशत


**रायगढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। 17 नवंबर को रायगढ़ जिले में हुए वोटिंग में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रायगढ़ जिले की सभी विधानसभाओं में लोगों ने मतदान के प्रति जागरूकता और सजगता का परिचय देते हुए बंपर वोटिंग की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्रदेश के 90 विधानसभाओं के जारी आंकड़े के मुताबिक रायगढ़ जिले की तीन विधानसभाओं ने वोटिंग परसेंटेज के मामले में टॉप टेन में जगह बनाई है। जारी आंकड़ों के अनुसार जिले की खरसिया विधानसभा 86.67 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

वहीं धरमजयगढ़ 86 प्रतिशत के साथ पांचवें और लैलूंगा 85.52 प्रतिशत के साथ छठवें स्थान पर रहा ।जिलों के आंकड़े देखें तो प्रदेश के 33 जिलों में रायगढ़ ओवर ऑल वोटिंग में दूसरे स्थान पर रहा।

रायगढ़ जिले की चार विधानसभाओं को मिलाकर कुल 83.97 प्रतिशत वोटिंग परसेंटेज रहा। यह प्रदेश के औसत मतदान 76.31 प्रतिशत से 7.66 प्रतिशत अधिक है।

# जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, मतदान के प्रति लोगों में दिखा भारी उत्साह

## 83.97 रहा जिले का मतदान प्रतिशत





**रायगढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत आज जिले के सभी 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान समाप्ति के पश्चात कुल 83.97 रहा जिले का मतदान प्रतिशत। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में मतदान 85.52 प्रतिशत रहा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में मतदान 78.78 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में मतदान 86.67 प्रतिशत एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में मतदान 86.00 प्रतिशत रहा। इस तरह पूरे जिले के चारों विधान सभा में 83.97 प्रतिशत मतदान रहा।


**7 लाख 47 हजार 252 मतदाताओं ने किया मतदान**

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायगढ़ जिले के चारों विधानसभाओं में 7 लाख 47 हजार 252 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 3 लाख 70 हजार 843 पुरूष मतदाता, 3 लाख 76 हजार 397 महिला मतदाता एवं 12 थर्ड जेंडर शामिल हुए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में 01 लाख 74 हजार 798 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 86 हजार 337 पुरूष एवं 88 हजार 461 महिला मतदाता शामिल थे। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 2 लाख 2 हजार 742 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 01 लाख 1 हजार 778 पुरूष, 01 लाख 956 महिला मतदाता एवं 8 थर्ड जेंडर शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 1 लाख 86 हजार 764 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 93 हजार 270 पुरूष, 93 हजार 491 महिला मतदाता एवं 3 थर्ड जेंडर शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में 1 लाख 82 हजार 948 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 89 हजार 458 पुरूष, 93 हजार 489 महिला मतदाता एवं 1 थर्ड जेंडर शामिल थे।

### 2018 में 82.96 था मतदान प्रतिशत

विधानसभा आम निर्वाचन-2018 की बात करें तो उस समय जिले के चार विधानसभाओं में कुल 82.96 था मतदान प्रतिशत। जिसमें पुरूष मतदाता 82.84 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 83.10 प्रतिशत था। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में कुल 84.47 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 76.49 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 86.81 प्रतिशत तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में कुल 85.67 तथा मतदान प्रतिशत। इस लिहाज से 2023 में हुए विधानसभा आम निर्वाचन में मतदान में 1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

# भारत-आस्ट्रेलिया टी 20 मैच रायपुर में, बीसीसीआई की मुहर



**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबंधु)। रायपुरियंस के लिए एक अच्छी खबर हैण् खबर ये है कि अब उन्हें अपने शहर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एक और इंटरनेशनल मैच देखने को मिलेगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला की सार्थक पहल पर ये संभव हो गया है और यहां भारत आस्टेलिया 20 मैच होने को लेकर बीसीसीआई ने आधिकारिक पुष्टि भी कर दी है। उल्लेखनीय हैं कि टी20 का ये मैच भारत.ऑस्ट्रेलिया के बीच 1 दिसंबर को खेला जाएगा ये मुकाबला पहले नागपुर में होने वाला था छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी ने बताया कि 1 दिसंबर को नागपुर में होने वाला मैच अब रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा।

इसको लेकर हमने तैयारी शुरू कर दी है वहीं इसी सीरिज का एक मैच जो हैदराबाद में खेला जाने वाला था वह अब बेंगलुरु में होगा इसकी भी आधिकारिक पुष्टि हो गई है यह सीरिज 23 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच भारत में होगी इंटरनेशनल मैच की बात करें तो इससे पहले इस ग्राउंड में इंडिया.न्यूजीलैंड का टी.20 मैच हो चुका है।

**बेंगलुरु में होगा पांचवां टी20 मैच**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और अंतिम टी20 मैच हैदराबाद में खेला जाना था हालांकि हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने पुष्टि की है कि तेलंगाना सरकार विधानसभा चुनाव की मतगणना के चलते उस दिन मैच के लिए सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं है जिसके बाद इस मैच को बेंगलुरु में कराया जाएगा बता दें कि इस मैच के लिए कटक भी दावेदारी में था लेकिन कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ;ज्ञैब्द्ध पसंदीदा विकल्प हो सकता है

**शहीद वीरनारायण सिंह मैदान भारत का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम**

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, गुजरात 1.10 लाख और ईडन गार्डन, कोलकाता ;68 हजार, के बाद भारत का तीसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम है इसे भारत के सबसे खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियमों में से एक माना जाता है जिसमें खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं इस स्टेडियम में 65,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है

**स्टेडियम में खेले जा चुके हैं कई बड़े मैच**

रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह मैदान में साल 2013 में आईपीएल के दो मैच खेले गए थे इसके अलावा साल 2015 में दूसरी बार यहां आईपीएल व 2016 में घरेलू रणजी ट्रॉफी के मैच खेले गए थे इसके अलावा मुश्ताक अली टी.20 और टी.20 चैलेंजर ट्रॉफी के मैच भी खेले गए है।

# वर्ल्डकप की खुमारी ने बढ़ाया हवाई किराया

## रायपुर से अहमदाबाद के दाम 46 हजार रुपये बढ़े, दिल्ली की टिकटें भी 22 हजार पार




**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबंधु)। देशभर में इन दिनों क्रिकेट वर्ल्ड कप की खुमारी छाई हुई है और रविवार को भारत व आस्ट्रेलिया की टीम वर्ल्ड कप फइनल में भिड़ने वाला है। इस हाइ वोल्टेज मुकाबले को देखने रायपुर से भी काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी अहमदाबाद जा रहे है। इसका असर यह देखा जा रहा है कि रायपुर से दिल्ली फ्लाइट को फुल हो चुकी है और रायपुर से दिल्ली का हवाई किराया 22 से 28 हजार रुपये तक पहुंच चुका है। इसके साथ ही रायपुर से अहमदाबाद का हवाई किराया 55 हजार पहुंच गया है। ट्रैवल्स कारोबारियों का कहना है कि क्रिकेट के प्रति लोगों का जुनून ही इतना बढ़ गया है कि इतनी महंगी टिकट में भी लोग यात्रा कर रहे है। सामान्य दिनों में रायपुर से दिल्ली 6500 से 8500 रुपये और रायपुर से अहमदाबाद 8000.9000 रुपये रहता है। ट्रैवल्स कारोबारी कीर्ति व्यास ने कहा कि दिल्ली व अहमदाबाद की सारी फ्लाइटें फुल जा रही है इसके चलते ही हवाई किराया आसमान पर पहुंचा है। सोमवार से हवाई किराया सामान्य हो जाएगा।

**महंगा किराया देखकर नागपुर होते हुए दिल्ली जा रहे यात्री**

रायपुर से दिल्ली का इतना महंगा किराया के चलते बहुत से यात्रियों को तो टिकट ही नहीं मिल पाई और जिनको मिल रही थी उन्हें इतने महंगे में यात्रा करना सही नहीं लगा। इसके चलते उन्होंने रायपुर से दिल्ली की टिकट न लेकर नागपुर से दिल्ली की टिकट बुकिंग कराई और रायपुर से नागपुर की यात्रा टैक्सी में की। मालूम हो कि रायपुर से दिल्ली के लिए आठ उड़ानें चलती है इनमें से सात इंडिगो की उड़ान है तथा एक विस्तारा एयरलाइंस की है।

**हवाई किराए में इसका भी असर**

क्रिकेट वर्ल्ड कप के साथ ही शादी सीजन भी शुरू होने वाला है और इसके चलते लोगों की यात्राएं काफी बढ़ने लगी है। इसका असर ही हवाई किराए पर पड़ने लगा है। हवाई किराए के साथ ही अहमदाबाद में इन दिनों होटल रूम के किराए में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हो गई है। बताया जा रहा है कि वहां होटल किराया भी 25 से 30 हजार रुपये पहुंच गए है।

**बढ़ने लगे हवाई यात्री**

रायपुर विमानतल से हवाई यात्रियों की आवाजाही में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। बीते दस महीनों में रायपुर विमानतल से लगभग 20 लाख से ज्यादा हवाई यात्रियों की आवाजाही हुई है। नवंबर महीने के पंद्रह दिनों में ही लगभग एक लाक यात्रियों ने उड़ान भर ली है।

# मतदाताओं द्वारा मत का आंकलन कर परिणाम पर चर्चा

**तखतपुर** 18 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान समाप्त होने के बाद लोग अपने अपने हिसाब से मत का आंकलन कर परिणाम पर चर्चा कर रहे है और तीन दिसम्बर के मतगणना के दिन का इंतजार कर रहे है वहीं मतदान के बाद कई लोगों के बीच बाजी भी लगी हुई है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान सम्पन्न हो गया है और मतदाताओं ने अपने मतों को ईवीएम में कैद कर लिया है जो तीन दिसम्बर को बाहर आएगा। मतों को लेकर सभी अपने अपने दावे कर रहे है कोई जीतने की तो कोई सरकार की योजना का लाभ मिलने की बात कह रहा है। मतदान करने वाले सुबह धीरे धीरे पहुंच रहे थे परंतु जैसे ही दिन चढ़ता गया मतदान करने वालों की संख्या भी बढ़ोतरी हुई और लगभग 73 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिलासपुर जिले में शत प्रतिशत मतदान को लेकर तरह तरह के आयोजन कराए गए परंतु यह सभी खोखले साबित हुए इतने आयोजनों और प्रयास के बाद भी मतदान करने का प्रतिशत नही बढ़ पाया। विधानसभा तखतपुर में मतदान शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। अब लोगों को परिणाम का इंतजार है जो 3 दिसम्बर को सबके सामने आएगा।



# अल्ट्राटेक छत्तीसगढ़ में 1000 से अधिक ग्रामीणों को दे रही जल सुरक्षा

**रायपुर,** 18 नवंबर। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की छत्तीसगढ़ में स्थित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हिरमी सीमेंट वर्क्स ने एक सामुदायिक तालाब का जीर्णोद्धार करने में मदद की है, जिससे यूनिट के आसपास रहने वाले 1000 से अधिक ग्रामीणों को लाभ हुआ है। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के परसवानी गांव में स्थित यह तालाब गांव की जीवन रेखा है।

इसने पीने के पानी के स्रोत से लेकर खेती, पशुपालन और मछली पकड़ने जैसी ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा किया है। समय के साथ, तालाब का तट ढह गया, जिससे तालाब की जलधारण क्षमता में भारी कमी आई। परिणामस्वरूप, पिछले कुछ सालों से, विशेषकर गर्मियों में, ग्रामीणों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा था। तालाब की जल संग्रहण क्षमता 36,000 घन मीटर से बढ़कर 49,000 घन मीटर हो गयी है। पानी की साल भर की उपलब्धता से अब गाँव के 700 से अधिक किसान दोहरी बुआई (रबी और खरीफ फसल) का लाभ ले रहे हैं। इससे ग्रामीणों को पशुपालन और मछली पकड़ने जैसी अन्य कृषि-आधारित आजीविका अपनाने में भी लाभ हुआ है, जिससे वे अधिक आत्मनिर्भर बन गए हैं। अल्ट्राटेक, आदित्य बिड़ला सेंटर फॉर कम्युनिटी इनिशिएटिव्स एंड रूरल डेवलपमेंट के तत्वावधान में सामाजिक पहल करता है, जिसकी अध्यक्ष श्रीमती राजश्री बिड़ला हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

रायपुर मंडल में आय एवं लीज़िंग अनुबंध हेतु ई-नीलामी निम्नानुसार निर्धारित है :

| Sr. No. | Asset Description | Auction Date | Auction Time From | Auction Time To |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तिल्दा स्टेशन पर DDIS स्क्रीन लगाने हेतु निविदा | 23.11.2023 | 15:00 | 15:30 |
| 2 | भाटापारा स्टेशन पर DDIS स्क्रीन लगाने हेतु निविदा | 23.11.2023 | 15:00 | 15:40 |
| 3 | भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर DDIS स्क्रीन लगाने हेतु निविदा | 23.11.2023 | 15:00 | 15:50 |
| 4 | दल्ली राजहरा स्टेशन में दो पहिया पार्किंग हेतु निविदा | 23.11.2023 | 15:00 | 15:30 |
| 5 | भिलाई पावर हाउस स्टेशन में दो पहिया पार्किंग हेतु निविदा | 23.11.2023 | 15:00 | 15:40 |
| 6 | दुर्ग तितुर्दिह स्टेशन में दो पहिया पार्किंग हेतु निविदा | 23.11.2023 | 15:00 | 15:50 |
| 7 | रायपुर स्टेशन में दो पहिया तथा चार पहिया पार्किंग हेतु निविदा | 23.11.2023 | 15:00 | 16:00 |

सभी ई-नीलामी अधिसूचनाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर

PR/R/SR.DCM/FL/182 South East Central Railway @secrail

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी रायगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय महंत आ. सुन्दर दास महंत, उम्र-25 वर्ष, जाति- पनिका, स्थायी निवासी-अमली गली, गोबरा चुरतेला, थाना व तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.) हा.मु. राजीव नगर रायगढ़, थाना कोतरा रोड़ रायगढ़, तह. व जिला रायगढ़ एवं आवेदिका इंदू सिंह आ. राजेन्द्र, उम्र 20 वर्ष, जाति-गोड़, निवासी- हरनमुड़ी, पो. बक्साही, तहसील व थाना- पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.11.2023 को 03:00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष के विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/ उजर करना हो तो वे निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ उजर पर सुनवाई नहीं की जायेगी।

आज दिनांक 11-10-2013 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

सील

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)

# देश

उवाच



"जम्मू-कश्मीर में चुनाव बिना किसी देरी के होने चाहिए, क्योंकि लोग केवल चुनावी लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं और इसका दुनिया में अब तक कोई विकल्प नहीं है। लोग रोजमर्रा के मुद्दों के लिए अपने प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।

–गुलाम नबी आजाद,जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27° | 15° |
| मुंबई | 32° | 26° |
| कोलकाता | 26° | 2[illegible] |
| चेन्नई | 29° | 28° |

# केंद्र ने देश में किया महंगाई बढ़ाने का काम : कांग्रेस

**अजमेर,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। सभी राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव में जीत के लिए दम लगाया जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस के सभी दिग्गज केंद्रीय नेता पार्टी की मदद के लिए राजस्थान में पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शनिवार को अजमेर के किशनगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान

- **राजस्थान के किशनगढ़ में मोदी सरकार पर बोला जमकर हमला**
- **राजस्थान में शासन करने के लिए बेताव दिख रही है भाजपा**

उन्होंने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी विकास चौधरी को जिताने की अपील की। भाषण के दौरान पायलट ने भाजपा और केंद्र मोदी सरकार पर भी जमकर हमला बोला। पायलट ने कहा कि 10 साल से केंद्र की भाजपा सरकार ने सिर्फ महंगाई बढ़ाने का काम किया है। गरीब और अमीर के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। पेट्रोल और डीजल के दाम देसी घी से ज्यादा हैं। गैस सिलेंडर 1100-1200 रुपए में मिल रहा है। हवाई अड्डे, रेलवे और



**हवाई अड्डे, रेलवे व बिजलीघर समेत अन्य चीजें औने-पौने दामों में अपने लोगों को बेचे : सचिन पायलट**

बिजलीघर समेत अन्य चीजें औने-पौने दामों में अपने दो-पांच लोगों को बेच दिए हैं।

**भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं**

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा राजस्थान में शासन करने के लिए बेताव दिख रही है, पहले वे अपने सरकार के कार्यकाल में हुए काम तो दिखाएं। सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा नेता डलब इंजन की सरकार की बात करते हैं। हिमालच और कर्नाटक में भाजपा का एक-एक इंजन सीज हो गया था। जो नेता यहां मंडरा रहे हैं, वो वहां भी खूब प्रचार कर रहे थे। लेकिन, जीत कांग्रेस पार्टी की हुई। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप 25 नवंबर को कांग्रेस का बटन दबाओ, अगले साल दिल्ली वाला इंजन भी सीज कर देंगे। सभा को संबोधित करते हुए पायलट ने भाजपा पर तुष्टीकरण का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास मुद्दा नहीं है। वे सिर्फ हिंदू-मुस्लमान, मंदिर-मस्जिज और हिंदुस्तान-पाकिस्तान की बात करते हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी राजस्थान के चुनावी समर में आने वाले दिनों में 9 और सभाएं करेंगे। इसके साथ ही पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे भी तय कर दिए हैं। राजस्थान के विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के दौरे तेज हो रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को राजस्थान में तीन रैलियां संबोधित की थी। अब पार्टी ने उनकी नौ सभाएं और तय की हैं। कांग्रेस राहुल गांधी के रोड शो को लेकर भी प्लान बना रही है, लेकिन अभी तक राहुल के रोड शो को लेकर कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। राहुल गांधी सबसे पहले 19 नवम्बर को बूंदी, दौसा और सीकर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद 21 नवम्बर को वल्लभनगर, आकोली (जालौर) और बायतू (बाड़मेर) में चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## कांग्रेस ने दो बागी उम्मीदवारों को छह साल के लिए पार्टी से किया निष्कासित

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के विरूद्ध चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस नेताओं तथा पार्टी द्वारा जारी चेतावनी के बावजूद अधिकृत प्रत्याशाी के पक्ष में रिटायर ना होकर चुनाव लड़ने वाले दो बागी उम्मीदवारों को पार्टी ने छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने पार्टी के ऐसे बागी प्रत्याशियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए तुरन्त प्रभाव से पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित करने के आदेश जारी किए है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध बागी होकर चुनाव लड़ रहे विधानसभा क्षेत्र ब्यावर से मनोज चौहान तथा जैतारण से पूर्व विधायक दिलीप चौधरी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया है।

# तेलंगाना में सत्ता में आने पर कराएंगे मुफ्त में अयोध्या दर्शन : अमित शाह

**हैदराबाद,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को वादा किया कि अगर भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आई तो अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन मुफ्त होंगे। अमित शाह ने गडवाल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों से भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया और वादा किया कि वह उन्हें मुफ्त में दर्शन के लिए अयोध्या भेजेगी। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर के निर्माण में 70 साल की देरी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल आधारशिला रखी बल्कि वह 22 जनवरी को इसका उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने दोहराया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो पिछड़ा वर्ग (बीसी) से किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाएगी। बीसी राज्य की आबादी का 52 प्रतिशत हैं और 135 बीसी समुदाय हैं, इसके बावजूद कोई बीसी मुख्यमंत्री नहीं था। बीआरएस और कांग्रेस दोनों पर टिकट देने में अन्याय का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने बीसी को सबसे ज्यादा टिकट दिए हैं। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र



मोदी के रूप में भाजपा ने भारत को पहला बीसी प्रधानमंत्री दिया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना की बीआरएस सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने बीआरएस को भ्रष्टाचार रिश्वत समिति करार दिया। आरोप लगाया कि बीआरएस शासन के दौरान कई घोटाले हुए हैं। कांग्रेस ने 2004 से 2014 तक संयुक्त आंध्र प्रदेश के लिए 2 लाख रुपये आवंटित किए, उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अकेले तेलंगाना को 2.50 लाख करोड़ रुपए दिए। शाह ने कहा कि केसीआर की सरकार में युवाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हुई है।

**बीआरएस सरकार को बताया देश की सबसे भ्रष्ट सरकार**

## मोदी सरकार में पिछड़ा वर्ग से 27 मंत्री

केसीआर के दलित को तेलंगाना का मुख्यमंत्री बनाने के वादे को याद कराते हुए कहा कि केसीआर दो बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं और अब वह केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में बीसी से 27 मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों बीसी विरोधी हैं। केवल भाजपा ही बीसी का कल्याण सुनिश्चित कर सकती है। तेलंगाना में आने वाला चुनाव पांच साल के लिए तेलंगाना का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को तय करना चाहिए कि वे डबल इंजन विकास चाहते हैं या केसीआर के झूठे वादे। आरोप लगाया कि केसीआर ने झूठे वादे करने में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। मैं तेलंगाना के लोगों, विशेषकर युवाओं को बताना चाहता हूं कि बीआरएस को वीआरएस देने का समय आ गया है।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश विस चुनाव में वोट देने में भोपाल पिछड़ा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान देर रात तक सामने आए आकड़ों के अनुसार 76 प्रतिशत से अधिक रिकार्ड मतदान हुआ है। राजधानी भोपाल में जहां मात्र 66 फीसदी मतदान दर्ज हुआ, वहीं बालाघाट जैसे नक्सली और आदिवासी इलाके में 85 फीसदी से ज्यादा मतदान ने इस जिले को सुर्खियों में ला दिया। आदिवासी क्षेत्र मंडला और डिंडोरी में भी लगभग 83 फीसदी मतदान दर्ज हुआ।

### राजस्थान में बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में 54 हजार से अधिक बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर बैठे मतदान कर चुके हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 8 वर्ष उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 4 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। बुधवार से शुरू हुई होम वोटिंग में शुक्रवार तक प्रदेश भर में 54 हजार 215 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में मंगलवार को होम वोटिंग के पहले दिन 9,687 बुजुर्ग तथा 2,655 दिव्यांग, बुधवार को 1,354 बुजुर्ग एवं 271 दिव्यांग, गुरूवार को 14,311 बुजुर्ग एवं 3123 दिव्याग एवं शुक्रवार को 1,87 मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया।

### छत्तीसगढ़ में शहरी इलाके मतदान में रहे फिसड्डी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विस चुनावों के दूसरे एवं आखिरी चरण में 75 फीसदी से अधिक प्रतिशत मतदान हुआ। शहरी इलाके चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बाद भी मतदान में फिसड्डी रहे जबकि आदिवासी एवं ग्रामीण इलाकों में जमकर वोटिंग हुई और 21 विधानसभा क्षेत्रों में तो यह 8 प्रतिशत पार कर गई। देर रात जारी अंतिम आकड़ों के अनुसार हालांकि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले वोटिंग लगभग एक प्रतिशत कम हुई है। पिछली बार दूसरे चरण की 72 सीटों पर हुए मतदान का प्रतिशत 76.62 था।

### केसीआर से डरे हुए हैं दोनों राष्ट्रीय दल : राव

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने शनिवार को भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों राष्ट्रीय दल केसीआर से डरे हुए हैं। उन्हें लगता है कि अगर वह तेलंगाना में जीत जाते हैं, तो वह महाराष्ट्र आएंगे और बांसुरी बजाएंगे। महाराष्ट्र में 15 पंचायतों ने प्रस्ताव पारित कर उन्हें तेलंगाना में मिलाने का अनुरोध किया।

# तेलंगाना कांग्रेस ने केसीआर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**हैदराबाद,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष जी निरंजन ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार के समक्ष मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। निरंजन ने सीईसी को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री केसीआर ने शुक्रवार को वारंगल जिले के परकाला में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं जिसमें उन्होंने कांग्रेस को 'धोखेबाजी पार्टी' (धोखेबाज पार्टी) करार दिया था। पत्र की एक प्रति मीडिया को भी जारी की गई है।



उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस विश्व स्तर पर सबसे पुरानी पार्टी है, जिसने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और तेलंगाना को राज्य का दर्जा दिया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया कि मुख्यमंत्री के रूप में राव ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।शिकायत में एक अन्य उदाहरण पर भी प्रकाश डाला गया जहां वित्त और स्वास्थ्य मंत्री ने कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र को '420 घोषणापत्र' के रूप में संदर्भित किया, जिसके बारे में निरंजन ने तर्क दिया कि यह आदर्श आचार संहिता के भी खिलाफ है। पत्र में आदर्श आचार संहिता पर निर्देशों के सार-संग्रह के प्रासंगिक खंडों का हवाला दिया गया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि राजनीतिक दलों को मौजूदा मतभेदों को नहीं बढ़ाना चाहिए या आपसी नफरत पैदा नहीं करनी चाहिए।

# मप्र में प्रत्याशियों की किस्मत स्ट्रांग रूम में कैद

**उज्जैन,**18 नवम्बर (एजेंसियां)। मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने का काम पूरी रात चला रहा और वोटिंग मशीन, जहां रखी है उन स्ट्रांग रूम को सील करने में सुबह हो गई। जिले का मतदान वैसे तो शुक्रवार को 6 बजे निपट गया था, लेकिन उसके बाद मतदान अधिकारियों मतदान की संख्या एवं पत्र देने में रात 9 बज गए। इसके बाद इंजीनियरिंग कॉलेज में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने के लिए दल पहुंचना शुरू हो गए। जिस प्रकार से हर टेबल पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वितरण की गई थी। उसी प्रकार हर टेबल से ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं अन्य सामग्री जमा कराई गई। सबसे पहले उज्जैन उत्तर की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा हुई, क्योंकि यह शहर का सबसे पास वाला इलाका है। रात 3:30 बजे तक सभी दलों से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा कर ली गई थी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने के बाद सभी मशीनों को विधानसभा वार स्ट्रांग रूम में रखवाने का काम शुरू



- **शनिवार सुबह तक चला ईवीएम जमा करने का काम**
- **सबसे पहले उज्जैन उत्तर का स्ट्रांग रूम हुआ सील**

हुआ। सबसे पहले उज्जैन उत्तर का स्ट्रांग रूम सील हुआ और सबसे आखिरी में शनिवार सुबह तराना विधानसभा का स्ट्रांग रूम सील किया गया। स्ट्रांग रूम सील करने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर और उनकी टीम तथा निर्वाचन कार्यालय की टीम ने स्क्रूटनी का काम शुरू कर दिया है। उप जिला जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह कवचे ने बताया दोपहर एक बजे तक स्क्रूटनी का काम चलेगा। वहीं मालवा निमाड़ में भाजपा और कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली कुछ सीटों पर भी बंपर वोटिंग ने उम्मीदवारों को चौकाया है। अब वे इस गुणा भाग में जुटे हैं कि बढ़ा हुआ वोटिंग प्रतिशत किसके पक्ष में रहेगा और कौन सी लहर ने काम किया, लेकिन मालवा निमाड़ की चार सीटों पर जिलों में सबसे कम वोटिंग हुई है। इन चारों सीटों पर दोनों दलों ने अपने विधायकों को दोबारा चुनाव लड़ाया है। इंदौर की दो नंबर विधानसभा में जिले में सबसे कम वोटिंग से भी चुनावी विशेषज्ञ अश्चर्य में है। यहां से तीन बार लगातार चुनाव जीते विधायक रमेश मेंदोला प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों का रिकार्ड भी बना चुके है, लेकिन इस बार इतना 67 प्रतिशत ही मतदान रहा। इसके अलावा धार जिले की गंधवानी सीट पर भी धार जिले में सबसे कम मतदान 73 प्रतिशत रहा। इस सीट से लगातार कांग्रेस विधायक उमंग सिंगार चुनाव जीतते रहे है। इस जिले की दूसरी सीटों पर 75 से लेकर 83 प्रतिशत तक मतदान हुआ है।

रतलाम सिटी में भी जिले में सबसे कम वोटिंग हुई है। यहां 73 प्रतिशत मत पड़े, जबकि जिले के दूसरे विधानासभा क्षेत्रों में 80 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले गए। मालवा निमाड़ के सबसे धनवान विधायक चैतन्य कश्यप रतलाम सीट से दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े हैं। इसके अलावा देवास विधानसभा में भी जिले में सबसे कम 74 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस सीट पर गायत्री राजे पंवार को तीसरी बार भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।

## ईवीएम की सुरक्षा में पुलिस व गार्ड तैनात

सभी विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सभी दलों के प्रतिनिधियों के सामने अंदर रखी गई और स्ट्रांग रूम पर सील लगाई गई तथा वहां पुलिस सुरक्षा और गार्ड भी लगाए गए हैं। अब सील तीन दिसंबर को मतगणना के दिन ही खोली जाएगी। कब तक कड़ी सुरक्षा के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन रहेगी।

# लोस चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में भाजपा खेलेगी हिंदुत्व कार्ड

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने पश्चिम बंगाल को लेकर अपनी नई चुनावी रणनीति तैयार की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद मोर्चा संभालने जा रहे हैं। इस साल के आखिर में 24 दिसम्बर को भाजपा सूबे में गीता पाठ समारोह का आयोजन करने जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भी कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में गीता पाठ करते नजर आएंगे। माना जा रहा है कि ममता बनर्जी के गढ़ में सेंध लगाने के लिए भाजपा इस बार हिंदुत्व का बड़ा कार्ड खेलने जा रही है।

- **प्रधानमंत्री पढ़ेंगे गीता**

लोकसभा चुनाव से पहले गीता पाठ का आयोजन राजनीतिक रूप से अहम संकेत माना जा रहा है। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा की 42 सीटे हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा 18 सीटों को जीतनें में कामयाब रही थी। हालांकि 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा अपना वह प्रदर्शन जारी नहीं रख पाई थी। उल्लेखनीय है कि इंडिया गठबंधन के वजूद में आने के बावजूद पश्चिम बंगाल में इसके परवान चढने की संभावना बेहद कम है। क्योकि ममता की गंभीर अनबन वामदलों व कांग्रेस के साथ है। ऐस में माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा का मुकाबला सीधे टीएसमी के साथ होगा।

## 34 सीटों को जीतने का किया लक्ष्य तय

अबकी बार अमित शाह की अगुवाई में बनाई गई नई रणनीति के तहत पार्टी ने पश्चिम बंगाल में 34 सीटों को जीतने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उसे ममता के हिंदू वोट बैंक को भेदना बेहद जरूरी होगा। इसलिए माना जा रहा है कि भाजपा हिंदुत्व के नए एजेंडे को पश्चिम बंगाल में आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है। बता दें कि सूबे में मुस्लिम समुदाय की 32 फीसदी आबादी है,जो पूरी तरह से टीएमसी और ममता बजर्नी के साथ जुडी है। ऐसे में भाजपा का फोकस हिंदू और आदिवासियों को साधने पर है।

# राजस्थान में 76 हजार 740 मतदान कार्मिकों ने डाले वोट

**जयपुर,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों में अब तक 76 हजार 740 मतदाताओं ने सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर डाक मतपत्र से अपना मतदान कर चुके है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस सुविधा के तहत शुक्रवार को 42055 मतदान कार्मिकों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं अन्य जिलों में चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर 24 नवम्बर तक विभिन्न दिवसों पर मतदान किया जा सकेगा। गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि यह सुविधा केंद्रों के अतिरिक्त प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी स्वयं के कार्यालय में एक सुविधा केंद्र 22 से 24 नवम्बर तक स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

# बालोद में 2018 के अपेक्षा 2023 के चुनाव में हुआ अधिक मतदान

**बालोद,**18 नवम्बर (एजेंसियां)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बालोद जिले में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से जिले में इस बार पिछले विधानसभा निर्वाचन से मतदान में बढ़ोतरी हुई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने पर जिले के सभी मतदाताओं, आम नागरिकों एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2018 में जिले में मतदान का प्रतिशत 82.43 प्रतिशत था, जो कि इस वर्ष विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी करते हुए 83.51 प्रतिशत मतदान हुआ है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 83.51 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें संजारी-बालोद विधानसभा में 84.83 प्रतिशत, डौंडीलोहारा विधानसभा में 81.89 प्रतिशत तथा गुंडरदेही विधानसभा में 83.76 प्रतिशत मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वृहद रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से जिले के मतदाताओं एवं आम नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए, उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। जिले में सभी वर्गों के मतदाताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी बधाई**

चुनाव | *मध्य प्रदेश की सीहोर विधानसभा में ग्रामीण मतदाताओं ने दिखवाया उत्साह*

# मतदान में वरखेड़ा खरेट बना अव्वल, 95 प्रतिशत ने डाले वोट

**सिहोर,18 नवम्बर (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव का मतदान होने के साथ ही चुनावी हलचल थम गई है। जिले में 8 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। अब चुनाव नतीजे आने के बाद पता चलेगा कि किस दल के प्रत्याशियों की तरफ मतदाताओं का मत अधिक पड़ा और कौन से दल का प्रत्याशी बेहतर स्थिति में है। सीहोर विस की बात करें।**

तो यहां के वरखेड़ा खरेट मतदान केंद्र क्रमांक 102 के मतदाताओं ने मतदान करने में सबसे ज्यादा जागरूकता दिखाई। यहां सीहोर विधानसभा का सबसे ज्यादा 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा। यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए। 17 नवम्बर को चुनाव मतदान होने के बाद जिले के 39 प्रत्याशी और उनके



- **मतदान होने के बाद चौक-चौराहों पर चुनावी चर्चाओं का दौर शुरू**

समर्थक विभिन्न पोलिंगों पर हुए मतदान को लेकर डाले गए वोट का मंथन के साथ जीत हार का गणित लगाते रहे। वहीं, अनेक प्रत्याशियों ने चुनाव मतदान होने के बाद पिछले करीब दो सप्ताह से चली आ रही चुनावी थकान को मिटाया। इसके साथ ही अब चुनावी चर्चाएं प्रत्याशियों के कार्यालयों के अलावा चौक-चौराहों और पान की दुकानों पर होने लगी है। आखिर ऊंट किस करवट बैठेगा। हालांकि दोनों दलों के प्रत्याशी और समर्थक अपने-अपने दलों के नेताओं को विजयी श्री का गुण गा रहे हैं और जीत के दावे कर रहे हैं। सीहोर विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो सीहोर विधानसभा में ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहा। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत 80 प्रतिशत से अधिक रहा। वहीं, शहरी क्षेत्र के एक मतदान केंद्र का प्रतिशत 54.83 तक नीचे रहा। सीहोर विधानसभा में सबसे अधिक मतदान केन्द्र क्रमांक 102 वरखेड़ा खरेट का रहा। यहां सीहोर विस का सबसे ज्यादा 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 565 वोटरों में से 538 ने मतदान किया, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा।

यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए। यहां कुल वोटर 642 में से 352 ने मतदान किया। वहीं राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो इस बार कटनी में बढ़े मतदान प्रतिशत का रोल निभाने वाली महिलाएं हैं, जिन्होंने 75.05 प्रतिशत मतदान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति देने का बेहतर कार्य किया है। जो पुरुषों से 0.5 प्रतिशत ही कम था। क्योंकि इस तरह से 76 प्रतिशत पुरुषों का मतदान रेसियो शामिल है। बात करे थर्ड जेंडर की इस बार इन्होंने 46.15 लोगों ने वोटिंग कर चौंका दिया, जो काफी ज्यादा माना जा रहा है। देखना यह है आने वाले तीन दिसंबर को ये वोटिंग किसका भाग्य उदय करेगी।

मड़ई
4
बिलासपुर, रविवार 19 नवम्बर 2023

### हाना

दिनभर एती-तेती रात के जावंव कोती।
दिनभर समय व्यतीत करने वाला व्यक्ति। कुसमय में काम करने की सोचता है तो यह कहावत कही जाती है।

### शब्द अरथ

1.चुरकी-छोटी टोकरी
2. चुरचुटिया-गवार फल्ली एक सब्जी
3. चुरचुरई- मिर्च से होने वाली जलन
4.चुरचुर ले- पूरी तरह, अच्छी तरह स्वादिष्ट, चूर्ण जैसा
5. चुरचुरहा- मिर्च युक्त, चटपटा
6. चुरचुराना- तीखा लगना
7. चुरचुराल- मिर्च लगने से होने वाली जलन या तीखा लगना
8. चुरचुरासी- मिर्च के कारण होने वाली जलन होने वाली क्रिया
9. चुरचुरैया- चुरचुराने वाला, तीखा लगने के कारण होने वाली क्रिया
10. चूरन- चूर्ण।

## मतदाता के दुविधा

आज भी मतदाता आखरी तक सोचत रहिथे के ओ ह वोट कोन ल देवय। सबले पहिली मनखे ह अपन जात सगा बर सोचथे। बाद म दूसर बर। जब दूसर बर सोचथे तब ये देखथे के ओ पार्टी के मन का-का जिनिस बांटत हावय त जिनिस देख के वोट देथें। कई झन मन पार्टी देख के वोट देथे त कोनों मन मनखे ल देख के वोट देथे। उही कारण ले कई बेर क्षेत्रीय पार्टी मन घलो जीत जथें। लालच देखाये के सबो पार्टी मन म प्रचार चलत रहिथे।

जेन ह फोकट के पइसा चाउर दिही ओखर पलड़ा भारी परथे। अब तो सब कर्ज माफी करे के प्रचार होवत हे। जब भी सत्ता बदले के बैरंग आथे तब जानबूझ के लोगन मन कर्ज चढ़ा के रखथे। पता हे कोई भी पार्टी आही कर्जा तो माफी होही तब बिजली के बिल घलो आधा हो जही। धान के भाव सौ-दू सौ ज्यादा देय के प्रचार होवत हावय। ये सब म किसान, ग्रामीण क्षेत्र के मनखे मन भटक जथें। गांव के जनता अपन फायदा ल देखथे। शहरी क्षेत्र के मनखे जरूर चिंतन करथे के क्षेत्रीय आना चाही या फेर केंद्र के पार्टी होना चाही? कई जगह बइठ के चर्चा होथे के हमर मन के का फायदा हे। बिजली के संग गैस सिलेंडर म आगी लगगे हावय।

ये सब ले अलग कुछ मनखे मन देश बर ही सोचथे। केंद्र का करत हे? कतका फायदा अउ कतका नुकसान हावय येला सोचथं। मापतौल चलत रहिथे। तीन भाग म बटाये हावय येखर अलावा एक अउ समूह हावय जेखर डाहर प्रतिभागी मन के ज्यादा ध्यान रहिथे। येमन शराब, पइसा, दारु, कपड़ा अउ मुर्गा-मटन के रास्ता देखथें। रात तक येखर डाहर लोगनमन भिड़े रहिथें। येमन तो ये सब के कारण वोट देथें। फेर शिक्षित मनखे ये सब ले दूरिहा रहिथे। उही सोचथे के कोन ल वोट देना हे, कोन सही रहिही। येखर ले देश सुरक्षित रहिही। देश के विकास जरूरी हावय। देश कल विदेशी ताकत ले बचाना जरूरी हावय।

कब तक हमन मुफ्त के जिनिस म उलझे रहिबो। ये सब मत लेय के तरीका आये। मत लो अउ जीत के अपन मतलब निकालो। हमेशा हमला अइसना चुनाव करना चाही जेखर ले देश मजबूत होवय। चुनाव तो होगे हावय फेर ये समय म जागृति दिखे हावय। लोगन मन देश कै विकास बर सोचत हावंय। धीरे-धीरे मुर्गा, साड़ी, पइसा लेने वाला मन के संख्या घटत हावय। ये समय के चुनाव के रिजल्ट ऊपर सब के नजर हावय काबर के क्षेत्रीय पार्टी भी उतरगे हावय।

**सुधा वर्मा**

## माते हे देवारी

सुन संगी सुन ग संगवारी
घर म चुरत हे बरा-सोंहारी
रांधत हे बहिनी महतारी
चारो कोती माते हे देवारी।

नान्हे लइका मारत हे किलकारी
झूम के नाचय मोर चंदा पियारी
राऊत मन नाचे आय हे दुवारी
चारो कोती माते हे देवारी।

मोहल्ला के मनखे होगे जुवारी
इही हमर समाज के बीमारी
दाई ददा करा मारत हे लबारी
चारो कोती माते हे देवारी।

दारू पियत हे कका बनवारी
लात मारत हे अपन सुवारी
उजरत हे ओकर फुलवारी
चारो कोती माते हे देवारी।

सुवा नाचत हे घर घर दुवारी
भाईदूज मनात हे बहिनी दुलारी
इही हमर संस्कृति के चिन्हारी
चारो कोती माते हे देवारी।

हँसी खुसी मनाव सब देवारी
जुरमिल के नाचव ग इतवारी
झन मारव फोकट हुसियारी
चारो कोती माते हे देवारी।।

**देव हीरा लहरी**
**चंदखुरी फार्म रायपुर**

# भगवान विष्णु स्वरूप सालिगराम और माता तुलसी के विशेष पूजा के पर्व एकादशी

कार्तिक अमावाश्या के ठीक ग्यारहवें दिन एकादशी का पर्व आता है जिसे देवउठनी एकादशी पर्व के रूप में जाना जाता है। हमारे हिन्दू धर्म ग्रंथों में ये उल्लेख हावय कि देवउठनी पर्व के सम्पन्न होय के बाद हिन्दुओं के देवों का जागरण हो जाता है। इस प्रकार से देव जागरण के बाद हिन्दुओं के सब शुभ कारज शुरू हो जाथे सगाई, शादी, मुंडन, गृह प्रवेश, शिलान्यास, उद्घाटन या फिर कोई धार्मिक पूजा-पाठ, साधना-आराधना, स्तुति। इस शुभ पर्व एकादशी ग्यारस पर्व के नाम से भी जाना जाता है। इसी ग्यारस के शुभ अवसर पर तुलसी विवाह सम्पन्न करो जाथे। तुलसी विवाह समन्न करे के कुछ विधान होथे। जिसको हमारे हिंदू वर्ग बहुत सुंदर ढंग ले विधि-विधान के संग सम्पन्न करथे। इही दिन बिहनिया ले स्नान ध्यान करके तुलसी चौरा के तीर गौ माता के पवित्र गोबर ले लिपाई करके चाउर के आटा ले सुंदर चउक पूरे जाथे, एकर बाद फेर तुलसी चौरा के चारो तरफ गन्ना लान के ओकर ऊपर मंडप सजाथे अउ फेर भगवान विष्णु स्वरूप सालिग राम के पूजा अर्चना करे जाथे ये प्रकार ले तुलसी के विवाह सम्पन्न होथे।

ग्यारस एकादशी के छोटे दिवारी के रूप म मनाए जाथे। फटाखा,फुलझड़ी अउ दीया जलाए जाथे। इही एकादशी ले देवमन के जागरण काल होय ले देवों से यह प्रार्थना करे जाथे के घर परिवार में होने वाले भविष्य के सब मांगलिक और धार्मिक शुभ कारज निर्विघ्न समन्न होवय।

एकादशी के दिन व्रत-उपास, पूजा-पाठ के विशेष महत्व हावय। ये दिन बड़े बुजुर्ग सहित माइलोगिन मन उपास व्रत रखथे। भगवान विष्णु के भजन पूजन करथे अउ एक उत्सव के रूप में मनाथें।



एकादशी के देव-प्रबोधनी एकादशी के रूप में भी माने जाथे अउ भगवान विष्णु के पूजा करत ओकर स्वरूप सालिगराम और माता तुलसी के विवाह सम्पन्न करे जाथे। अइसे मान्यता हावय कि इसी अवसर पर भगवान विष्णु क्षीरसागर की शैया से जागरण करते हैं। ऐसे पावन अवसर को जानकर भक्तगण साधक, उपासक उनकी पूजा अर्चना कर उनका विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए उन्हे नाना प्रकार के पवित्र द्रव्य धूप-दीप, पुष्प श्री फल, प्रसाद मौसमी फल सेव, केला, आंवला,सिंघाड़ा, और मीठ पकवान के भोग लगाए जाथे।

कार्तिक एकादशी मनाय के पाछू बहुत सुंदर कथा हावय। कथा के अनुसार जालंधर नाव के एक महान प्रतापी राजा होय रहिस जेन असुर कुल में जन्म लेय रहिस जेन बहुत अत्याचारी रहिस। अत्याचारी असुर के नाश करे बर लिए भगवान विष्णु ओला मारे के उपाय सोंचथे अउ असुर संग विष्णु के बीच घोर युद्ध होथे।

जालंधर के पत्नी तुलसी महान पतिव्रता रहिस। तेकर सेती भगवान विष्णु ओकर ले परास्त नहीं कर पाइस। ओला परास्त करे बर भगवान ह कुछ युक्ति करके जालंधर के रूप धारण कर तुलसी के सतित्व भंग करिस और जालंधर ल परास्त करिस। एखर जानकारी होय के बाद तुलसी माता ह भगवान विष्णु ल पथरा होय के श्राप दे दिस। ओकर बाद भगवान ने तुलसी के पीरा ल दूर करे बर कहिस के, वो स्वयं ओ पथरा के रूप में सालिगराम के संग तोरो पूजा करे जाही अउ भगवान ने इहू कहिस के एकादशी के दिन सालिगराम-तुलसी अउ शंख के पूजा करे जाही तो विशेष आशीर्वाद अउ पुण्य के प्राप्ति होही।

ये प्रकार ले एकादशी के दिन भगवान विष्णु अउ तुलसी के पूजा करे के विशेष विधान हावय।

> एकादशी के देव-प्रबोधनी एकादशी के रूप में भी माने जाथे अउ भगवान विष्णु के पूजा करत ओकर स्वरूप सालिगराम और माता तुलसी के विवाह सम्पन्न करे जाथे। अइसे मान्यता हावय कि इसी अवसर पर भगवान विष्णु क्षीरसागर की शैया से जागरण करते हैं। ऐसे पावन अवसर को जानकर भक्तगण साधक, उपासक उनकी पूजा अर्चना कर उनका विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए उन्हे नाना प्रकार के पवित्र द्रव्य धूप-दीप, पुष्प श्री फल, प्रसाद मौसमी फल सेव, केला, आंवला,सिंघाड़ा, और मीठ पकवान के भोग लगाए जाथे। कार्तिक एकादशी मनाय के पाछू बहुत सुंदर कथा हावय। कथा के अनुसार जालंधर नाव के एक महान प्रतापी राजा होय रहिस जेन असुर कुल में जन्म लेय रहिस जेन बहुत अत्याचारी रहिस। अत्याचारी असुर के नाश करे बर लिए भगवान विष्णु ओला मारे के उपाय सोंचथे अउ असुर संग विष्णु के बीच घोर युद्ध होथे। जालंधर के पत्नी तुलसी महान पतिव्रता रहिस। तेकर सेती भगवान विष्णु ओकर ले परास्त नहीं कर पाइस।

**अशोक पटेल 'आशु'**
**शिवरीनारायण**

# हमर संस्कार अउ पहिचान मातर अउ मड़ई

एवारी तिहार के बाद ले गांव मन म मातर अउ मड़ई के आयोजन तको चालू हो जाथे। मातर म 'मा' के अर्थ माता अउ तर माने ओकर शक्ति ल जगाना हे। ए परब म गऊ माता के पूजा तको करे जाथे। छत्तीसगढ़ के ए परब म मुख्य रूप से यादव जाति( राउत, ठेठवार, पहटिया) समाज के मनखे मन के द्वारा मनाये जाथे।



### गउठान दईहान म होथे ए पूजा ह

गांव के दइहान में यादव समाज के मनखे मन पारंपरिक परिधान म बांहा बाहकर, पेटी, कउड़ी ले बने साजू, रंगबिरंगी पगड़ी, हाथ म फुलेता( फूल मन ले सजे तेंदु के लउठी) अउ गोड़ म घुंघरू पहिन के इकट्ठा होथे। इकट्ठा होके खुढ़हर देंवता, सांहडा देवता, पशुधन अउ सोहई के पूजा करे जाथे। यादव समाज के मनखे मन गउ वंश मन ल सोहई अउ दुहर के माला पहिराथे। एकर बाद घर म नवा आनाज ले गउ माता बर भोजन बनाथे जेला पूरा परिवार मन खाथे। मातर के दिन कुम्हड़ा ढुलाए वाला कार्यकरम तको रखथे। बरदी मन के बीच म कुम्हड़ा ल रख देथे। गउ माता के गोड़ मन ले ए कुम्हड़ा ह फुट जाथे तब ऐकर प्रसाद बनाये जाथे अउ ए प्रसाद ल सबो झन मन म आबंटन कर दिये जाथे। मातर म अखाड़ा के प्रोग्राम तको होथे।

### मातर अउ मड़ई के दिन डांग तको निकलथे

मातर मड़ई के दिन म सुघ्घर डांग ल धर के मड़ई अउ मातर के परिक्रमन करे जाथे। डांग लम्बा बांस के बने रहिथे, जेमा तीन आने-आने रंग के कपड़ा लगाए जाथे। एमा सब ले प्रमुख डांग ल कन्दई डांग कहिथे एमा ए डांग मन म अब्बड़ अकन ले कऊड़ी लगे रहिथे। राउत मन ह रउताही दोहा पारत मड़ई अउ मातर के परिभ्रमन करथे। संग म डांग मन ल तको परिभ्रमन कराय जाथे। कुछ-कुछ गांव मन म आंगा देवता तको निकलथे। आंगा देवता शिवलिंग म लपटाए नांग देवता आए। जेला मस्त पालकी म बइठार के मड़ई अउ मातर के भ्रमण कराए जाथे। ए पालकी ल चार झन मनखे मन अपन कंधा म बोही रहिथे।

### डांग मन म लगे अलग-अलग रंग के कपड़ा के अपन अलग अर्थ हे आवव जानन

हमर छत्तीसगढ़ के देवता धामी मन म बस तिनेच रंग (लाल,सफेद अउ हरियर रंग) के कपड़ा के चढ़हावा करथन। लाली रंग मां दुरगा के प्रतीक आए, मां दुर्गा ह लाली रंग के लुगरा धारण करथे। ए डांग के म आपमन ल सफेद रंग तको दिखाई दिही, सफेद रंग मन मां सीतला के प्रतीक आए। आपमन देखे होहु मां शीतला मंदिर म भक्त मन ह सफेद रंग के कपड़ा के चढ़ावा करथे। आखरी म आपमन ल करिया रंग देखें बर मिलही, करिया रंग मां काली के प्रतीक आए। काली मंदिर म आपमन देखे होहू, भक्त मन ह करिया चुनरी के चढ़ावा करथे।

**गनेश्वर पटेल**
**ग्राम पोटियाडिह जिला धमतरी**

# धान मिंजाई के बाद रास के पूजा-पाठ अउ नेंग बड़ाई

छत्तीसगढ़ के पावन भुंइयां,जेला धान के कटोरा कहे जाथे। जिहां अन्नपूर्णा के भंडार हावय। जे धान ल साक्षात अन्नपूर्णा दाई लक्ष्मी के रूप जाने जाथे। इही अन्नपूर्णा ल इहां के वासी मन अपन धरोहर अउ पालनहार मानथें। ए धान के बिना कोनो प्रकार के नेंग बड़ाई नई हो पाए। चाहे वह सुख के हो या दुख के, ए धान बिना कोनो कारज हर पूरन नई होवय। इहां के हर सुख-दुख के कारज म, नेवता बड़ाई म, रोजी, बनी, भूती अउ बच्छर भर ले पुस्तैनी कारज करईया राउत, नाउ, धोबी, लोहार मन ल जेवराहा बना के ए सबो मन ल धान देहे के परम्परा हावय। अइसनहे प्रकार के जम्मो तीज- तिहार, मरनी-हरनी, छट्ठी-बरही, बर-बिहाव म धान के चउक पूरे के रिवाज हे। कुल मिला के ए कहे जा सकत हे, के धान हर जिनगी के एक ठन अंग आय। एकर बिना कोनो कारज नई हो पावय।

अइसे जिनगी के आधार अन्नपूर्णा माता के सेवा-सत्कार अउ सुग्घर रूप के दर्शन तब होथे, जब मिंजाई के बाद जम्मो असवाय धान ल कुढ़ोय जाथे।

अइसन बेरा म धान के रास संग म सुपा,बाहरी, कलारी, कोपरी, टुकनी,चरिहा,के पूजा-पाठ, हुम-धुप लाई, गोरस अउ नरियर ल करे जाथे। ए रास म गोबर के गौरी-गणपति बना के रखे जाथे। एक मुठा पैरा ल जरो के काजर बना के रास ल काजर आंजे जाथे। फेर मोखरा कांटा के फूल चढ़ाय जाथे। ताकि अन्नपूर्णा माता ल कोनो के टोटका, नजर मत लगय अउ एकर बढ़वार सदा होत रहय। अतका जम्मो नेंग बड़ाई करे के बाद म फेर हमर किसान भाई हर धान के रास के एक मुड़ा ले एक सुपा कस के धान ल जोरथे अउ ओला उठा के पूरा रास म छोड़थे। एकर मतलब होथे अन्नपूर्णा दाई ल ओकर पहिली भाग प्रसाद के रूप म भेंट करना। ताकि अन्नपूर्णा दाई के आशीष हर सरलग बने रहे अउ घर म धन-धान्य सुख-सम्पदा विराजमान रहय। एकर बाद तो ए कारज हर रोज दिन चलत रहिथे, जब तक के धान के पूरा खरही ह मिंजा नई जाय। जे दिन मिंजाई के आखरी दिन रहिथे ओ दिन ल 'छेवर दिन' माने जाथे। ए दिन तो घर-परिवार,पास-पड़ोस गांव म एक विशेष उछाह होथे। काबर के ए दिन ह सब के लिए विशेष होथे। ए दिन के अगोरा सबो ल रहिथे। एकर कारण ए हावय के आज मिंजाई के छेवर होत हे अउ छेवर जब होथे त किसान भाई मन जम के अन्नकुमारी के दान करथें। काबर के 'अन्न के दान सबसे बड़े दान' माने गय हे। इही मूलमंत्र ल हृदय म धर के हमर किसान भाई-बहिनी मन दान देथें। एक तरह ले एमन दान कर के सुग्घर पुण्य के भागीदार बनथें अउ ए सोंचथें के-

'हमन दान करे रहिबो तभे तो हमन ल भी अनपूर्णा माता हर धान के रूप म मिलही' अइसे पावन अवसर म आस-पास-परोस के जम्मों संगी-संगवारी नान्हे-नान्हे लोग-लइका, नाउ, धोबी, राउत, लोहार, कुम्हार, बावा, बैरागी, बामहन अउ मंगोईया जम्मो कोठार म आ के शक्ति अनुसार अपन-अपन भाग ल प्राप्त करथें।

एकर बाद फेर रास ल उचा के जब घर ले जाए जाथे त किसानिन दाई हर अपन मोहाटी म लोटा भर पानी म पईरघा के ओकर सुग्घर मजा के दीया झलकाथे, फेर घर म भितराथे।

ए प्रकार से कहे जा सकत हे की हमार छत्तीसगढ़ भुंइयां के असल सेवा करइया हमर किसान भाई अउ किसानिन दाई मन आय। जेमन अपन पुरखा के रद्दा म चल के नेंग बड़ाई अउ परम्परा ल जीवंत राखे हे।

**अशोक पटेल 'आशु'**
**मेघा,धमतरी**

# घुरूवा के दिन बहुरथे

एक गांव म रामसिंग नाव के छोटे किसान रिहिस। दुहरिया खेत जोत अउ बनी भूती करके अपन जिनगी ल चलात रिहिस। रामसिंग के दु झन बाबू रिहिस। बड़का सूरज अउ नान्हे गोपाल। रामसिंग अउ ओकर गोसईन दुनो परानी मेहनत मजूरी कर के लइका मन के पालन पोषण करे। दुनो बाबू पढ़ई म गुणवान रिहिस फेर गरीबी के मार ह सूरज ल नान्हे पन ले बड़का सोच वाले बना दे रिहिस। वो ददा दाई के संग खेत खार संग बनी भूती के काम बुता म हाथ बंटावय। गुणवान रिहिस फेर घर के हाल ल देख आठवी के बाद पढ़ई ल छोड़ दिस अउ ददा दाई के संग बुता काम म लगगे।

सूरज काम बूता करे लगिस त नान्हे गोपाल ल कभू कोनो जिनिस के कमी नई आवन दिस। बने पढ़ाईस लिखाईस अउ वो ह दुरुग के सरकारी दफ्तर म बाबू के नौकरी म लगगे।

दुनो बाबू सज्ञान होंगे त रामसिंग ल बिहाव के चिंता सताइस। गोपाल ह अपन पसन्द ल अपन ददा ल बता दिस। वो दुरुग शहर के संग म पढ़े नोनी रीति के संग बिहाव करहूं। फेर सूरज ह पूरा अपन ददा ल थेमा दिस। अब जमाना बीत गए कि सियान लउठी म कटारे अपन पसन्द ले अउ फेर लगिन तय करे। आजकल तो बाबू ले पहिली नौकरी-चाकरी, चीज-बस, खेती-खार, पढ़ई-लिखई देखे जाथे सबो बने-बने तब बिरबिट करिया बाबू बर घला उज्जर नोनी के रिश्ता बन जथे। कमती खेती खार अउ खेती-मजूरी करइया बाबू बर नोनी खोजइ के बूता सिरतोन बड़ झंझटहा बूता रिहिस। ले-दे के दू कोस दुरिहा के गांव म रहईया गरीब बिसालिक ह नोनी श्यामा के मंगनी बर तैयार होइस। श्यामा जइसने नाव तइसने संवरेगी बुटरी कद के नोनी रिहिस फेर काम बूता म झट-पट। कम उमर म समझदारी बड़ भारी रिहिस नोनी के।

दुनो के बिहाव होइस बरतिया जाए के बेरा ले दे के नेंग के पुरतिन दू-चार झन सूरज के बरतिया गइन। फेर गोपाल के बरतिया बर तो बस म गोड़ रखे के जगा नई रिहिस। नौकरहा दमाद त आनी बानी के कलेवा ले बफे सिस्टम म सब उसर-पुसर के बफे सिस्टम म खाईन। सुख-सुविधा म पले नोनी अउ दमाद बर गाड़ी, सोनहा चैन, टीवी फ्रिज संग टिकावन के मारे गाड़ी भरगे।

फेर सूरज के ससुर ह अपन सामरथ ले ले-दे के पानी पसिया पिया सगा मन के बिदा करिस। बिदा म खाली हाथ सियान बिसालिक के तीर काम बूता का अतरगे हाथ अउ गोड़ मनखे तीर खदर ल छाए के सामरथ नहीं त नोनी ल का दे सकहूं हाथ जोड़ बिनती आंसू भराय आंखी ले धार फूटत रिहिस। आखिर म मया के असीस संग चिन्हा म एक ठन आमा के नान्हे पेड़ दिस।

बरात ले लहुटिस त सब छोटकी बहू के रंग रूप अउ दहेज ल देखते रहिगे त बड़की के गरीबी ह। गांव एत्तराब म रामसिंग के घर के गोठ रहय। गोपाल के वाह-वाह फेर सूरज अउ श्यामा के गरीबी ह गोठ के विषय रहय। चार दिन सगा-सोदर सबो मन गोपाल के जोड़ी मोहलो -मोहलो रहय फेर श्यामा अउ सूरज जस हेरुठा। फेर दुनो अपन गरीबी ल अपन मजाक बनन नई दिन दुनो सुनता ले जल्दी घर-दुआर खेती खार सम्भाल डरीन।

गोपाल बिहाव के बाद हप्ता दिन ले दे के काटिस फेर दुरुग म बहुरिया संग चल दिस। घर ले दुरिहा का गिस? ले-दे के तीज-तिहार म एक-दू दिन फेर दर्शन नई मिले। ए डाहर श्यामा अउ सूरज ह ददा के आशीष आमा के रुख ल खेती म लगाथे अउ ददा दाई के सेवा करत बनी भूती करके अपन जिनगी बितावत रहिन। धीरे-धीरे दिन बीतत गिस आमा लटलट ले फरथे दुफ़सली आमा के कोरा जइसे ददा के आशीष हरे। आमा ल बेच के भईस बिसाइने। भईस के जतन करत श्यामा खेती खार रेगहा अधिया कमावत घर संभालय त सूरज ह किश्त म ऑटो ले के चलाथे। कुटीर केंद्र ले सीख श्यामा ह आमा के अथान, मुरब्बा, अमचूर, पापड़, मुरकू घला अब महिला संगठन बना के बेचय।

संगे संग दूध -दही घी के घला आमदनी होय। एती सूरज के गाड़ी म घला बने कमई होथे अउ धीरे-धीरे घर म बड़का गाड़ी आ जथे। अब ओकर तीर कोनो जिनिस के कमी नई रहय।

> गोपाल बिहाव के बाद हप्ता दिन ले दे के काटिस फेर दुरुग म बहुरिया संग चल दिस। घर ले दुरिहा का गिस? ले-दे के तीज-तिहार म एक-दू दिन फेर दर्शन नई मिले। ए डाहर श्यामा अउ सूरज ह ददा के आशीष आमा के रुख ल खेती म लगाथे अउ ददा दाई के सेवा करत बनी भूती करके अपन जिनगी बितावत रहिन। धीरे-धीरे दिन बीतत गिस आमा लटलट ले फरथे दुफ़सली आमा के कोरा जइसे ददा के आशीष हरे। आमा ल बेच के भईस बिसाइने। भईस के जतन करत श्यामा खेती खार रेगहा अधिया कमावत घर संभालय त सूरज ह किश्त म ऑटो ले के चलाथे। कुटीर केंद्र ले सीख श्यामा ह आमा के अथान, मुरब्बा, अमचूर, पापड़, मुरकू घला अब महिला संगठन बना के बेचय। संगे संग दूध -दही घी के घला आमदनी होय। एती सूरज के गाड़ी म घला बने कमई होथे अउ धीरे-धीरे घर म बड़का गाड़ी आ जथे। अब ओकर तीर कोनो जिनिस के कमी नई रहय।

सुख म पले ए गोपाल ल सरकारी बाबू के नौकरी म अफसर मन के संगत पड़ के मंद मउहा के लत लग जाथे। बहू घला सुख-सुविधा म पले-बढ़े बड़ खर्चीलही रथे। आमद ले ज्यादा खर्चा म करजा बोड़ी म लदा जथे। इही चक्कर म अब गोपाल ल खानगी म एक दिन बड़का अफसर पकड़ लेथे। फेर ओला नौकरी ले हाथ धोय ल पर जाथे। गोपाल ल अपन करनी बर पछतावय फेर दिन बिसरे ले के फायदा? संगी,जंहुरिया,सगा सोदर जबो ल गोहराथे फेर गोपाल ल कोनो ले सहारा नई मिले।

आखिर म थक-हार रीति अउ गोपाल ल अपन घर-दुवारी गांव के सुरता आथे। दुनो ल सूरज ढाढस देवत बिसरे बात भुला के नवा जिनगी बर कथे। ददा कस भाई अउ दाई कस भौजाई के मया म अब दूनो नवा शुरूआत करे बर राजी होगे। दुनो घर के काम बूता म हाथ बढ़ाथे। रीति श्यामा संग समूह के महिला मन संग काम करते धीरे-धीरे सिलाई-कढ़ाई सीख के अपन पढ़इ-लिखइ के उपयोग करथे। त गोपाल भाई के काम म संग देथे।

ज्ञान अउ अनुभव के जोड़ी ले धीर लगा के उंकर परिवार गांव म सुखी-सुखी रहिथे। आमा के छंइयां तीर म श्यामा के कुटीर उद्योग खुल जाथे अउ सूरज के गाड़ी मोटर के काम बढ़ जाथे। आज रीति अउ गोपाल ल अपन शिक्षा के झूठा गरब म सोच के मुड़ी नवाय ल लागथे अउ पढ़े ले ज्यादा अपन अनुभव ले गुने सूरज-श्यामा ल मुड़ उठा के गांव म जिथे। अब दुनो ह घर दुवारी समाज बर हेरुठा नई रहय। घुरूवा के दिन बहुर जाथे। अपन संग गांव के दूसर मन ल रोजगार देवत श्यामा के शोर अब एत्तराब म रथे अउ उंकर परिवार सुखी-सुखी दिन बिताथैं।

**- द्रोणकुमार सार्वा**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
रविवार 19 नवंबर 2023

उल्टा पुल्टा

पति- फेसबुक पर उलझा हुआ था, पत्नी रोमांटिक मूड में थी!
पत्नी- आई लव यू
पति-कोई नई बात हो तो बताओ
पत्नी- मै मां बनने वाली हूं
पति- अच्छा.. और कोई नई बात।
पत्नी (चिढ़कर)- बच्चे के बाप तुम नहीं हो.!
पति के होश उड़ गए।

# फिर 30 ट्रेनें 15 दिनों के लिए रद्द

## 24 नवंबर से 6 दिसबंर तक नहीं चलेगी

## चंदिया रोड स्टेशन में प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग

## तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य किया जायेगा

**बिलासपुर**, 18 नवंबर ( देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है 7 इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चंदिया रोड स्टेशन प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य दिनांक 25 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी।

### प्रभावित होने वाली गाड़ियों का विवरण इस प्रकार है

### रद्द होने वाली गाडियां

1 दिनांक 25 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

2 दिनांक 25 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक चँदिया रोड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08270 चंदिया रोड - चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

3 दिनांक 23 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

4 दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 05 दिसम्बर 2023 तक इंदौर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18233 इंदौर- बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

5 दिनांक 22 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

6 दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 06 दिसम्बर 2023 तक भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

7 दिनांक 25 नवम्बर व 02 दिसम्बर 2023 को उदयपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

8 दिनांक 26 नवम्बर व 03 दिसम्बर 2023 को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20972 शालीमार- उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

9 दिनांक 29 नवम्बर 2023 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20828 सांतरागाछी -जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

10 दिनांक 30 नवम्बर 2023 को जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20827 जबलपुर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

11 दिनांक 25 नवम्बर व 02 दिसम्बर 2023 को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

12 दिनांक 28 नवम्बर व 05 दिसम्बर 2023 को भुज से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22829 भुज -शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

13 दिनांक 24 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2023 को जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।




14 दिनांक 25 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2023 को अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11266 अम्बिकापुर- जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

15 दिनांक 23 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

16 दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 05 दिसम्बर 2023 तक रींवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

17 दिनांक 26 नवम्बर व 03 दिसम्बर 2023को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

18 दिनांक 27 नवम्बर व 04 दिसम्बर 2023 को अजमेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18214 अजमेर- दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

19 दिनांक 30 नवम्बर व 07 दिसम्बर 2023को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

20 दिनांक 02 दिसम्बर व 09 दिसम्बर 2023 को नौतनवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

21 दिनांक 27 नवम्बर, 01 व 04 दिसम्बर 2023 को लखनऊ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12535 लखनऊ-रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

22 दिनांक 28 नवम्बर, 02 व 05 दिसम्बर 2023 को रायपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12536 रायपुर- लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

23 दिनांक 29 नवम्बर 2023 को रानी कमलापति से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

24 दिनांक 30 नवम्बर 2023 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

25 दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक बरौनी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

26 दिनांक 25 नवम्बर 2023 से 05 दिसम्बर 2023 तक गोंदिया से रवाना होने वाली गाडी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

27 दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

28 दिनांक 25 नवम्बर 2023 से 05 दिसम्बर 2023 तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी

29 दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक नागपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

30 दिनांक 25 नवम्बर 2023 से 05 दिसम्बर 2023 तक शहडोल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### विलंब से रवाना होने वाली ट्रेनें

28 नवम्बर 2023 से निजामुद्दीन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 04044 निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 04 घंटा 15 मिनिट देर से रवाना होगी ।

# भारत तीसरा विश्वकप जीतने का रचेगा इतिहास



**बिलासपुर,** 18 नवंबर ( देशबन्धु)। भारत क्रिकेट की फील्ड में 19 नवंबर को इतिहास रचने जा रहा है। अहमदाबाद में आस्ट्रेलिया के साथ जबरदस्त रोमांचक मुकाबले में भारत की जीत सुनिश्चित करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर तिलकनगर के शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर विशेष प्रार्थना की।

18 नवंबर को गिने चुने बच्चे स्कूल पहुंचे थे। लिहाजा पढ़ाई शुरू करने से पहले भारत को क्रिकेट के मामले में विश्वगुरू बनाने के लिए देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित करना समसामयिक और महत्वपूर्ण माना गया।

■ सरस्वती शिशु मंदिर तिलकनगर के शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर की विशेष प्रार्थना

संस्कार श्रीवास्तव, भरत श्रीवास, नरेन्द्र दुबे, विनीता पांडेय, ज्योति साहू, शशि थरूर, रिचा क्षत्रीय, शारदा प्रसाद पांडेय, गौरीशंकर मिश्रा, अर्चना मजूमदार, माधुरी बापते, पुष्पलता नामदेव, शालिनी श्रीवास्तव, सुधा दवे, अंजली पाठक ने सरस्वती वंदना के बाद भारत वंदना प्रणवाक्षर मंत्र गायत्री मंत्र का सस्वर पाठ किया।

पंडित गौरीशंकर मिश्रा ने चांटीडीह रामायण चौक स्थित मंदिर में भी पूजा कराई। सभी शिक्षक इस जीत को भारत की बढ़ती हुई प्रतिष्ठा और क्रिकेट में अंग्रेजों की बादशाहत को चुनौती के रूप में देख रहे हैं। क्रिकेट ही नहीं एक दिन समाज देशकाल के सभी संभव क्षेत्रों में भारत पूरी दुनिया में आगे होगा। भावना यही है।

शिक्षकों ने कहा कि रोहित कोहली का चलेगा बल्ला। धराशाई होगा पैट कमिंस। वार्नर हो या मिशेल मार्श दोनों को कर देंगें आउट। जीतने के लिए भारत ने बना लिया है ले आउट। जीतेगा भारत। कर लो दुनिया मुट्ठी में। जीतेंगे हम। आस्ट्रेलिया तेरा निकाल देंगे दम। जय जय श्री राम, हर हर महादेव, इससे पहले भारत ने 1983 में कपिलदेव, धोनी की कप्तानी में 60 और 50 ओवर वाला विश्वकप जीता है। शिक्षकों का मानना है कि शमी को साथ देने के लिए बुमराह मोहम्मद सिराज कुलदीप यादव रविन्द्र जडेजा को लाइन लेंथ के साथ बालिंग करनी होगी। मिस फिल्डिंग ओवरथ्रो स्लो रन रेट से बचना होगा।

## सार-संक्षेप




### डीपीविप्र एनएसएस की छात्रा आरडीसीपरेड के लिए हरिद्वार रवाना

**बिलासपुर,** 18 नवंबर ( देशबन्धु)। स्थानीय डीपी विप्र कॉलेज राष्ट्रिय सेवा योजना की छात्रा बनीता प्रधान का चयन 26 जनवरी 2024 गण तंत्र दिवस समारोह के परेड में चयन हेतु हरिद्वार के लिए आज रवाना हुई है। ज्ञात हो कि अटल बिहारी बाजपाई वि.वि. बिलासपुर से 5 छात्रा का चयन हुआ है।

इन सभी के चयन होने पर डॉक्टर मनोज सिन्हा, अनुराग शुक्ला, डॉक्टर अंजू शुक्ला, डॉक्टर मनीष तिवारी, डॉक्टर किरण दुबे,प्रो. यूपेश कुमार, डॉक्टर एम.एस.तंबोली, अविनाश सेठी, डॉक्टर विवेक अंबलकर, डॉक्टर आभा तिवारी, एनएसएस के वैलेंटियर, धनेश रजक अंकित चंद्रा, संध्या, उमेश चंद्रा, अरुण नथानी, विकास सिंह, एस. मिरानी, मनीष मिश्रा ने शुभकामनाएं दी है।

### अखिल भारतीय संत समिति बैठक छत्तीसगढ़ प्रांत

**बिलासपुर,** 18 नवंबर ( देशबन्धु)। पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश जी महाराज अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज छत्तीसगढ़ प्रमुख ने बताया कि 27 नवंबर मध्याह्न 11 बजे प्रदेश के संतों का अखिल भारतीय संत समिति का बैठक श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मन्दिर सुभाष चौक सरकण्डा बिलासपुर मे आयोजित किया जा रहा है जिसके कार्यक्रम रूपरेखा इस प्रकार है-आप सभी को विदित हो कि अखिल भारतीय संत समिति छत्तीसगढ़ प्रांत की बैठक 27 नवंबर को रखी गई है। जिसमें निम्न विषयों पर चर्चा होगी, समिति की संगठनात्मक विषयों पर विचार विमर्श।



रचनात्मक विषयों पर चर्चा। अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्रतिष्ठा के संबंध में संस्कृति संसद काशी में हुए निर्णय पर चर्चा। सभी महामण्डलेश्वर,सभी जिला अध्यक्ष,मंत्री एवं इसके सभी पदाधिकारीगण उपथित रहेंगे।

# पुलिस भर्ती परीक्ष : पांच साल बाद भी जारी नहीं हो पाई चयन सूची

## हाई कोर्ट ने चयन सूची जारी करने अपना फैसला सुनाया था

**बिलासपुर**, 18 नवंबर ( देशबन्धु)। गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ सब इंसपेक्टर, सूबेदार और प्लाटून कमांडर के 655 पदों पर भर्ती के लिए अगस्त 2018 मे विज्ञापन जारी किया था। वर्ष 2021 में पदों में बढ़ोतरी करते हुए इसे 975 कर दिया गया। तीन स्तर पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई। 17 अगस्त से आठ सितंबर तक विभाग ने साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद आजतलक अंतिम चयन सूची जारी नहीं की गई है।

आश्चर्य की बात ये कि जब छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने चयन सूची जारी करने अपना फैसला सुनाया था तब राज्य में चुनाव के लिए आचार संहिता भी जारी नहीं की गई थी। दो महीने का समय होने के बाद भी अंतिम चयन सूची जारी ना करने को लेकर अब गृह विभाग के आला अफसरों के रवैये पर सवाल उठने लगा है।

अंतिम चयन सूची जारी ना करने के असर अब उम्मीदवारों पर दिखाई देने लगा है। साक्षात्कार देने वाले अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनने लगी है अधिकांश उम्मीदवार ऐसे हैं जिनकी सरकारी नौकरी की उम्र पार होने वाली है। आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे अभ्यर्थियों में अब निराशा छाने लगी है। सूबेदार,उप निरीक्षक संवर्ग,प्लाटून कमांडर भर्ती की पहली प्रक्रिया पुलिस विभाग ने पूरी की।

उम्मीदवारों के शारीरिक मापदंड परीक्षा पुलिस ने ली थी। इसके बाद 70 हजार अभ्यर्थियों की सूची लिखित परीक्षा लेने के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल के हवाले कर दिया था। प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। साक्षात्कार की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। अब अंतिम सूची जारी करना शेष है। पूरा मामला यहीं पर आकर अटक जाता है।

# हाइवा ने बाइक सवार को लिया चपेट में मौके पर भाई की मौत

## बहन सहित 2 गंभीर, सिम्स रिफर

## परिजनों ने किया चक्काजाम, मल्हार विश्राम गृह पास की घटना

**बिलासपुर,** 18 नवंबर ( देशबन्धु)। जिले के मस्तूरी थाना अंतर्गत मल्हार में दोपहर 2 बजे के आसपास बाइक सवार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया जिसमे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वही बाइक में बैठी महिला समेत सड़क में पैदल चल रहा एक अन्य युवक भी हाइवा के चपेट में आया है, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल हॉस्पिटल रिफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मल्हार चौकी क्षेत्र के मल्हार मेन रोड में स्थित विश्राम गृह के सामने गिट्टी से भरे हाइवा क्र. सीजी 10एएम 7418 ने पीछे से बाइक क्र. सीजी 10 एई 4370 को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक चला रहे सूरज केवर्त पिता मोहित राम केवर्त उम्र लगभग 18 वर्ष हाइवा के पहिए की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

वही बाइक में पीछे बैठी मृतक की बड़ी बहन नेहा केवर्त उम्र 28 वर्ष एव भाभी लता केवर्त उम्र 28 वर्ष घायल हो गई है जिसमे बड़ी बहन नेहा केवर्त गभीर रूप से घायल है। वही सड़क में पैदल चल रहा शिवकुमार केवर्त भी हाइवा के चपेट में आया है जिसको भी गंभीर स्थिति में हॉस्पिटल भेजा गया है। वही दुर्घटना करने के बाद भाग रहे हाइवा को ग्राम बकरकुदा के पास पकड़ा गया है।





दुर्घटना के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने मल्हार मस्तूरी मार्ग पर चक्काजाम कर दिया है मौके पर मस्तूरी थाना प्रभारी रविंद्र अनंत, पचपेड़ी थाना प्रभारी विवेक पांडेय मल्हार चौकी प्रभारी विष्णु यादव सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात हो कर ग्रामीणों को समझाइश देते रहे।

### धान कटाई करके लौट रहे थे बाइक सवार

जानकारी मिली है की नेवारी मोड़ के आगे लक्ष्मण सागर के पास मृतक का खेत था जिससे अपने ही घर के सदस्य भाई बहन और भाभी करके धान कटाई करने गए थे जो दोपहर कटाई कर वापस लौट रहे थे जो दुर्घटना का शिकार हो गए।

# छठ पर्व पर ट्रैफिक व्यवस्था,भारी वाहनों पर रहेगा प्रतिबंधव

## ट्रैफिक व्यवस्था एवं वाहन डायवर्सन

**बिलासपुर,** 18 नवंबर ( देशबन्धु)। 19 एवं 20 नवंबर 2023 को भोजपुरी समाज के द्वारा सूर्य उपासना का पर्व छठ महापर्व मनाया जाएगा इस दौरान छठ पर्व में बिलासपुर शहर एवं आसपास क्षेत्र के निवास करने वाले समाज के लोगों द्वारा भारी संख्या में छठ घाट पहुंचकर पूजा अर्चना किया जाता है।

इस दौरान छठ घाट रोड में छठी लोगों को छोड़कर 19 नवंबर के दोपहर 12 बजे से 20 नवंबर के दोपहर 12 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध रहेगा।

### जन सुविधा हेतु निम्नलिखित वाहनों का डायवर्सन किया जाएगा-

1 महमंद मोड़ भारी वाहन डायवर्सन-महमंद मोड़ से सभी प्रकार के भारी वाहनों का शहर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, इस प्रकार सभी परिवहन सिरगिटट्टी होकर आगे की यात्रा तय कर करेगी।

2 मोपका चौक भारी वाहन डायवर्सन- मौपका चौक से सभी प्रकार के भारी वाहनों को शहर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, सभी भारी वाहनों से सेंदरी मौपका बाईपास होकर आगे की यात्रा तय करेगी।

3 राजकिशोर नगर छठ घाट कार आदि वाहन डायवर्सन- इस तिराहे से सभी प्रकार के कार आदि वाहनों को डायवर्सन किया जावेगा,जो की आर. के. नगर लिंगियाडीह पुल, रोड से सरकंडा एवं दयालबंद की ओर आना जाना कर सकेंगे।



4 पुराना पावर हाउस कार एवं हल्के वाहन डायवर्सन- पुराना पावर हाउस से कार आदि हल्के वालों का छठ घाट कीओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा,जो गुरु नानक चौक,दयालबंद एवं लिंगियाड़ीह रोड से सरकंडा मौपका की ओर आवागमन कर सकेंगे।

5 गुरुनानक चौक से कार एवं हल्के वाहन डायवर्सन- गुरुनानक चौक से कार आदि हल्के वाहनों का छठ घाट की ओर प्रवेश प्रतिबिंब रहेगा,जो दयालबंद एवं लिंगियाड़ीह रोड से सरकंडा मौपका की ओर आवागम कर सकेंगे कर सकेंगे।

# बेलतरा क्षेत्र के कांग्रेस नेता व पीसीसी सचिव त्रिलोक श्रीवास पर है भितरघात करने का आरोप

## नोटिस जारी,24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण के साथ जवाब मांगा

**बिलासपुर**, 18 नवंबर ( देशबन्धु)। बिलासपुर की बेलतरा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ काम करने वाले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव त्रिलोक श्रीवास को नोटिस जारी किया गया है। पीसीसी नोटिस में 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण के साथ जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई भी की जा सकती है।



दरअसल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव त्रिलोक श्रीवास ने बेलतरा विधानसभा सीट से टिकट मांगी थी। टिकट नहीं मिलने पर त्रिलोक समर्थकों ने बैठक लेकर विरोध जताया था। कहा जा रहा था कि त्रिलोक श्रीवास बागी होकर चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन, सीएम भूपेल बघेल सहित संगठन के नेताओं ने उन्हें मना लिया। जिसके बाद त्रिलोक ने पार्टी छोड़ने का मन बदल दिया।

### विजय केशरवानी के खिलाफ काम करने का आरोप

जारी नोटिस में त्रिलोक श्रीवास पर बेलतरा के उम्मीदवार विजय केशरवानी के खिलाफ काम करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगा है। लिहाजा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर त्रिलोक श्रीवास को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने कहा गया है।

## सार-संक्षेप

### वर्ष 2030 तक 1577 एमटी कोयला उत्पादन करने की योजना



**कोरबा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। कोल इंडिया ने वर्ष 2027 तक 1404 मिलियन टन और वर्ष 2030 तक 1577 एमटी कोयला उत्पादन करने की योजना बनाई है। वर्तमान में कोयला का उत्पादन स्तर लगभग एक बिलियन टन प्रति वर्ष है। चालू वर्ष के लिए घरेलू कोयला आधारित बिजली संयंत्र को लगभग 821 मीट्रिक टन कोयला आपूर्ति किया गया। कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक देश में जोड़ी जाने वाली अतिरिक्त 80 गीगावाट थर्मल क्षमता की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त कोयले की आवश्यकता महसूस की है। अतिरिक्त थर्मल क्षमता के लिए कोयले की आवश्यकता 85 प्रतिशत पीएलएफ पर लगभग 400 मीट्रिक टन होगी और वास्तविक आवश्यकता नवीकरणीय स्त्रोतों के योगदान के कारण आने वाले समय में उत्पादन जरूरतों के आधार पर कम हो सकती है। कोयला मंत्रालय की उत्पादन वृद्धि योजना में अतिरिक्त मात्रा में कोयले का उत्पादन करने की योजना है और यह ताप विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। उत्पादन योजना में नई खदानें खोलना खदानों की क्षमता का विस्तार और कैप्टिव/वाणिज्यिक खदानों से उत्पादन शामिल है। ये सभी तीन प्रचालनगत घटक योगदान दे रहे हैं और आगे की वृद्धिके लिए स्पष्ट योजनाएं हैं। वर्ष 2027 और 2030 के लिए उत्पादन योजनाएं देश में थर्मल पावर प्लांटों की संभावित घरेलू आवश्यकता से कहीं अधिक होंगी, जिसमें संभावित अतिरिक्त क्षमता भी शामिल है। जहां तक चालू वर्ष के लिए कोयले की स्थिति का सवाल है, स्टॉक बनना प्रारंभ हो गया है और थर्मल पावर प्लांटों में कोयले का स्टाक अब लगभग 20 मीट्रिक टन हो चुका है और खदानों में यह 41.59 मीट्रिक टन है। कुल स्टॉक ट्रांजिट और कैप्टिव खदानों सहित पिछले वर्ष के 65.56 मीट्रिक टन की तुलना में 73.56 मीट्रिक टन है, जो 12 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर्शाता है।

**इस वर्ष 20 प्रतिशत बढ़ा उत्पादन**

कोयला, बिजली और रेल मंत्रालय पूरे समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। इसी के अनुरूप कोयले की सुचारू आपूर्ति बनाए रखी गई है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के लिए सबसे कम टीपीपी स्टाक 16.10.23 को था, उसके बाद थर्मल पावर प्लांट और खदान में स्टॉक का निर्माण शुरू हो गया है। घरेलू कोयला आधारित संयंत्र के लिए बिजली उत्पादन में वृद्धि 8.99 प्रतिशत है जबकि कोयला उत्पादन में वृद्धि वार्षिक आधार पर अभी तक 13.02 प्रतिशत है। यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले तीन महीनों के दौरान थर्मल पावर की मांग पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत बढ़ गई है।

### नालियों के सफाई की चिंता नहीं, वार्डों में बजबजाती नालियों से परेशान



**कोरबा-पाली,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जनता को जागरूक करने के साथ शौचालयों के उपयोग एवं साफ-सफाई रखने के लिये प्रेरित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर पाली नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति बरती जा रही उदासीनता एवं लापरवाही के कारण वार्डों की नालियां गंदगी से पटी हैं। नगरवासियों ने इस अव्यवस्था के प्रति नगर पंचायत प्रशासन पर खासी नाराजगी व्यक्त की है।

पाली नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था इन दिनों चौपट नजर आ रही है। नगर प्रशासन द्वारा सफाई के नाम पर प्रतिमाह लाखो रुपए की राशि खर्च की जा रही है। इसके विपरीत सफाई व्यवस्था के प्रति नगर पंचायत की गंभीरता सिर्फ खानापूर्ति साबित हो रही है। कुछ स्थानों पर सफाई के बावजूद नाली का कूड़ा-कचरा हप्तों तक पड़ा रहता है और कचरे में पनपते मच्छर व मक्खियां आसपास मंडराती रहती है। इससे मलेरिया, टाइफाइड सहित कई तरह की संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। हालात यह है कि घरों से निकलने वाले कचरे का उठाव नियमित हो रहा है जबकि वार्डों की सार्वजनिक नालियां गन्दगी से जाम होते जा रही है। दूसरी ओर नगर पंचायत द्वारा अंतिम निकास तय किए बगैर कई ऐसे नालियों का निर्माण कराया गया है जिससे गंदे पानी के निकास की समस्या और भी गंभीर हो गई है। त्रुटिपूर्ण नाली निर्माण से गंदे पानी का बहाव अवरुद्ध होने से जल जनित बीमारियों को न्योता दे रहा है। नगर पंचायत द्वारा सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई के लिए समेकित कर के रूप में प्रतिवर्ष राशि वसूल किये जाने के बाद भी नगरवासी समुचित सफाई व्यवस्था के लाभ से दूर रहते गंदगी व बदबू का सामना करने मजबूर हैं। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का तर्क है कि आचार संहिता और चुनाव का समय होने की वजह से साफ-सफाई कार्य दुरुस्त नहीं हो पाया है, जल्द ही साफ- सफाई की ओर ध्यान दिया जाएगा। उनका इस तरह का तर्क समझ से परे है।

# खरना प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु ने रखा उपवास



**नहाय खाय से शुरु हुई सूर्योपासना छठ पर्व**

**कोरबा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। चार दिन तक चलने वाला पर्व छठ पूजा शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। पर्व की शुरुआत में पवित्र जल में स्नान कर भोजन बनाया गया। प्रत्येक व्रती महिलाओं की रसोई लौकी व चना दाल की सब्जी से सुवासित रही। शनिवार को व्रती श्रद्धालु पूरे दिन उपवास रखकर शाम को खरना प्रसाद ग्रहण कर उपवास प्रारंभ किए। रविवार को अस्ताचल (डूबते) सूर्य को पहला व सोमवार को उदीयमान (उगते) सूर्य को दूसरा अर्ध्य दिया जाएगा।

पूर्वांचल वासियों द्वारा मनाए जाने वाले इस महान पर्व में सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया जाएगा। पर्व की शुरुआत को लेकर व्रती श्रद्धालुओं सहित पूरे परिवार में उत्साह है। काली पूजा के छठवें दिन छठ पूजा का विधान है। लिहाजा रविवार को छठ होने के कारण सूर्य को पहला अर्ध्य दिया जाएगा। शुक्रवार को नहाय खाय से यह पर्व शुरु हो चुका है। इस आयोजन में श्रवलुओं ने सरोवर में स्नान कर सादा भोजन ग्रहण किया गया। विशेष तौर पर भोजन में अरवा चावल के साथ लौकी व चना की सब्जी बनाई गई। शनिवार को खरना प्रसाद के साथ पारणा किया गया। यह पर्व का पहला पड़ाव है जिसमें व्रती श्रद्धालु पूरे दिन उपवास रख कर शाम को गुड़ से बनी खीर व खरना प्रसाद ठेकुआ बनाती हैं। खरना प्रसाद का वितरण करने के पश्चात व्रती महिलाओं ने स्वयं प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के पश्चात व्रत तोड़ेंगे।

### कोसी भरकर मांगी जाएगी मन्नत

पौराणिक मान्यता के अनुसार छठ मैया को सूर्य भगवान की बहन माना जाता है। संयुक्त पूजा क्रम में सूर्य भगवान के साथ छठ मैया की पूजा करने से अशेष सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। सुहागिन महिलाओं द्वारा इस पर्व को संतान सुख व पति के दीर्घायु के लिए की जाती है। पर्व में आराधना के दौरान सूपा, दउरी व टोकरी में विविध नैवेद्य की भेंट सूर्य भगवान को दी जाती है। कोसी भरकर सुख-समृद्धि की कामना की जाती है।

### भक्ति गीतों की गूंज

छठ पर्व की शुरुआत से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं की शुचितापूर्वक नियम से घर मंदिर जैसा प्रतीत हो रहा है। सूर्य देवता व छठ माता की भक्ति गीत पूर्वांचल वासियों के घरों में गूंज रहे हैं। सात घोड़वा के रथ पै होई के सवार, कांचहि के बांस के बंहिगिया, सुरूज के बहिनी हे छठी मईया, सुपहू सुपेलिया में धरे ल पुलेल बा जैसे ठेठ भोजपुरी गीतों के बोल जगह-जगह सुनाई पड़ रहे हैं और इन गीतों को सुनने के साथ ही न सिर्फ पूर्वांचल बल्कि छत्तीसगढ़वासी भी श्रद्धाभाव से भरकर छठ मैया को नमन् करते हैं।

# जिले में घटा मतदान प्रतिशत, कोरबा विधानसभा में कम और तानाखार में सर्वाधिक मतदान

- शहरी मतदाताओं में कमतर, ग्रामीणों में अपेक्षाकृत अधिक उत्साह दिखा



**कोरबा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत शुक्रवार 17 नवंबर को मतदान कराया गया। जिले भर में 1081 मतदान केन्द्रों में वोट डाले गए। मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के प्रति प्रेरित करने की प्रशासनिक कवायदों और विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की अपील के बावजूद इस बार जिले में मतदान लगभग 4.53 प्रतिशत घटा है। पिछले चुनाव में 78.61 प्रतिशत मतदान जिले में दर्ज किया गया था जो इस बार 74.08 प्रतिशत दर्ज हुआ है। शहर क्षेत्र के मतदाताओं की अपेक्षा उपनगरीय और ग्रामीण इलाकों के मतदाताओं में ज्यादा उत्साह नजर आया।

17 नवंबर को मतदान संपन्न होने के पश्चात् शाम से ही ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट को मतदान केन्द्रों से स्ट्रांग रूम तक लाने और जमा करने का सिलसिला शुरू हो गया था। शहर और आसपास के ईव्हीएम तो आसानी से पहुंच गए लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों से ईव्हीएम को लाकर जमा करने का सिलसिला सुबह तक चलता रहा। कुछ मतदान केन्द्रों में देर तक मतदान होने के कारण भी ऐसी स्थिति निर्मित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार, एसपी जितेन्द्र शुक्ला एवं चुनाव पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम को सील करने की कार्यवाही की गई। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में जवान तैनात कर दिए गए हैं और अब 3 दिसंबर को स्ट्रांग रूम खुलेगा व मतदाताओं की किस्मत का फैसला मतगणना के बाद तय होगा।

### विधानसभावार मतदान प्रतिशत

रामपुर विधानसभा- पुरुष 79.59 प्रतिशत, महिला 79.14 प्रतिशत, तृतीय लिंग` प्रतिशत सहित कुल 79.36 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसी तरह कोरबा विधानसभा में पुरुष 65.83 प्रतिशत, महिला 66.79 प्रतिशत, तृतीय लिंग 9.52 प्रतिशत, कुल 66.3 प्रतिशत मतदान हुआ। कटघोरा विधानसभा में पुरुष 75.75 प्रतिशत महिला 76.26 प्रतिशत, तृतीय लिंग 22.22 प्रतिशत, कुल 75.99 प्रतिशत रहा। पाली-तानाखार में सर्वाधिक- पुरुष 81.1̀ प्रतिशत, महिला 8.37 प्रतिशत, तृतीय लिंग 75`. प्रतिशत तथा कुल 8.73 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### बूथवार समीक्षा में जुटे एजेंट

मतदान का प्रतिशत घटने को लेकर राजनीतिक दलों में मंथन का दौर भी शुरु हो गया है कि यह किस प्रत्याशी के लिए फायदेमंद और किसके लिए नुकसानदायक होगा? जिले के सभी 1̀81 बूथों पर हुए मतदान की बूथवार समीक्षा में राजनीतिक दलों के एजेंट व मुख्य कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। बूथों पर पड़े कम और ज्यादा मतदान के आधार पर आंकलन किए जा रहे हैं कि कहां उसके प्रत्याशी के लिए गड्ढा हुआ है और कहां गड्ढा पटा है। आंकलन के आधार पर अपने-अपने बूथ से हार और जीत भी तय की जा रही है।

### अगला विधायक कौन और सरकार किसकी

मतदान समाप्ति के बाद से लगभग हर व्यक्ति इस बात की चर्चा लोगों में कर रहा है कि अगला विधायक कौन होगा? और ज्यादा से ज्यादा सीट कौन सी पार्टी जीतकर राज्य में सरकार बना रही है। भाजपाई परिवर्तन की लहर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के आधार पर तैयार किए गए घोषणा पत्र की योजनाओं के बूते अपने विधायक और सरकार बना रहे हैं तो वहीं कांग्रेसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चेहरा, उनकी योजनाओं के साथ-साथ किसानों, महिलाओं और कर्ज में डूबे परिवहन व्यवसायियों की कर्ज माफी, महिलाओं के खाते में 15 हजार रुपए देने, केजी से पीजी तक शिक्षा जैसी मास्टर स्ट्रोक घोषणाओं के आधार पर अपना विधायक और अपनी सरकार बना रहे हैं।



### भितरघातियों की बन रही लिस्ट

प्रमुख दल कांग्रेस और भाजपा में ही हार-जीत का फैसला होना है। परिणाम तो 3 दिसंबर को सामने आएगा लेकिन मतदान के बाद बूथवार समीक्षा के साथ-साथ भितरघातियों की भी लिस्ट तैयार होने लगी है। फूल छाप कांग्रेसियों और पंजा छाप भाजपाईयों की लिस्ट में शामिल हो रहे नाम अग्रिम कार्रवाई के लिए संगठन को भेजे जाएंगे और संगठन के द्वारा इस पर निर्णय लेकर कार्रवाई तय की जाएगी। निःसंदेह कोरबा जिले में भी इस तरह की कार्रवाई होना भविष्य में संभावित है।

### हार-जीत का दांव भी लगने लगा

कांग्रेस और भाजपा के प्रति निष्ठा रखने वाले तथा खास प्रत्याशी के प्रति खास निष्ठा रख रहे समर्थकों के द्वारा तो हार-जीत का दांव भी लगाया जा रहा है। अपने-अपने नेता की जीत के प्रति हर कोई आश्वस्त नजर आ रहा है तो इसे लेकर हो रही चर्चाओं का मजा भी तटस्थ रहने वाले लोग खूब ले रहे हैं।

### पांच चुनाव के आंकड़े पर एक नजर

पिछले पांच चुनाव के आकड़ों पर गौर करें तो मतदान का प्रतिशत घटता-बढ़ता रहा है। कोरबा में वर्ष 28 में 63.95, वर्ष 213 में 69.98, वर्ष 218 में 71.56, वर्ष 223 में 66.3 (-5.26) मतदान दर्ज हुआ। रामपुर में वर्ष 28 में 75.7, वर्ष 213 में 84.8, वर्ष 218 में 83.37, वर्ष 223 में 79.36 (-4.51)। कटघोरा में वर्ष 28 में 68.63, वर्ष 213 में 74.63, वर्ष 218 में 77.65, वर्ष 223 में 75.99 (-1.66)। पाली-तानाखार में वर्ष 28 में 71.57, वर्ष 213 में 8.41, वर्ष 218 में 81.89, वर्ष 223 में 8.73 (-1.16) मतदान दर्ज हुआ है।

### लखन व महतो ने जनता का जताया आभार





**कोरबा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा के कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने क्षेत्र के समस्त मतदाताओं और चुनाव में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले तमाम लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मतदान में सहभागिता निभाने पर श्री देवांगन ने कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा है कि जनता का उन्हें निरंतर स्नेह मिलता रहा है। श्री देवांगन के साथ चुनाव अभियान में डटे रायगढ़ सह प्रभारी विकास रंजन महतो ने कोरबा जिले की जनता का चुनाव में भरपूर सहयोग करने पर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश में जनता बदलाव देख रही है, छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। कोरबा जिले के चारों विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी जीतकर आ रहे है। इसके साथ ही भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग गई हैं।

# कलेक्टर ने मतदाताओं का माना आभार

## अधिकारी-कर्मचारियों-मीडिया को दिया धन्यवाद



**कोरबा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों और प्रेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनके प्रति आभार जताया है।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज यहां आईटी कालेज परिसर से जारी अपने संदेश में कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान के लिए जरुरी प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सुरक्षा के साथ-साथ जनभागीदारी और सभी वर्गों के लोगों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासनिक तौर पर व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाती है, परंतु मतदान के लिए मतदाताओं को जागरुक बनाने और उन्हें मतदान केन्द्रों तक स्वस्फूर्त पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित करने का काम सबसे चुनौती भरा होता है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासनिक तैयारियों और सुरक्षा के लिए जरुरी सभी इंतजाम करने जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दिन रात एक कर जी-तोड़ मेहनत की है। महिला अधिकारियों ने भी पुरुष अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मतदान की इस प्रक्रिया को निष्पक्ष-शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करने वाले शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, होमगार्ड सहित अन्य सभी व्यक्तियों जिनने सफलतापूर्वक और निष्पक्ष स्वतंत्र तथा शांतिपूण चुनाव में अपना अमूल्य सहयोग दिया है, के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति आभार जताया है।

### हाईवोल्टेज तार से युवक बुरी तरह झुलसा

**कोरबा-दीपका,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की गेवरा खदान में शनिवार सुबह गंभीर रूप से झुलसा युवक अर्धनग्न हालत में न्यू रेलवे साइडिंग के बंकर के पास पड़ा हुआ मिला। वहां से गुजर रहे लोगों ने डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल की गेवरा खदान में कोयला लदान के लिए निजी रेलवे साइडिंग बनाई गई है। इसके करीब स्थित बंकर से खदान की ओर सडक़ पर लोगों की आवाजाही चल रही थी। इस दौरान लोगों की नजर रेलवे ट्रैक के पास अर्द्धनग्न हालत में पड़े युवक पर गई। उन्होंने करीब जाकर देखा तो युवक बुरी तरह से झुलसा हुआ था। उसकी हालत गंभीर थी। यह खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग वहां इकट्ठा हो गए थे।

# राजस्व मंत्री ने भाजपा नेता को गालियां देकर उठवा लेने धमकाया, चौकी का घेराव

## पूर्व पार्षद लक्ष्मण ने लगाए गंभीर आरोप, पुलिस कर रही जांच



**कोरबा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। ढोढ़ीपारा के पूर्व पार्षद व भाजपा नेता लक्ष्मण श्रीवास ने शुक्रवार की शाम सीएसईबी चौकी पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल और उनके समर्थक कांग्रेस नेता मनक राम साहू के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराया। आरोप है कि मतदान केन्द्र में राजस्व मंत्री व समर्थक के द्वारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने व उठवा लेने की धमकी दी गई है।

यह मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ढोढ़ीपारा वार्ड में 17 नवंबर मतदान दिवस को दोपहर लगभग 3 बजे घटित हुआ जब मतदान केन्द्र के दौरे पर पहुंचे राजस्व मंत्री का पूर्व भाजपा पार्षद लक्ष्मण श्रीवास ने अभिवादन किया। अभिवादन के जवाब में लक्ष्मण श्रीवास को धमकी मिली। श्रीवास के मुताबिक उसे देखकर कांग्रेस प्रत्याशी भडक़ गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए शाम 5 बजे के बाद उठवा लेने और मार देने की धमकी दी। इस दौरान कांग्रेसी नेता मनक राम साहू भी था। गाली-गलौज के साथ धमकी से लक्ष्मण श्रीवास और उसका परिवार भयभीत है। लक्ष्मण श्रीवास ने पुलिस प्रशासन से मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, प्रत्याशी लखनलाल देवांगन, मनोज मिश्र आदि नेतागण व कार्यकर्ता तथा महिला मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सीएसईबी चौकी पहुंचे। लखन देवांगन व राजीव सिंह ने मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की और कार्रवाई न करने पर घेराव करने की चेतावनी दी। इसके उपरांत नाराज महिला कार्यकर्ताओं ने चौकी प्रभारी के कक्ष के सामने बैठकर प्रदर्शन और नारेबाजी शुरु कर दिया। उपस्थित भाजपाईयों ने चौकी के सामने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। कुछ घंटे की गहमागहमी के दौरान शीर्ष अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर चौकी प्रभारी एसआई नवीन पटेल ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद प्रदर्शन खत्म कर भाजपाई लौट गए।

# सरगुजा जिले में हुआ 80.22 प्रतिशत मतदान

## सार-संक्षेप

### महिला अधिकारियों ने किया सराहनीय कार्य



**कोरिया** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा की बात जब हो तो इन महिला अधिकारियों के बिना अधूरा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ भी महिला अधिकारी रीना बाबा कंगाले हैं तो श्रीमती शिखा राजपूत तो सरगुजा सम्भाग का कमान सम्हाली हुई हैं। बैकुंठपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी के तौर पर श्रीमती नंदिनी साहू जो लगातार निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में जुटी रहीं। वे देर रात तक नोटशीट, फाइल को अपडेट करती रहीं तो मतदान कार्य में लगे कर्मियों के प्रशिक्षण व मुख्य निर्वाचन कार्यालय में जानकारी देने में भी अहम भूमिका निभाई। रिटर्निंग अधिकारी के तौर पर श्रीमती अंकिता सोम थीं, जो लगातार बैठक और निर्वाचन सम्बंधी कार्यों में व्यस्त थीं। प्रत्याशियों के नामांकन जमा करवाने, जांच करने में अहम जिम्मेदारी मिली थीं। उन्होंने आयोग के आदेश-निर्देश और हर नस्ती, प्रपत्र को सूक्ष्म जांच उपरांत हस्ताक्षर कर अपनी जवाबदेही को बेहतर ढंग से निभाया। जब हम सुरक्षा की बात करते हैं तो हमारी पुर्वाग्रह सामने आती है और पुरूष प्रधान समाज के कारण महिलाओं पर सुरक्षा की जिम्मेदारी की बात करना हज़म नहीं होता, लेकिन बैकुंठपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर और एसडीओपी कविता ठाकुर ने निर्वाचन जैसे अति आवश्यक कार्यों में साबित किया कि वे सक्षम हैं सबला है, स्वावलंबी है। दोनों अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना व पुलिस जवानों से अपडेट लेती रहीं और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर अपने मातहत को काम करने के लिए प्रोत्साहित भी करती रहीं। आचार संहिता लगते ही 24 बाई 7 की तर्ज पर कानून व्यवस्था को लेकर फिक्रमंद रहीं। सुरक्षा, शांति और सहयोग के लिए दिन रात जुटी रहीं। भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव के लिए लगातार दौड़ लगाने में पीछे नहीं रही। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर व बैकुंठपुर के तहसीलदार के पद पर कार्यरत चाँदनी कंवर इस निर्वाचन में ठंडे दिमाग से काम करते हुए सौपे।

### मतदान कराकर वापस लौटे मतदान कर्मियों का स्वागत




**सूरजपुर** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के तीनों विधानसभा प्रेमनगर, भटगांव व प्रतापपुर में 17 नवंबर को सफलतापूर्वक मतदान कर मतदान दल अपने-अपने चिन्हित मतदान केंद्र से मतदान सामग्री के साथ आईटीआई कॉलेज पर्री पहुंचा। सबसे पहले भटगांव और उसके बाद क्रमश: प्रेमनगर व प्रतापपुर के मतदान दल की वापसी हुई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा मतदान दल के सभी कर्मियों का स्वागत किया गया। उन्होंने मतदान दल के सभी कर्मियों को सफलतापूर्वक मतदान की प्रक्रिया समापन करने पर उन्हें बधाई दी और उनकी प्रशंसा की। मतदान दल कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जिला निर्वाचन के योजनाबद्ध प्रबंधन से मतदान केंद्र पहुंचने में उन्हें कोई भी बाधा नहीं आई। यातायात की उचित प्रबंधन हुआ निश्चित रूप चार्ट से सभी समय पर मतदान केंद्र पहुंच गए और वापसी के समय भी सुगमता के साथ वापस आए। आईटीआई कॉलेज पर्री वापसी के पश्चात मतदान सामग्री वापसी हेतु भी पहले से प्रबंध कर लिए गया था जिसे आसानी से मतदान सामग्री का संग्रह सुनिश्चित हुआ।

### देर रात तक चलता रहा मतदान दलों की वापसी का सिलसिला

**कोरिया** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कल 17 नवम्बर को बैकुंठपुर विधानसभा में मतदान हुआ है। कल देर रात तक मतदान दलों की वापसी होने का सिलसिला जारी था।

जानकारी के मुताबिक सभी मतदान दल सकुशल वापसी हो गए हैं और मतदान अधिकारी अपने-अपने ईवीएम व वीवीपीएटी मशीन को स्ट्रांग रूम बनाये गए बैकुंठपुर के रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल में पर्यवेक्षक श्री नारायण चन्द्र सरकार की मौजूदगी कमरे में सील-ताला लगाकर बंद किया गया है। स्ट्रांगरूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई, वहीं बाहरी व अनाधिकृत व्यक्तियो के प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी की गई है। बता दें अब आगामी 3 दिसम्बर 2023 को होने वाले मतगणना के दिन ही यह ताला खुलेगी। इस तरह सभी आठों प्रत्याशियों के किस्मत का पिटारा 3 दिसम्बर को खुलेगी तब तक इन प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में लॉक रहेगा। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम सहित अन्य अधिकारी व सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

### शेराडांड सबसे छोटा मतदान केन्द्र

मनेन्द्रगढ़ 18 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत जिले एमसीबी के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के मतदान केन्द्र क्रमांक 139 कांटो, मतदान केन्द्र क्रमांक 162 रेवला तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 143 शेराडांड में 100 प्रतिशत मतदान हुआ। इन शत-प्रतिशत मतदान केन्द्रों जहां रवेला में कुल 23 मतदाता थे, कांटो में 12 तथा शेराडांड में सबसे कम मतदाता 05 लोग थे। इन मतदान केन्द्रों में सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र 01 भरतपुर-सोनहत के मतदान केन्द्र क्रमांक 302 खोंगापानी 11 में सबसे कम 45.08 प्रतिशत मतदान हुआ। इस विधानसभा के 94 मतदान केन्द्र ऐसे रहे जहां 90 प्रतिशत से उपर मतदान हुआ।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ के 5 मतदान केन्द्रों में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुये। मतदान केन्द्र क्रमांक 76 भण्डारदेई, मतदान केन्द्र क्रमांक 80 भुकभुकी, मतदान केन्द्र क्रमांक 82 बरमपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 85 मुकुन्दपुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 134 रतनपुर शामिल है। वहीं इस विधानसभा क्षेत्र के 49 मतदान केन्द्र ऐसे थे जिनमें 80 प्रतिशत से उपर मतदान हुये। विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत में कुल मतदाता 176572 है। जिसमें पुरुष 73444 तथा महिला 74445 अन्य 01 ने मतदान किया। इस प्रकार कुल 147890 मतदाताओं ने मतदान किया। कुल मिलाकर इस विधानसभा में 83.76 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ के कुल 134752 मतदाताओं में 50440 पुरूष तथा 49597 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इस प्रकार कुल 100037 लोगों ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 74.24 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल मिलाकर जिले का मतदान 78.70 प्रतिशत रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा तथा पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने मतदान प्रतिशत को बढाने के लिए लो टर्न ऑउट वोटर वाले विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्वीप की गतिविधियों में भाग लिया।

## जिला प्रशासन के प्रयासों से शांतिपूर्ण व निर्विघ्न मतदान सम्पन्न



**अम्बिकापुर** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। 2 लाख 62 हजार 500 महिलाओं ने दिया वोट, वहीं पुरुष वोटर की संख्या रही 2 लाख 59 हजार 980 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के नागरिकों और निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति जताया आभार

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत सरगुजा जिले में मतदान शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र 09 लुण्ड्रा, 10 अम्बिकापुर एवं 11 सीतापुर में सफलता पूर्वक मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने में संलग्न समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों, मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी कार्य मे लगे दलों, मीडिया के प्रतिनिधियों, समस्त सुरक्षाकर्मियों, स्काउट-गाइड एवं एनएसएस के वोलेंटियर्स सहित जिले के समस्त मतदाताओं को बधाई एवं धन्यवाद देते हुये आभार व्यक्त किया।

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 80.22 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें लुण्ड्रा विधानसभा में 85.03 प्रतिशत, अम्बिकापुर विधानसभा में 75.64 प्रतिशत तथा सीतापुर विधानसभा में 81.41 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले में कुल 5,22,492 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लिया, जिसमें कुल 2,59,980 पुरुष मतदाता 2,62,500 महिला मतदाता तथा 12 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में कुल 1,64,686 मतदाताओं ने वोट डाले जिसमें कुल 82,332 पुरुष मतदाता 82,352 महिला मतदाता तथा 02 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में कुल 1,93,984 मतदाताओं ने वोट डाले जिसमें कुल 96,481 पुरुष मतदाता 97,494 महिला मतदाता तथा 09 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में कुल 1,63,822 मतदाताओं ने वोट डाले जिसमें कुल 81,167 पुरुष मतदाता 82,654 महिला मतदाता तथा 01 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है।

### सबसे अधिक हुआ मतदान

*विधानसभा लुण्ड्रा में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में रुखपुर में 95.74 प्रतिशत, चन्देश्वरपुर में 94.33 प्रतिशत, बरौली में 94.23 प्रतिशत, करंधा में 93.94, तुंगा में 93.74 है। विधानसभा अम्बिकापुर में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में पंगोटी में 97.42 प्रतिशत, जगदीशपुर में 95.74 प्रतिशत, सुखारी भंडार में 94.87 प्रतिशत, सराइटिकरा में 94.81 प्रतिशत, पहाडकोरजा में 94.51 प्रतिशत है। विधानसभा सीतापुर में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में मुर्ताडांड में 93.19 प्रतिशत, गहिला 1 में 91.82 प्रतिशत, झरगंवा में 91.70 प्रतिशत, ललाया में 90.42 प्रतिशत तथा परसापाली में 90.12 प्रतिशत मतदान हुआ।*

### राजनीतिक दलों को दी गई मतदान की जानकारी

जिले में 17 नवंबर को शांतिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसके पश्चात आज शनिवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज में सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में निर्वाचन की संवीक्षा की गई जिसमें राजनीतिक दलों को मतदान की संपूर्ण जानकारी दी गई। संवीक्षा बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा वार सभी रिटर्निंग अधिकारियों को मतदान संख्या एवं प्रतिशत, मतदान किए मतदाता, महिला, पुरुष व थर्ड जेंडर मतदाता वार जानकारी सहित मॉकपोल और वास्तविक मतदान में बदले गए मशीनों की विस्तृत जानकारी दी गई। सामान्य प्रेक्षकों ने इस दौरान प्रशासन द्वारा तैयार जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के जरिए मतदान की मॉनिटरिंग सिस्टम को सराहा। राजनीतिक दलों ने भी इस दौरान अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने मतदान दिवस पर समस्त व्यवस्था सुनिश्चित करने प्रशासन की तत्परता की सराहना की। बैठक में विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री पी कोटेश्वर राव एवं विधानसभा लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बीसी सतीशा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, सहित समस्त रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन संबंधी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिलेवासियों का किया आभार

हम लोग लगातार विगत तीन महीनों से निर्वाचन कार्यों के तैयारियों में जुटे रहे। भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देश पर काम करते रहे। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने मतदान उपरांत यह बात साझा की। श्री लंगेह ने कहा कि कोरिया जितना प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाने जाते हैं, तो कोरियावसी बेहद जागरूक, सहयोगी और मेहनतकश के रूप में भी इनकी पहचान है। श्री लंगेह ने कहा कि 9 अक्टूबर 2023 से जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिए आचार संहिता लागू हुई और दूसरे चरण के मतदान के तहत कल 17 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुए हैं। उन्होंने जानकारी साझा करते हुए कहा कि बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन के लिए 228 मतदान केंद्र व सोनहत विकासखण्ड में 78 मतदान केंद्र बनाए गए थे। बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन के तहत 81.79 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें पुरूष मतदाताओं ने 82.13 प्रतिशत, महिला मतदाताओं ने 81.44 प्रतिशत व थर्ड जेंडर मतदाताओं ने 60 प्रतिशत मतदान की है तो दूसरी ओर शेहराडांड, रावला व कांटो जैसे दूरस्थ वनांचल मतदान केन्द्रों में शतप्रतिशत मतदान सम्पन्न हुए। श्री लंगेह ने कहा कि कोरियावासियो के सहयोग से ही जिले में मतदान बेहद शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सभी मतदाताओं से कहा कि लोकतंत्र के इस महाकुम्भ में साक्षी बने, इसके लिए बधाई दिए व आभार व्यक्त किया। श्री लंगेह ने निर्वाचन कार्य में जुटे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, पुलिस कर्मियों, मीडिया व पत्रकारों को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से भरपूर सहयोग प्रदान किए इसके लिए आभार किया। उन्होंने दिव्यांग व महिला अधिकारियों, कर्मचारियों को विशेष बधाई व आभार व्यक्त की जिन्होंने विषम परिस्थितियों के बावजूद इस महत्वपूर्ण कार्य मे सहभागी बने। श्री लंगेह ने जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्वाचन से सम्बंधित जानकारियों को मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने में बहुत बड़ा योगदान बताया। श्री लंगेह ने कहा कि राज्य व राष्ट्रीयस्तर तक जिले की सकारात्मक खबरें, मानवीय पक्षों व जनसरोकार पत्रकारिता के तहत पल-पल की जानकारियां को बेहद रोचक तरीके से प्रसारित कराने के लिए आभार व्यक्त किया और बधाई दी। श्री लंगेह ने कहा कि सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से आग्रह करते हुए कहा कि भविष्य में भी जिला प्रशासन व निर्वाचन आयोग को इसी टीम भावना के साथ सहयोग करें।



## ईव्हीएम मशीन स्ट्रांग रूम में सील

■ सीसीटीवी और सुरक्षा जवानों द्वारा रखी जा रही है निगरानी




**सूरजपुर** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन के लिए जिले के तीनों विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार जे (आईएएस), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, रिटर्निंग अधिकारी, प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रेमनगर(04), भटगांव(05) व प्रतापपुर(06) विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग कर दिया गया है। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफ़ी भी कराई गई। सुरक्षा जवानो द्वारा स्ट्रांग रूम की निगरानी 24/7 रखी जायेगी। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी स्थापित किये गये है।

## सुरक्षा बल तैनात 3 दिसम्बर को होगी मतगणना

**अम्बिकापुर** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 17 नवम्बर को मतदान के पश्चात मतदान दलों के वापस लौटने पर मतदान सामग्री को शासकीय पॉलीटेक्नीक कॉलेज, अम्बिकापुर में जमा किया गया। पॉलीटेक्नीक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को जमा करने के बाद सील किए जाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बी सी सतीशा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री पी कोटेश्वर राव, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात हैं।

## मतदान दिवस पर की गयी 194 केन्द्रों में वेब कास्टिंग



मनेंद्रगढ़ 18 नवम्बर (देशबन्धु)। मतदान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा सुबह से ही प्रबंधन को लेकर सक्रिय दिखे। 194 मतदान केंद्र में किया गया था वेब कास्ट, जिले के दोनों विधानसभा के लिये 194 मतदान केंद्र में वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। जिसके लिए जिला कार्यालय के सभा कक्ष को कंट्रोल रूम बनाया गया था। ज्ञात हो कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ द्वारा विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान वेबकास्टिंग हेतु चयनित मतदान केंद्रों से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं एवं कार्यों के निष्पादन हेतु समयबद्धता का निर्धारण किया गया था, जिसके लिये ज़िला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जिलास्तर पर वेबकास्टिंग के नियंत्रण व निगरानी हेतु स्थापित कंट्रोल रूम में नोडल अधिकारी श्री उमेश पांडेय तथा विधानसभावार नशीमा बेगम, स्मृति अग्रवाल, अनुपा तिग्गा एवं अरुणिमा दत्ता की ड्यूटी लगाई गई थी। वेब कास्ट का संपादन बिना किसी बाधा के हुआ, इस पर नजर रखने के लिए मतदान शुरू होने के पूर्व से ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा व एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी सभा कक्ष में उपस्थित रहे।

## एमसीबी जिला प्रशासन ने की थी सम्पूर्ण तैयारी

**मनेन्द्रगढ़** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने आदर्श मतदान केन्द्र, पी.डब्ल्यू.डी. सहित सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। 16 नवम्बर 2023 को स्वीप टीम के सदस्यों के साथ मतदान केन्द्र, दिव्यांग मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते हुये उन्होंने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान में लगे टीम के सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। मतदान दल के सदस्यों को प्रेरित करने तथा मतदाताओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मतदान दल के सदस्यों का अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंचते ही सभी संगवारी मतदान केन्द्रों, दिव्यांग मतदान केन्द्रों एवं अन्य मतदान केन्द्रों पर पुष्प गुच्छ, फूल मालाओं से हार्दिक स्वागत किया गया। आवंटित बूथों पर उन्होंने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कुल 388 मतदान केंद्र हैं, जिन पर 48 सेक्टर की संख्या में 1552 मतदान कर्मी तैनात किये गये। कुल 82 मतदान मार्गों पर सेक्टर अधिकारियों को लगाया गया है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए कुल 12 कार्यपालक दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी। जिले में कुल 135 वाहन मतदान दल के सदस्यों के साथ रसद सहायता के रूप में लगायी गई। 125 माइक्रो पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई और 194 मतदान केंद्रों की वेब कास्टिंग चल रही थी।

एमसीबी जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सीआरपीएफ, बीएसएफ, आरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, जिला पुलिस बल और होम गार्ड के 1700 से अधिक जवानों को तैनात किया गया था। सभी मतदान केन्द्रों पर तैनात किये गये।

## जिले की तीनों विधानसभा में शांतिपूर्ण व निर्विघ्न मतदान

■ प्रतापपुर में सर्वाधिक 83.45 प्रतिशत मतदान

■ करोटी मतदान केंद्र में रात्रि 9 बजे तक जारी रहा मतदान




**सूरजपुर** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में विधानसभा प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर के क्षेत्रवासियों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई गई। जिसमें सभी मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया। कई मतदान केंद्र में संध्या 05 बजे के बाद भी मतदान जारी रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार करोटी मतदान केंद्र में लगभग रात्रि 09 बजे तक जारी रहा। रविवार 03 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से मतगणना आईटीआई कॉलेज पर्री में प्रारंभ होगी प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार तीनों विधानसभा में कुल 5,78,722 (82.05 प्रतिशत) मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। जिसमें पुरुष 2,91,135 महिला 2,87,586 मतदाताओं ने वोटिंग में अपनी सहभागिता प्रदर्षित की। विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर (04) में 80.84 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 96789 पुरुष मतदाता एवं 94855 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र भटगांव (05) में 81.87 प्रतिशत मतदान हुआ।

जिसमें कुल 98066 पुरुष मतदाता एवं 95739 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक प्रतापपुर (06) में 83.45 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 96280 पुरुष मतदाता एवं 96992 महिला मतदाताओं ने मतदान किया।

## जिले में पिछले विधानसभा निर्वाचन से इस वर्ष मतदान में हुई बढ़ोतरी

### वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों का मतदाताओं में दिखा असर



**बलरामपुर** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के कुशल मार्गदर्शन में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में मतदान शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से जिले में इस बार पिछले विधानसभा निर्वाचन से मतदान में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2018 में जिले में मतदान का प्रतिशत 82.35 प्रतिशत था, जो कि इस वर्ष विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी करते हुए 83.44 प्रतिशत मतदान हुआ है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 83.44 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें 06-प्रतापपुर(आंशिक) विधानसभा में 83.32 प्रतिशत, 07-रामानुजगंज विधानसभा में 83.51 प्रतिशत तथा 08-सामरी विधानसभा में 83.44 प्रतिशत मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाताओं को जागरूक करने वृहद रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्तर पर किया गया। जिसके माध्यम से जिले के मतदाताओं एवं आम नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए, उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया।

ज्ञात हो कि मतदान दिवस 17 नवम्बर को जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को प्रेरित करने आदर्श, संगवारी, दिव्यांग, युवा मतदान केन्द्रों की व्यवस्था की गई थी। आदर्श मतदान केन्द्रों में जिले के ऐतिहासिक स्थलों, जलप्रपातों पर आधारित आकर्षक मतदान केंद्र बनाए गए थे, जो कि मतदाताओं के लिए खासा आकर्षण का केन्द्र रहा। मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों में लगी मतदाताओं की लंबी कतारों के रूप में नजर आया। जिले में सभी वर्गों के मतदाताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

# सार-संक्षेप

## मतदाताओं की चुप्पी ने बढाई प्रत्याशियों की धडकने



**सारंगढ** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। सारंगढ विधानसभा के नौ प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है परन्तु इस बार मतदाता एकदम सायलेंट दिखे तथा इसके पीछे चुनाव आयोग के कई सख्त नियमों को भी एक आधार माना जाना सकता है हालांकि सोशल मीडिया व फेसबुक के माध्यम से कई प्रत्याशियों का प्रचार प्रसार प्रतिबंधित समय में भी जारी रहा जारी रहा परन्तु इसमें सबसे अच्छी बात यह रही कि किसी ने भी एक दुसरे की शिकायत नहीं किया वहीं कुछ छुटपुट घटनाओं को छोड दें तो क्षेत्र में नया जिला होने के बाद भी चुनाव काफी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गए हैं जिसके लिए सबसे पहले जनता और उसके बाद प्रशासन तंत्र भी निश्चित रूप से साधुवाद के हकदार हैं ।वहीं उच्चाधिकारियों से अधिक वे कर्मचारी सबसे अधिक साधुवाद के पात्र हैं जिनकी दिन रात की मेहनत से विधानसभा निर्वाचन का कार्य निर्विध्न रूप से सम्पन्न हो गया है।

हालांकि दोनो ही प्रमुख पार्टियां कांग्रेस व भाजपा के साथ ही साथ बसपा व आम आदमी पार्टी के दावेदार भी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं व इनकी जीत में शर्त लगाने को भी तैयार हैं परन्तु उक्त वर्णित मतदाताओं की चुप्पी ने सभी प्रत्याशियों की चिंताओं को काफी हद तक बढाने का कार्य जरूर कर दिया है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार के निर्वाचन का परिणाम अप्रत्याशित हो सकता है।

## राजनीतिक दलों के समक्ष सील किया गया स्ट्रांग रूम

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ विधानसभा 43 के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री संग्रहण और बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल क्षेत्र में बिलाईगढ़ विधानसभा के 129 मतदान केंद्रों में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों आदि को कलेक्टर बलौदाबाजार से प्राप्त करने पर सील किया गया। अब इसका सुरक्षा सीआईएसएफ के जवान कर रहे हैं। साथ ही साथ सीसीटीवी कैमरा भी चालू है। इसी प्रकार रायगढ़ विधानसभा क्रमांक 16 अंतर्गत सरिया क्षेत्र के 59 मतदान केंद्र में निर्वाचन कराने के बाद ईवीएम मशीनों आदि को रायगढ़ के स्ट्रांग रूम के लिए कलेक्टर रायगढ़ को 17 नवम्बर की रात को भेजा गया है। इस अवसर पर लाइजनिंग अधिकारी श्री शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

## कलेक्टर -एसपी ने मतदान दलों का किया स्वागत

**मनेन्द्रगढ़** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने सकुशल वापस आने वाले मतदान दलों का फूलमाला एवं गुलदस्ता देकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान आमखेरवा, साजापहाड़, मुकुंदपुर के मतदान दल स्ट्रांग रूम वापस पहुंचे ।ज्ञात है कि आज प्रात: 8:00 बजे से 5:00 बजे तक मतदान हुआ है तत्पश्चात मतदान दलों की वापसी का सिलसिला जारी है ।ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री दुग्गा ने रिटर्निंग ऑफ़िसर्स को मतदान दलों के सहयोग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं ।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी का जताया आभार

**मनेंद्रगढ़** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र 01 भरतपुर सोनहत एवं 02 मनेंद्रगढ़ में सफलता पूर्वक मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने में पुलिस अधीक्षक ,सभी आरओ, ए आरओ, अधिकारियों-कर्मचारियों, एसएसटी, वीएसटी, विविटी टीम,सभी सेक्टर अधिकारियों,सभी नोडल,प्रशिक्षण टीम अधिकारी,कंट्रोल रूम,वेब कॉस्टिंग टीम, माइक्रो ऑब्ज़र्वर, वाहन प्रभारी, एएमएफ टीम, स्वीप टीम,निर्वाचन कार्य में लगे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी,मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी कार्य मे लगे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों,समस्त सुरक्षाकर्मियों,बीएसएफ,सीआरपीएफ,आरपीएफ,एस एस बी,आईटीबीपी,जिला पुलिस बल,होमगार्डस्काउट-गाइड, एनसीसी एवं एनएसएस के वोलेंटियर्स,कोटवार सहित जिले के समस्त मतदाताओं को बधाई एवं धन्यवाद देते हुये आभार व्यक्त किया ।ज्ञात है की जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 388 मतदान केन्द्र बनाए गए थे । जिन पर 48 की संख्या में 1552 मतदान कर्मी, कुल 82 मतदान मार्गों पर सेक्टर अधिकारियों को लगाया गया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए कुल 12 कार्यपालक दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी ।प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 10 आदर्श मतदान केन्द्र, 30 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ 02 युवा मतदान केन्द्र तथा 02 दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाये गए थे। उन्होंने महिला व दिव्यांग कर्मियों को विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोग विषम परिस्थितियों के बावजूद इस महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी बने इसके लिए बहुत शुभकामनाएं ।उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि भविष्य में भी जिला प्रशासन व निर्वाचन आयोग का सहयोग इसी तरह से करें।

## सलखन में समझाइश के बाद ग्रामीणों ने किया मतदान



जांजगीर, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सलखन के ग्रामीणों ने शासकीय कालेज खोले जाने की मांग को लेकर विधानसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार करने का निर्णय लिये थे। इसके लिए बकायदा गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाकर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया था। ग्रामीणों को समझाईश दी गई थी मगर वे अपनी मांग पर अड़े हुए थे। गुरूवार की रात को प्रशासन ने सरपंच पति और ग्रामीणों को बुलाकर समझाईश दी तब कहीं जाकर गांव में मुनादी कराई गई और सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ।

# जिले में महिला मतदाताओं के मतदान का प्रतिशत पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा

### औसत मतदान 72.94 रहा, महिलाओं का प्रतिशत 73.32

**जांजगीर**, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के तीन विधानसभा में मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। इसके साथ ही निर्वाचन शाखा ने मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें जिले के तीनों ही विधानसभा में महिला मतदाताओं के मतदान का प्रतिशत पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा रही है। 17 नवंबर को हुए मतदान में औसत 72.94 रहा। इसमें महिलाओं का प्रतिशत 73.32 प्रतिशत रहा है।

जिले तीन विधानसभा अकलतरा जांजगीर चंपा वह पामगढ़ में मतदान के जो आंकड़े जारी किए गए हैं उसके अनुसार अकलतरा विधानसभा में सर्वाधिक 76.21 प्रतिशत, जांजगीर चांपा विधानसभा में 75.11प्रतिशत तथा पामगढ़ विधानसभा में सबसे कम 67.54 प्रतिशत मत पड़े। इस बार मतदाताओं में महिलाओं की भूमिका अग्रणी रही है, जो तीनों ही विधानसभा में बढ़ चढ़कर मतदान करने में हिस्सा ली। आंकड़ों के अनुसार अकलतरा में जहां पुरुषों का मतदान 75.98 प्रतिशत रहा तो महिलाओं का 76.44 प्रतिशत रहा, इसी तरह जांजगीर चांपा में पुरुषों का 74.75 तो महिलाओं का 75.49 प्रतिशत रहा। पामगढ़ में सबसे कम मतदान हुआ यहां भी महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले ज्यादा मतदान किया। यहां 67.01 पुरुष तो महिलाओं का प्रतिशत 68.08 रहा।



### राजनीतिक दलों की घोषणा पत्र से प्रभावित हुई महिलाएं

इस तरह देखा जाए तो इस बार हुए विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है, इसके पीछे महिला सशक्तिकरण एवं चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा महिलाओं के लिए घोषणा पत्र में विशेष स्थान दिया जाना भी माना जा रहा है।ऐसे में यह अंदाजा लगाना मुश्किल है की महिलाओं का झुकाव किस दल की ओर रहा है। फिलहाल मतदान उपरांत एवं मशीने स्ट्रांग रूम में रखी गई है जिसे आगामी 3 दिसंबर को मतगणना के दौरान खोला जाना है, उसी दिन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा तब तक कयासों का दौरा जारी रहेगा।

### कलेक्टर ने जताया आभार




जांजगीर, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर-चांपा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्विघ्न पूर्ण होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकतंत्र के इस महा पर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही विधानसभा निर्वाचन 2023 को निर्विघ्न पूर्ण कराने में मतदान दल के सदस्यों अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस सुरक्षा बलों के सदस्यों, एनएसएस, स्काउट गाईड, हसदेव के हीरो स्वीप की गतिविधियों से जुड़े स्वयं सेवकों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी उन्होंने आभार ज्ञापित किया।

# अब अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध कार्य करने वालों की ली जा रही खोज-खबर

### मतदान खत्म होने के साथ ही राजनीतिक दलों ने शुरू की समीक्षा

**जांजगीर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण के मतदान खत्म होने के साथ ही राजनीतिक दलों ने समीक्षा शुरू कर दी है। इसी कड़ी में के कांग्रेस प्रत्याशियों को रायपुर तलब कर समीक्षा की गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान प्रत्याशियों ने विधानसभा क्षेत्र में अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध कार्य करने वालों की शिकायत भी की है, जिस पर प्रदेश संगठन गंभीरता से कार्य करते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी है।

इसी कड़ी में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने पर प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैदू ने राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्रीमती पुष्पा पाटले को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विधानसभा चुनाव-2023 में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पार्टी अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने का मामला संज्ञान में आया है, जो पार्टी अनुशासनहीनता की परीधि में आता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्रीमती पुष्पा पाटले कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के लिए निर्देशित किया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज के निर्देशानुसार कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है। जारी नोटिस का लिखित जवाब / स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करने कहा गया है।


छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी
क्रमांक 1261
विधानसभा चुनाव - 2023
-: कारण बताओ नोटिस :-
श्रीमती पुष्पा पाटले

# स्ट्रांग रूम किया गया सील 3 दिसम्बर को होगी मतगणना


### स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात




जांजगीर, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा मतदान के पश्चात सभी मतपेटियों के आने के बाद विधानसभा जांजगीर चांपा एवं अकलतरा सामान्य प्रेक्षक सुश्री प्रीति, विधानसभा पामगढ़ सामान्य प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शासकीय पॉलिटेक्निक जांजगीर में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र के दरवाजे पर सुरक्षा के जवान तैनात हो गए हैं। स्ट्रांग रूम में विधानसभावार अलग-अलग ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, सर्व रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## रासेयो ज्ञानदीप इकाई के छात्रों का 7 दिवसीय विशेष शिविर

**जांजगीर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना की ज्ञानदीप इकाई जांजगीर के छात्रों का 7 दिवसीय विशेष शिविर ज्ञानरोशनी लोक कल्याण संस्था खोखरा जांजगीर में प्रारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन दोपहर 2 बजे एलएस गौतम सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक के कर कमलों से एवं रतनलाल राठौर सेवानिवृत्ति व्याख्याता की विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।



मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा शिविरार्थी छात्रों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी रंजीत डहरिया द्वारा छात्रों को शिविर के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । एनएसएस का यह सात दिवसीय विशेस शिविर संस्था प्राचार्य डॉ अखिलेश कटकवार के मार्गदर्शन संचालित होगा। आज कार्यक्रम अधिकारी ने एनएसएस गीत गवाया गया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया । आज प्रथम दिवस के सर्वे कार्यक्रम के अंतर्गत शिविरार्थी द्वारा कैंप परिसर , कमरों एवं बरामदे की साफ-सफाई की गई।

## मतदान कराकर लौटे मतदान दलों का कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया स्वागत

सक्ती, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। सक्ती जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। पोलिंग बूथों में मतदान के पूर्ण होने के बाद मतदान दलों की वापसी पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने तीनों विधानसभा क्षेत्रों के दल के सभी सदस्यों का स्वागत किया। मतदान दल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी।



**कुसुमझर मतदान केन्द्र से स्ट्रॉन्ग रूम पहुंची पहली संगवारी दल का भी कलेक्टर ने किया स्वागत**

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शासकीय प्राथमिक शाला कुसुमझर की आदर्श संगवारी मतदान केंद्र की महिला मतदान दल के अधिकारियों का शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराकर मतदान संग्रहण केन्द्र पहुंचने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान करते हुए शुभकामनाएं दी। जिस पर उक्त मतदान दल के पीठासीन अधिकारी ने बताया कि ये उनका पहला मतदान कराने का अनुभव था। जिला प्रशासन के सतत मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण से हमें बहुत मदद मिली। दल के सभी सदस्यों व जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला।

# संगवारी केंद्रों में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराकर लौटी महिला मतदान कर्मी

**अम्बिकापुर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के तीनों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न कराकर मतदान दलों की सकुशल वापसी शुरू हो गई है। मतदान कराकर लौटे सबसे पहले दल का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार तथा एसपी श्री सुनील शर्मा ने स्वागत किया। लुण्ड्रा विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 31 रामनगर से सफलतापूर्वक मतदान कराकर लौटे पहले दल का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन तथा पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने सभी सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने बधाई देते हुए मतदान दल का कुशलक्षेम जाना। इसी तरह संगवारी मतदान केंद्रों में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराकर लौटी महिला मतदान कर्मीयों का भी उत्साह का साथ स्वागत किया गया और बधाई दी गई। संगवारी मतदान केंद्र बरगंवा 02 मतदान केंद्र क्रमांक 03, बरगंवा 01 मतदान केंद्र क्रमांक 02, बरगंई मतदान केंद्र क्रमांक 06 सीतापुर से महिला मतदान कर्मी मतदान संपन्न कराकर लौटी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन ने मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# छठ पूजा, व्रती महिलाएं डूबते सूर्य को अर्ध्य देंगी आज

### नदी व तालाबों के विभिन्न घाटों में तैयारी पूरी, उदयीमान सूर्य की पूजा कल

**जांजगीर**, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। सूर्य आराधना का पर्व छठ का प्रारंभ शुक्रवार को नहाए खाए के साथ शुरू हो गया है। शनिवार को व्रतियों ने खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ किया। इसके बाद रविवार की शाम को विभिन्न नदी व तालाबों के घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा की जाएगी। वहीं सोमवार की सुबह उदयीमान सूर्य की पूजा अर्चना के साथ महापर्व का समापन होगा।




चार दिवसीय लोक आस्था का पर्व छठ का प्रारंभ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ हो गया है। शनिवार को खरना मनाया गया। इस दिन व्रती पूजा के लिए सभी तैयारी किया। दिन भर के उपवास के बाद रात में खीर का प्रसाद ग्रहण किया । इसी के साथ 36 घंटेका निर्जला उपवास प्रारंभ होगया। जांजगीर नैला, चांपा सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर छठ किया जाने लगा है। छठ के लिए सामग्री की खरीदी कर ली गई है। रविवार को विभिन्न नदी व तालाबों के घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की जाएगी, वहीं सोमवार की सुबह उदयीमान सूर्य की पूजा अर्चना के साथ ही चार दिवसीय पर्व का समापन होगा। छठ पर्व के लिए नदी व तालाबों के विभिन्न घाटों में तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

जांजगीर - नैला में रामप्रसाद तालाब, चांपा के डोंगाघाट, लछनपुर सहित अन्य जगहों में घाटों पर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। हसदेव नदी के किनारे भोजपुरी समाज के छठ घाट की सपुाई कर पूरी तैयारी कर ली गई है। इसी तरह डोंगाघाट में भी बड़ी संख्या में भुवन भास्कर को व्रती अर्घ्यदेते हैं। यहां के अलावा हथनेवरा के समीप बने घाट पर भी छठ पूजा के लिए श्रद्धालु एकत्र होते हैं। इस पर्व को उत्तर भारतीयों के साथ ही स्थानीय लोग भी मनाने लगे हैं। छठ पूजा सेवा समिति नैला जांजगीर द्वारा रामप्रसाद तालाब नैला में पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। समिति के अध्यक्ष शशिकपूर उपाध्याय, सचिव दीपक सिंह ने बताया कि छठ पूजा का प्रारंभ शुक्रवार 17 नवंबर को नहाय खाय और कद्दू भात के साथ प्रारंभ हुआ। शनिवार18 नवंबर को खरना के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ किया। रविवार 19 नवंबर की शाम अस्ताचलगामी भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया जाएगा।

वहीं सोमवार 20 नवंबर की सुबह उदयीमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा। छठ पूजा में सापु सपुाई का विशेष महत्व होता है। पूजा के लिए पकवान घर में निर्मित होता है। पकवान बनाने के लिए गेहूं को धोकर सूखाने के क्रम में चिड़ियों का विशेष ध्यान रखा जाता है। पकवान में ठेकुवा का विशेष महत्व है, जो घर में बनाया जाता है।

# देश विदेश

## अफगानिस्तान में तीन अलग अलग दुर्घटनाओं में 24 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 24 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के शनिवार को बताया कि उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत के अर्घंज ख्वा जिले में शुक्रवार सुबह दो कारों की भिडंत में कम से कम 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने दुर्घटना की वजह लापरवाही से ड्राइविंग बताया और कहा कि गैरजिम्मेदारी से वाहन चलाने से अक्सर निर्दोष यात्रियों की जान जाती है।

# इजरायल ने हमास से कई गुना ज्यादा लोगों को बंधक बनाया : एर्दोगन

**अंकारा,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। तुर्की गाजा पट्टी में बंधकों की अदला-बदली की वकालत करता है, लेकिन समस्या यह है कि इजरायल ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास की तुलना में कई गुना अधिक लोगों को बंधक बना रखा है।

**तुर्की ने बंधकों की अदला-बदली की वकालत की**

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने शुक्रवार को यह बात कही। श्री एर्दोगन ने बर्लिन में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ बंधकों की अदला-बदली पर एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हां, हम भी इसकी वकालत करते हैं। अगर बंधकों की संख्या की बात करें तो इजरायल के पास कितने बंधक हैं और हमास के पास कितने बंधक हैं। अगर आप इस पर गौर करें तो, इजरायल ने कई गुना ज्यादा लोगों को बंधक बना रखा है, अगर हम इस पर आंखें मूंद लें तो यह अनुचित होगा।



## इजरायल ने अल-शिफा अस्पताल खाली करने को कहा

**गाजा।** इजरायली सेना ने गाजा शहर में एक घंटे के भीतर अल-शिफा अस्पताल को खाली करने को कहा है। फिलिस्तीन टीवी ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। अस्पताल के सूत्रों ने मीडिया को बताया कि इजरायली सेना के अस्पताल को खाली करने को कहने के बाद से अस्पताल में घबराहट और भय की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सूत्रों ने चिकित्साकर्मियों को हवाला देते हुए कहा, जब तक एक भी मरीज अस्पताल में हम मरीजों के साथ कुछ भी गलत नहीं होने देंगे और न ही हम अस्पताल छोड़ेंगे।

## दक्षिणी गाजा पर इजरायली बमबारी में 26 नागरिकों की मौत

**गजा।** दक्षिण गाजा में खान यूनिस शहर पर शनिवार तड़के इजरायली बमबारी में लगभग 26 फिलिस्तीन नागरिक मारे गए। फ़िलिस्तीनी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी दी है। स्थानीय सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायली विमानों ने खान यूनिस के अपार्टमेंटों पर कई हमले किए, जिससे 26 नागरिकों की मौत हो गई, मृतकों से ज्यादातर बच्चे थे। हमले में कई लोग घायल हो गए हैं। इज़रायली सेना ने रिपोर्ट पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की।



## मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**माले,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। मोहम्मद मुइज्जू ने शुक्रवार को राजधानी माले में एक समारोह में मालदीव के 8वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति कार्यालय यह जानकारी दी है। श्री मुइज्जू ने रिपब्लिक स्क्वायर पर आयोजित पीपुल्स मजलिस की विशेष सभा में राष्ट्रपति पद की शपथ ली। श्री मुइज्जू ने शपथ ग्रहण के बाद शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किए। शपथ पत्र पर मुख्य न्यायाधीश अहमद मुथासिम अदनान और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। राष्ट्रपति ने अपने उद्घाटन भाषण में मालदीव के नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने मालदीव की विदेश नीति के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें पड़ोसी और दूर के देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों के संरक्षण पर जोर दिया गया।



राष्ट्रपति ने घोषणा की कि उनका प्रशासन पर्यटन उद्योग को अत्यधिक प्राथमिकता देगा एवं सरकार पर्यटन उद्योग के प्रबंधन और उसे आगे बढ़ाने के लिए नए दृष्टिकोण विकसित करेगी। राष्ट्रपति के भाषण में अर्थव्यवस्था, शिक्षा, युवा विकास, महिलाओं के अधिकार और आवास नीति सहित कई विषय शामिल थे। समारोह में उपराष्ट्रपतिहुसैन मोहम्मद लतीफ ने भी

## सुडोकू 6380


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 9 | 5 | | |
| | 9 | | | | 8 | | 3 | |
| 5 | 4 | 8 | 6 | | | | | 1 |
| | 8 | | 3 | | | | 1 | 2 |
| | 5 | 4 | 1 | | 7 | 3 | 8 | |
| 1 | 6 | | | | 4 | | 9 | |
| 8 | | | | | 5 | 1 | 4 | 7 |
| | 1 | | 7 | | | | 2 | |
| | | 2 | 9 | 4 | | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6380




**बायें से दायें:-**

१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
८. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५. सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जिसे तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में धन
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**

१. करत-करत अभ्यास के...होत सुजान
२. मृत्यु-शोक (उर्दू)
३. 'टाईम कीपर'
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाह (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6379



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 19 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आपके किसी कार्य या प्रोजेक्ट को सरकार की तरफ से लाभ हो सकता है। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा हो सकती है। ऑफिस के काम से प्रवास होने की संभावना है।

वृषभ - विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अधिक अवसर मिलेंगे। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे- सम्बंधियों से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। व्यापार धंधे में भी आर्थिक लाभ हो सकेगा।

मिथुन - स्वभाव की आक्रमकता के कारण आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। स्वास्थ्य अच्छा न हो, तो भी अभी कोई नई चिकित्सा पद्धति नहीं अपनानी चाहिए अथवा ऑपरेशन टालना चाहिए। आत्म सम्मान को ठेस न पहुंचे।

कर्क - प्रेम और स्नेह की भावनाओं से अभिभूत हुआ मन आज किसी खास व्यक्ति की तरफ आकर्षित होगा। मनोरंजन और मौज-शौक में आपका दिन व्यतीत होगा।

सिंह - उदासीनता और शंका आपको बेचैन करेंगे। दैनिक काम पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा। अधिक परिश्रम करने पर भी निर्धारित फल नहीं मिलेगा। नौकरी के स्थान पर संभलकर चलना पड़ेगा।

कन्या - आज आपको चिंता और भय परेशान करेगा। पेट सम्बंधी तकलीफ हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे। अचानक किसी बड़े खर्च आने की आशंका बनी रहेगी। बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

तुला - आज आपको सावधान रहने की जरूरत है। सतत विचारों के कारण आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी। घर में माता और स्त्रीवर्ग की चिंता हो सकती है। आज यात्रा करने से बचना आपके हित में रहेगा।

वृश्चिक - आप काम में सफलता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि होने की संभावना है। सहोदरों के साथ पारिवारिक मामलों पर चर्चा करेंगे और घरेलू योजनाएं बना सकेंगे।

धनु - पारिवारिक सदस्यों के साथ कोई मतभेद हुआ हो, तो आज इगो को अलग रखकर मतभेद दूर करें। गलत जगह पैसे खर्च हो सकते हैं। मन में दुविधा रहने से कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई हो सकती है।

मकर - आज की शुरुआत भगवान की भक्ति और स्मरण से कर सकेंगे। पारिवारिक वातावरण बहुत अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्नेहियों से मेल-मुलाकात हो सकती है। इससे खुशी अनुभव करेंगे। आपका कामकाज सरलतापूर्वक पूरा होगा।

कुंभ - पैसे के लेन-देन में आज बहुत ध्यान रखें। आज किसी को भी पैसा उधार देने से बचें। मन में भय रहेगा। इस कारण एकाग्र नहीं रह पाएंगे। स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। गलत जगह निवेश की योजना बना सकते हैं।

मीन - आप समाज में विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक कार्यक्रम में आप भाग ले सकेंगे। आपको मित्रों और बुजुर्गों से अच्छी मदद मिलेगी। कोई नया नेटवर्क बनेगा। नौकरी या व्यवसाय में आपकी आय बढ़ेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ईयू की लेयेन मिस्र जॉर्डन की यात्रा करेंगी

**ब्रसेल्स,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शनिवार को मिस्र और जॉर्डन का दौरा करेंगी तथा दोनों क्षेत्रीय नेताओं के साथ गाजा पट्टी के मौजूदा घटनाक्रम पर चर्चा करेंगी। सबसे पहले, सुश्री लेयेन मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह सिसी से मिलने के लिए काहिरा जाएंगी। मिस्र की राजधानी में रहते हुए, यूरोपीय आयोग की प्रमुख यूरोपीय संघ की मानवीय आपूर्ति की डिलीवरी का स्वागत करने के लिए एल-अरिश हवाई अड्डे का भी दौरा करेंगी, जो दिन में बाद में आने वाली है। उसके बाद, सुश्री लेयेन अम्मान के लिए उड़ान भरेंगी, जहां वह जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात करेंगी। जॉर्डन की उनकी यात्रा किंग अब्दुल्ला द्वितीय की पिछले सप्ताह ब्रसेल्स यात्रा के बाद होगी।



# फिनलैंड ने रूसी सीमा पर 4 क्रॉसिंग प्वॉइंट बंद किए

**हेलसिंकी,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। फिनलैंड सरकार ने शरण चाहने वालों की वृद्धि को रोकने के प्रयास में रूस के साथ देश की सीमा पर चार क्रॉसिंग प्वॉइंट को बंद करने का आदेश दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, फिनिश बॉर्डर गार्ड के अनुसार, इस सप्ताह लगभग 300 शरण चाहने वाले देश में पहुंचे। अकेले शुक्रवार को ऐसे 100 आगमन हुए। हेलसिंकी द्वारा मॉस्को पर नॉर्डिक राष्ट्र के नाटो में शामिल होने के प्रतिशोध में प्रवासियों को क्रॉसिंग पर भेजने का आरोप लगाने के बाद शुक्रवार रात को दक्षिण-पूर्व फिनलैंड में वलीमा, नुइजामा, इमात्रा और नीराला सीमा चौकियों को बंद कर दिया गया।



**सीरिया, यमन और इराक के नागरिकों द्वारा अवैध सीमा पार करने की हो रही थी वृद्धि**

फ़िनिश बॉर्डर गार्ड ने कहा कि सीरिया, यमन और इराक सहित देशों के नागरिकों द्वारा अवैध सीमा पार करने में वृद्धि देखने के बाद चार क्रॉसिंग पर अवरोध लगाए जाएंगे। चार सीमा क्रॉसिंगों को बंद करने की पुष्टि करते हुए, प्रधान मंत्री पेटेरी ओर्पो ने बताया कि फिनलैंड के सुदूर उत्तर में सल्ला और वर्टियस के बिंदु शरण आवेदनों के लिए खुले रहेंगे। उन्होंने रूस पर जानबूझकर बिना उचित दस्तावेजों के लोगों को सीमा तक पहुंचने में मदद करने का भी आरोप लगाया। रूसी राज्य समाचार एजेंसी टीएएसएस ने कहा कि फिनलैंड के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार रात कहा कि फिनिश अधिकारियों ने द्विपक्षीय संबंधों को नष्ट करने का रास्ता अपनाया है, फिनलैंड की रूस के साथ 1,340 किलोमीटर लंबी सीमा है, जो यूरोप की सबसे लंबी सीमा है।

# कश्मीर में सर्दियों में आग की घटनाओं से निपटना एक चुनौती

**जम्मू,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि कश?मीर में सर्दियों के मौसम में बार-बार होने वाली आग की घटनाओं से निपटने की खतरनाक चुनौती पिछले कई सालों से बनी हुई है। और इस साल भी सर्दी की शुरूआत के साथ ही अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग ने अपने कर्मियों और मशीनरी को तैयार कर लिया है और राजधानी शहर श्रीनगर में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 70 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा है। जानकारी के लिए आमतौर पर,



**राज्य में हर साल 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं हो रही**

कश?मीर में शुष्क मौसम की स्थिति के कारण शरद ऋतु के मौसम और सर्दियों की शुरुआत के दौरान आग की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है, क?योंकि ठंड से निपटने के लिए गैस हीटर के अलावा हीटर, तेल से भरे रेडिएटर, इलेक्ट्रिक कंबल सहित बिजली के उपकरणों का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। ऐसे में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के सहायक निदेशक आकिब हुसैन मीर कहते थे कि हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनके बकौल हमारे अग्निशमन कर्मी सतर्क स्थिति में हैं। केवल श्रीनगर शहर में 50 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा गया है, जबकि 20 से अधिक छोटे फायर टेंडर भी अग्निशामकों के निपटान में हैं। इसके अलावा, वे कहते थे कि शहर के भीड़भाड़ वाले हिस्सों तक पहुंच को सक्षम करने के लिए छोटे आकार के फायर टेंडर शुरू किए गए हैं।

## फिलीपींस में भूकंप से मरने वालों की संख्या सात हुई

**मनीला,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। फिलीपींस में मिंडानाओ द्वीप के कई इलाकों में शुक्रवार को आए 6.7 की तीव्रता वाले भूकंप में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। फिलीपीन अखबार इन्क्वायरर ने देश के नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) के हवाले से शनिवार को यह खबर दी। दक्षिणी फिलीपींस में कल शक्तिशाली भूकंप आया। अधिकारियों ने शुरू में 7.2 की तीव्रता की सूचना दी थी, फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने बाद में भूकंप की तीव्रता को घटाकर 6.8 कर दिया और संभावित झटकों की चेतावनी दी। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने तीव्रता को और घटाकर 6.7 कर दिया। भूकंप के कारण कई कस्बों में बिजली गुल हो गई और कई स्कूल भवन और घर क्षतिग्रस्त हो गए। मीडिया ने बताया कि जनरल सैंटोस सिटी में एक कंक्रीट की दीवार से कुचलकर एक जोड़े की मौत हो गई, जिससे शुरुआत में मरने वालों की संख्या दो हो गई। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने बाद में कल कहा कि उन्होंने सरकारी एजेंसियों को मिंडानाओ में भूकंप पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान करने का निर्देश दिया है। फिलीपींस भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है जिसे रिंग ऑफ फायर के नाम से जाना जाता है और यहां अक्सर शक्तिशाली भूकंप आते रहते हैं।

## सुडोकू 6380 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 |

## आज का इतिहास

1835-1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जन्म।
1917-भारत की चौथी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म।
1933-यूरोपीय देश स्पेन में महिलाओं को मताधिकार का अधिकार मिला।
1951-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1952-स्पेन यूनेस्को का सदस्य बना।
1977-मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की ऐतिहासिक इजरायल यात्रा।
1982-नौवें एशियाई खेल दिल्ली में शुरु।
1986-पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू हुआ।
1994-भारत की ऐश्वर्या राय मिस वर्ल्ड चुनी गईं।
1995-कर्णम मल्लेश्वरी ने भारोत्तोलन में विश्व कीर्तिमान बनाया।
1997-कल्पना चावला अंतरिक्ष जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
1998-कैंब्रिज स्थित इंटरनेशनल बायोग्राफ़िकल सेंटर ने भरनाट्यम की प्रख्यात नृत्यांगना कोमला वर्धन को वर्ष 1998 का %वूमेन ऑफ दी इयर% पुरस्कार के लिए चुना।
2000-पाकिस्तान की एक अदालत द्वारा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की माँ नुसरल भुट्टो को दो वर्ष के कठिन कारावास की सज़ा।
2002-आस्कर पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता जेक्स कोबर्न का लास एंजिल्स में निधन।
2005-पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने भारत को भूकम्प पीड़ितों के हित में कश्मीर समस्या सुलझाने का सुझाव दिया।
2006-भारत ने परमाणु ऊर्जा और यूरेनियम सप्लाई के लिए आस्ट्रेलिया का समर्थन मांगा।

**आयोजन** *विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में दी जानकारी*

# 22 नवम्बर को जी-20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत की अध्यक्षता में जी-2 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विगत दस सितंबर को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित जी2 शिखर सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि भारत की जी-2 अध्यक्षता के समापन से पहले भारत जी2 नेताओं के एक आभासी शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।**

इसी के अनुरूप प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जी-20 नेताओं का आभासी शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष सहित सभी जी-20 सदस्यों के नेताओं, साथ ही नौ अतिथि देशों और 11 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य है कि नयी दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में नेताओं की घोषणापत्र को सर्वसम्मति से अपनाया गया था। वर्चुअल शिखर सम्मेलन, नई



दिल्ली शिखर सम्मेलन के प्रमुख, चयनित परिणामों/कार्य बिंदुओं को आगे बढ़ाएगा और साथ ही तब से हुए विकास की समीक्षा भी करेगा। कल 17 नवंबर को आयोजित दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के विचार-विमर्श भी चर्चा में शामिल होंगे। वर्चुअल जी20 शिखर सम्मेलन में प्रासंगिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों सहित विभिन्न जी-20 निर्णयों के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिये जाने की भी उम्मीद है।

भारत के पास 30 नवंबर तक जी-20 की अध्यक्षता है। 2024 में ब्राज़ील की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 ट्रोइका में भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका शामिल होंगे।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टू प्लस टू वार्ता सोमवार को

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों के बीच दूसरी टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता सोमवार को यहां होगी। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस और विदेश मंत्री सुश्री पेनी वोंग वार्ता के लिए रविवार को दो दिन की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ वार्ता की सह अध्यक्षता करेंगे। टू प्लस टू वार्ता से पहले दोनों देशों के मंत्री द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। दोनों देशों के बीच पहली टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता सितंबर 2021 में हुई थी।

## दुनिया को जानें

### जापान में इन्फ्लूएंजा के मामलों में गिरावट दर्ज की गई

**टोक्यो,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। जापान में इस सप्ताह नियमित रूप से निगरानी किए जाने वाले प्रत्येक चिकित्सा संस्थान में इन्फ्लूएंजा रोगियों की औसत संख्या 17.35 हो गई, जो एक सप्ताह पहले की तुलना में 3.78 कम है। लगभग तीन महीनों में यह पहली सप्ताह-दर-सप्ताह गिरावट है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान ने शुक्रवार को कहा कि देश भर में लगभग 5,000 ऐसी नामित सुविधाओं ने रविवार तक सप्ताह में 85,766 मामले दर्ज किए। 14 अगस्त से शुरू होने वाले सप्ताह के बाद पहली बार प्रति संस्थान संख्या में सप्ताह दर सप्ताह गिरावट आई है। संस्थान ने कहा है कि रविवार तक आने वाले सप्ताह में देशभर में मरीजों की अनुमानित संख्या 635,000 है, जो पिछले सात दिनों की अवधि से 98,000 कम है। टोहो विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी और संक्रामक रोग विभाग के प्रोफेसर काज़ुहिरो तातेदा ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों को यह निर्धारित करने के लिए कई हफ्तों तक स्थिति की निगरानी करने की आवश्यकता है कि क्या मामलों की संख्या में गिरावट जारी रहेगी।

# खेल जगत

## मैक्सवेल को बहुत अच्छी गेंदबाजी करनी होगी : इयान चैपल

**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज लेग स्पिनर एडम ज़म्पा को संभालने में सक्षम हैं तो रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में ग्लेन मैक्सवेल को बहुत अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। ज़म्पा ने रविवार के फाइनल में टूर्नामेंट के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में प्रवेश किया, उन्होंने 21.40 की औसत और 5.47 की इकॉनमी रेट से 22 विकेट लिए। दूसरी ओर, मैक्सवेल का इकॉनमी रेट 4.72 रहा है और उन्होंने सितंबर में राजकोट में भारत के खिलाफ शानदार 4-40 का विकेट आंकड़ा भी हासिल किया था। चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, भारतीय स्पिन को बहुत अच्छा खेलते हैं और मुझे लगता है कि अगर वे समझदारी से खेलते हैं तो वे शायद ज़म्पा को बहुत अच्छी तरह से संभाल लेंगे, जिसका मतलब है कि मैक्सवेल को वास्तव में अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।



# अजेय भारत अब वन डे विश्व कप जीतने को बेताब

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 18 नवंबर (देशबन्धु)। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई वाली अजेय भारतीय टीम अब ऑस्ट्रेलिया को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में रविवार को फाइनल में भी हरा लगातार 11वीं जीत के साथ 12 बरस बाद फिर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप खिताब जीतने को बेताब है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दो दशक के बाद फिर फाइनल में आमने-सामने होंगे। मेजबान भारत अपनी मौजूदा फॉर्म के साथ बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन के कारण फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खिताब जीतने का प्रबल दावेदार है। भारत ने मौजूदा संस्करण में अपना अभियान ऑस्ट्रेलिया को चेन्नै में छह विकेट से हराकर शुरू किया था। भारत ने इस साल ऑस्ट्रेलिया से अपने पिछले पांच में से तीन मैच जीते हैं। भारत के पास अब ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में भी हराकर तीसरी बार वन डे विश्व कप खिताब जीतने का सुनहरा मौका है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के हाथों राउंड रॉबिन लीग में हार से आगाज करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लीग और सेमीफाइनल सहित लगातार आठ मैच जीत सही वक्त पर अपनी रंगत पा ली है। भारत को ऐसे में ऑस्ट्रेलिया से पूरी तरह चौकस रहने की जरूरत है। कप्तान रोहित शर्मा के पास फटाफट क्रिकेट में अपने नए दे दनादन , दे दनादन के अवतार में अपना नाम महान ऑलराउंडर कपिल देव (1983) और कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी (2011) की तरह भारत को वन डे विश्व कप जिताने वाले अनुकरणीय कप्तानों की फेहरिस्त में नाम दर्ज कराने का मौका है। चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के पास आठवी फाइनल में पहुंचने वाली ऑस्ट्रेलिया से 2003 में जोहानिसबर्ग में फाइनल में 125 रन की हार का हिसाब चुका कर उसी की तरह लगातार 11 वां मैच जीत अजेय रहकर खिताब जीतने का मौका है। भारत इस मौके को पूरी तरह भुनाने को बेताब है। दुनिया की दोनों दिग्गज टीमों भारत और



ऑस्ट्रेलिया के बीच बेहद रोमांचक फाइनल की उम्मीद है। भारत को अपनी फील्डिंग जरूर और चौकस करनी होगी क्योंकि फाइनल में एक भी छूटा कैच उसकी खिताब जीतने की हसरत पर पानी फेर सकता है। भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में जरा सी भी ढील की गुंजाइश नहीं है। भारत को फाइनल में जरा सी चूक सांप सीढ़ी के खेल की तरह एकदम धरती पर ला सकती है। इस फाइनल को देखने के लिए हर भारतीय क्रिकेट प्रेमी के साथ दुनिया भर में क्रिकेट प्रेमी बेताबी से मैदान के साथ अपने अपने घरों में टीवी पर मौजूदा संस्करण में हर गेंद को खेलने के लिए बेताबी से इंतजार करेंगे। कप्तान रोहित शर्मा सहित मौजूदा भारतीय टीम के करीब आधा दर्जन का खिलाड़ियों का यह अंतिम वन डे विश्व कप है और वह इसी लिए इसमें भारत के जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। दोनों टीमों के लिए फाइनल में शुरू के दस ओवर बेहद इसके नतीजे में खासे अहम रहने वाले है क्योंकि भारत के पासं शीर्ष क्रम में खुद कप्तान रोहित शर्मा व उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल जैसे दे दनादन में माहिर बल्लेबाजों के साथ विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे बराबर स्कोर बोर्ड को चला कर किसी भी तूफान से टीम की नैया को किनारे लगाने वाले सक्षम बल्लेबाज हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पास हालात कोई भी हो अपने स्वच्छंद अंदाज में खुल कर खेलने वाले बाएं हाथ के ट्रेविज हेड और डेविड वॉर्नर की सलामी जोड़ी के साथ तीसरे नंबर पर विस्फोटक मिचेल मार्श जैसे बल्लेबाज हैं जो शुरू से ही दे दनादन कर मैच का रुख शुरू में अपनी टीम की ओर मोडने में सक्षम हैं। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पास निचले मध्यक्रम में मौजूदा संस्करण में दोहरा शतक जडने वाले ग्लेन मैक्सवेल जैसा हारी बाजी पलटने में सक्षम बल्लेबाज है। मौजूदा संस्करण में तीन शतकों और पांच अर्द्धशतकों सहित भारत के विराट कोहली (कुल 711 रन) रन बनानें में और रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी छह मैचों में कुल 23 विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (कुल 22 विकेट) शमी के बाद फिलहाल मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने में दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ओर से अब तक मौजूदा संस्करण में अब सात-सात शतक जड़े गए हैं। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के आठ के मुकाबले भारत की ओर से जड़े 16 अर्द्धशतक मेजबान टीम की बल्लेबाजी की गहराई को बताते हैं। हार्दिक पांडया के चोट के शुरू के चार मैचों के बाद बाहर होने से भारत बाकी के छह मैचों में खासतौर पर शमी की चमत्कारिक गेंदबाजी के चलते खालिस पांच गेंदबाजों से मैच जीतने में कामयाब रहा है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी दो-दो शतक जडने वाले ग्लेन मैक्सवेल(कुल 398 रन), डेविड वॉर्नर(कुल 528 रन) और मिचेल मार्श (कुल 426 रन) के साथ आखिर के पांच मैचों में टीम से जुड़े और उतरते ही न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जडने वाले सलामी बल्लेबाज ट्रेविज हेड पर निर्भर है। भारत की खुशकिस्मती है कि मौजूदा संस्करण में अब तक सेमीफाइनल में सहित छह मैचों में तीन बार पांच या इससे अधिक चटका सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले मोहम्मद शमी(कुल 23 विकेट) के साथ सदाबहार जसप्रीत बुमराह(कुल 18 विकेट) और मोहम्मद सिराज(कुल 13 विकेट) की रफ्तार के सौदागरों की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ चतुर लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल 15 विकेट) और बेहद शांत रवींद्र जडेजा (कुल 16 विकेट) हैं। एक दिलचस्प बात यह है कि अहमदाबाद में मौजूदा संस्करण में मैन ऑफ द' मैच जसप्रीत बुमराह की अगुआई में मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में गेंदबाजों के इकाई के रूप में बढ़िया प्रदर्शन तथा कप्तान रोहित शर्मा की मात्र 63 गेदों में 6 छक्कों और 6 चौकों की 83 रन) तथा श्रेयस अय्यर के अविजित 53 रन से भारत ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट शिकस्त दी थी जबकि ऑस्ट्रेलिया ने एडम जम्पा के हरफनमौला खेल से चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 33 रन से हराया था। भारत को बतौर तेज गेंदबाज बुमराह के साथ सबसे खतरनाक व कामयाब शमी उपलब्ध हैं और वह इन दोनों से गेंद से रफ्तार के साथ धार और कप्तान रोहित शर्मा से पाकिस्तान के खिलाफ मैच जैसी तूफानी पारी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में भी खेलने की आस लगाए है।

### भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन

| बल्लेबाज | मैच | कुल रन | सर्वोच्च | औसत | स्ट्राइक रेट | शतक/अर्द्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 10 | 711 | 117 | 101.57 | 90.68 | 3/5 |
| रोहित शर्मा | 10 | 550 | 131 | 55.00 | 124.15 | 1/3 |
| श्रेयस अय्यर | 10 | 526 | 128* | 75.14 | 113.11 | 2/3 |
| केएल राहुल | 10 | 386 | 102 | 77.20 | 98.72 | 1/1 |
| शुभमन गिल | 8 | 350 | 92 | 50.00 | 108.02 | 0/4 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 111 | 39* | 55.50 | 115.62 | 0/0 |

### ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन

| बल्लेबाज | मैच | कुल रन | सर्वोच्च | औसत | स्ट्राइक रेट | शतक/अर्द्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर | 10 | 528 | 163 * | 52.80 | 107.53 | 2/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 8 | 398 | 201* | 66.33 | 150.18 | 2/0 |
| मिचेल मार्श | 9 | 426 | 177 | 53.25 | 107.84 | 2/1 |
| लबुशेन | 10 | 304 | 71 | 33.77 | 75.62 | 0/ 2 |
| ट्रेविज हेड | 5 | 192 | 109 | 38.40 | 139.13 | 1/1 |
| स्मिथ | 9 | 298 | 71 | 37.25 | 81.86 | 0/2 |

### भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट

| गेंदबाज | मैच | ओवर | रन दिए | विकेट | बेस्ट बॉलिंग | इकॉनमी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मोहम्मद शमी | 6 | 41.5 | 210 | 23 | 7/57 | 5.01 |
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 82.5 | 330 | 18 | 4/39 | 3.98 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 83.3 | 355 | 16 | 5/33 | 4.25 |
| कुलदीप यादव | 10 | 85.1 | 368 | 15 | 2/7 | 6.84 |
| मोहम्मद सिराज | 10 | 75.3 | 424 | 13 | 3/16 | 5.6 |
| हार्दिक पांडया | 4 | 16.3 | 113 | 5 | 2/34 | 6.8 |

### ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट

| गेंदबाज | मैच | ओवर | रन दिए | विकेट | बेस्ट बॉलिंग | इकॉनमी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एडम जम्पा | 10 | 86 | 471 | 22 | 4/8 | 5.47 |
| जोश हेजलवुड | 10 | 83.1 | 389 | 14 | 3/38 | 4.67 |
| पैट कमिंस | 10 | 79.3 | 481 | 13 | 3/51 | 6.05 |
| मिचेल स्टार्क | 9 | 77.0 | 473 | 13 | 3/34 | 6.14 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 8 | 62.3 | 295 | 5 | 2/34 | 4.72 |
| मरकस स्टोइनस | 6 | 19.0 | 143 | 4 | 2/40 | 7.52 |

# ऑस्ट्रेलिया टीम की ताकत और कमजोरी, भारत के लिए क्या उम्मीद है?



**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। 2023 पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत में भारत और दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंच चुका है। कोलकाता में कम स्कोर वाले और तनावपूर्ण सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 16 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से जीत दर्ज की। पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया अब अपने आठवें पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में है और रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में छठे खिताब का पीछा करेगा।

**यहां पढ़िए खिताबी मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम का विश्लेषण :**

**ऑस्ट्रेलिया की ताकत :-** टूर्नामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस लौटने के लिए बल्लेबाजी ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख शक्तियों में से एक रही है। चाहे वह ट्रैविस हेड हों (जो हाथ में फ्रैक्चर के कारण शुरू में टूर्नामेंट से चूक गए थे), मिशेल मार्श (426 रन), डेविड वार्नर (528 रन) या ग्लेन मैक्सवेल (398 रन), स्टीव स्मिथ या मार्नस लाबुशेन, सभी ने बल्लेबाजी में योगदान दिया है।

गेंद के साथ, लेग स्पिनर एडम जम्पा शीर्ष फॉर्म में हैं, उन्होंने 22 विकेट लिए हैं। जबकि, मैक्सवेल और हेड के अंशकालिक ऑफ-स्पिन ने उन्हें अच्छा समर्थन दिया है। फाइनल से पहले तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (2/12), मिच स्टार्क (3/34) और कप्तान पैट कमिंस (3/54) का प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के लिए और भी खुशी की बात है।

**कमजोरी :** चेन्नई में भारत के खिलाफ, स्पिन-अनुकूल पिच पर ऑस्ट्रेलिया को नियंत्रण में रखा गया क्योंकि कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर छह विकेट लिए। कुलदीप और जडेजा शीर्ष फॉर्म में हैं, सेमीफाइनल में तबरेज शम्सी और केशव महाराज से ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को कुछ परेशानी हुई, स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी कमजोरी बनी हुई है।

**अवसर :** आखिरी बार 2015 में खिताब जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने छठे पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप खिताब की तलाश में है। उनके पास नॉकआउट में शानदार प्रदर्शन करने की अच्छी क्षमता है और फाइनल जैसे बड़े मैचों में, वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने भारत के खिलाफ 2003 विश्व कप जीता और इस साल के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भी उन्हें हरा दिया।

**खतरा :** प्रतियोगिता में टीमों के लिए बल्ले और गेंद से भारत के दबदबे को रोकना बहुत कठिन रहा है। एक से ग्यारह तक हर कोई शीर्ष फॉर्म में है और उन्होंने विरोधियों को अच्छी तरह से नष्ट कर दिया है। विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की मुख्य चुनौती अजेय भारतीय रथ को रोकना होगा।

# लगातार 1 जीत, टीम इंडिया के स्वप्निल सफर पर एक नजर

**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अपने अजेय प्रदर्शन की बदौलत अक्टूबर से ही शानदार प्रदर्शन कर रही है। लगातार दस मैच जीतने के दबदबे का मतलब है कि दो बार का चैंपियन भारत खिताबी मुकाबले में पहुंच गया है, जहां रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में उसका सामना शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया से होगा। यहां 2023 पुरुष विश्व कप फाइनल में भारत की अजेय यात्रा पर एक नजर है, जहां उन्होंने बड़े पैमाने पर यात्रा की है और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने वफादार प्रशंसकों को ढेर सारी खुशियां दी हैं।

**मैच 1, 8 अक्टूबर: भारत ने चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया:** भारतीय स्पिनरों, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव ने मिलकर छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में सिर्फ 199 रन पर आउट कर दिया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दो ओवर में 2-3 विकेट लेकर भारतीय खेमे में शुरुआती घबराहट पैदा कर दी। लेकिन केएल राहुल (नाबाद 97) और विराट कोहली (85) के बीच 215 गेंदों पर 165 रनों की शानदार साझेदारी ने भारत को ऑस्ट्रेलिया पर छह विकेट से जीत दिलाकर अपने अभियान की शुरुआत की।

**मैच 2, 11 अक्टूबर : भारत ने नई दिल्ली में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया :** जसप्रीत बुमराह (4-39) ने घातक तेज गेंदबाज़ी करते हुए अफगानिस्तान को 272/8 पर रोक दिया। 273 रनों के मुश्किल लक्ष्य के सामने कप्तान रोहित शर्मा ने 131 रनों की पारी खेली और स्थानीय खिलाड़ी विराट कोहली ने नाबाद 55 रनों की पारी खेलकर घरेलू दर्शकों का मनोरंजन करते हुए प्रतियोगिता में भारत की अच्छी शुरुआत को बनाए रखा।

**मैच 3, 14 अक्टूबर: अहमदाबाद में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया :** एक जोरदार मुकाबले में, बुमराह की अगुवाई में भारत के गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिए, जिससे बीच के ओवरों में आश्चर्यजनक पतन हुआ, क्योंकि पाकिस्तान ने 36 रन पर आठ विकेट खो दिए, और 191 रन पर ही समाप्त हो गया। रोहित ने फिर से बल्ले से चमक बिखेरी। 83 रन बनाए जबकि श्रेयस अय्यर ने नाबाद 53 रन बनाकर भारत के लिए जीत की हैट्रिक बनाई।

**मैच 4, अक्टूबर 19: भारत ने पुणे में बांग्लादेश को सात विकेट से हराया :** बाएं टखने की चोट के कारण हार्दिक पांड्या को खोने के बाद, भारत को थोड़े समय के लिए बैकफुट पर रखा गया, इससे पहले कि रवींद्र जडेजा ने 2-38 विकेट लिए और बांग्लादेश को 256/8 पर रोके रखने के लिए मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया। रोहित और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई, इसके बाद कोहली ने नाबाद 103 रन की पारी खेली, जो उनका 48वां एकदिवसीय शतक था और उन्होंने 51 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।



**मैच 5, 22 अक्टूबर: धर्मशाला में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया :** अपने पहले विश्व कप मैच में खेलते हुए, मोहम्मद शमी ने आखिरी दस ओवरों में 5-54 विकेट लेकर शानदार वापसी की और न्यूजीलैंड को 273 रनों पर आउट कर दिया। जवाब में, कोहली ने 104 गेंदों में 95 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि जडेजा ने नाबाद 39 रन की बहुमूल्य पारी खेली,जिससे भारत न्यूजीलैंड पर चार विकेट से जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

**मैच 6, 29 अक्टूबर: भारत ने लखनऊ में इंग्लैंड को 100 रन से हराया :** रोहित ने भारत के लिए सर्वाधिक 87 रन बनाए जबकि सूर्यकुमार यादव ने बैक-एंड में महत्वपूर्ण 49 रन बनाए, जिससे भारत ने मुश्किल दो गति वाली पिच पर 229/9 रन बनाए। शमी ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि बुमराह ने 32 रन देकर 3 विकेट लिए और इंग्लैंड के पहले दस ओवरों में चार विकेट झटके।

कुलदीप ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि जडेजा ने 16 रन देकर 1 विकेट लिया, जिससे भारत ने सटीकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 34.5 ओवर में 129 रन पर आउट कर दिया और तालिका में फिर से शीर्ष पर आ गया।

**मैच 7, 2 नवंबर: भारत ने मुंबई में श्रीलंका को 302 रनों से हराया :** भारत ने 357/8 का स्कोर बनाया, जिसमें गिल, कोहली और अय्यर ने 92, 88 और 82 रनों की पारी खेली, जिससे श्रीलंका को चढ़ने के लिए एक बड़ा पहाड़ मिल गया। नई गेंद से बुमराह, शमी और सिराज ने इस कदर धमाल मचाया कि श्रीलंका की टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 55 रन पर आउट हो गई। बुमराह के पास पांच ओवरों में 1-8 के आंकड़े थे, जबकि सिराज ने बल्लेबाजों को स्विंग और सीम से परेशान करके सात ओवरों में 3-16 रन बनाकर टूर्नामेंट में एक उदासीन समय की भरपाई की। शमी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पांच ओवर में 18 रन देकर 5 विकेट लिए।

**मैच 8, नवंबर 5: भारत ने कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से हराया :** अपने 35वें जन्मदिन पर, कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 101 रन की शानदार पारी खेलकर सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की, और अय्यर के शानदार 77 रन की मदद से भारत ने 326/5 का स्कोर बनाया। जड़ेजा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 33 रन देकर 5 विकेट लिए जबकि कुलदीप ने दो विकेट लिए जिससे दक्षिण अफ्रीका 27.1 ओवर में 83 रन पर आउट हो गया।

**मैच 9, 12 नवंबर: बेंगलुरु में भारत ने नीदरलैंड को 160 रन से हराया :** भारत ने 410/4 का स्कोर बनाया, क्योंकि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने शतक बनाए, कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली ने अर्द्धशतक बनाए। जवाब में, नीदरलैंड्स की टीम 47.5 ओवर में 250 रन पर आउट हो गई, जिसमें सिराज, बुमराह, कुलदीप और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए, वहीं विराट और रोहित को भी एक-एक विकेट मिला।

**सेमीफाइनल, 15 नवंबर: भारत ने मुंबई में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया :** कोहली ने शानदार 117 रन बनाए, जो वनडे में उनका 50वां शतक भी है और उन्होंने महान सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के लंबे समय के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो दिलचस्प है कि यह उनके घरेलू मैदान पर इस महान खिलाड़ी के सामने हुआ था। शुभमन गिल ने 66 गेंदों में नाबाद 80 रन बनाए, जबकि श्रेयस अय्यर ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने 105 रन बनाए, जिससे भारत ने 397/4 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 57 रन देकर 7 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 327 रन पर आउट कर दिया, जिससे खिताबी मुकाबले में भारत की जगह पक्की हो गई।

## सार संक्षेप

### टॉस फैक्टर आएगा काम, अहमदाबाद में रन चेज आसान

**अहमदाबाद।** विश्व कप 2023 एक बार फिर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में लौट आया है। 5 अक्टूबर को टूर्नामेंट का आगाज यहीं हुआ था और अब समापन भी दो बार के विश्व कप विजेता भारत और पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बीच खिताबी मुकाबले के साथ यहीं होगा। टूर्नामेंट का मेजबान भारत शानदार फॉर्म में है। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीते हैं, जिसमें 8 अक्टूबर को चेन्नई में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया पर छह विकेट की जीत भी शामिल है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल करने से पहले दो हार के साथ शुरुआत की लेकिन लगातार आठ मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। इस वेन्यू पर वनडे मैचों में भारत का जीत प्रतिशत 58 है। जबकि, ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 67 प्रतिशत है। पिछली बार जब भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे विश्व कप फाइनल में भिड़े थे, तो यह टूर्नामेंट के 2003 संस्करण में दक्षिण अफ्रीका के वांडरर्स, जोहान्सबर्ग में हुआ था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने 125 रनों से जीत हासिल की थी। आखिरी बार भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे विश्व कप के नॉकआउट मैच में अहमदाबाद में 2011 में भिड़े थे, जहां जीत भारत की हुई थी। क्रिकेट-21.कॉम द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार कप्तानों ने इस वेन्यू पर विश्व कप के चार मैचों में से तीन में पहले गेंदबाजी करना पसंद किया है और उनका यह फैसला सही साबित हुआ।

### अहमदाबाद पहुंचते ही स्टेडियम पहुंचे कमिंस, पिच की फोटो खींचते आए नजर

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के लिए इस्तेमाल की जाने वाली अहमदाबाद पिच की रविवार को तस्वीरें लेते देखा गया। अब ये फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। पिच की फोटो लेते हुए पैट कमिंस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। यह दावा किया जा रहा है कि अगर मैच के दिन पिच में छेड़छाड़ होती है तो ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इसे सबूत के तौर पर पेश करेंगे। इससे पहले, प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमिंस ने विश्व कप फाइनल से पहले अहमदाबाद के विकेट पर बयान दिया था। कमिंस ने कहा, हम हर वार के लिए तैयार है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी जो योजनाएं हैं, वो सफल रहे। पिच को लेकर विवाद तब शुरू हुआ जब बीसीसीआई पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के सेमीफाइनल के लिए पिच के चयन में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया गया। पिच सात से पिच छह पर स्विच करने का मतलब है कि भारत का सेमीफाइनल उस स्ट्रिप पर होगा जिसका उपयोग पिछले दो मैचों इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका और भारत बनाम श्रीलंका के लिए किया गया था। 2003 के प्रतिष्ठित आयोजन की हार का बदला लेने के लिए भारत रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप फाइनल में दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

# अहमदाबाद को किंग कोहली की एक और जादुई पारी का इंतजार

**अहमदाबाद,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। भारत ने बुधवार को न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में प्रवेश किया। इसी मैच में विराट कोहली ने एकदिवसीय करियर का अपना 50वां शतक जड़कर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक वनडे शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने अपना पहला वनडे शतक 2009 में श्रीलंका के खिलाफ कोलकाता में बनाया था। उस समय बहुतों ने सोचा भी नहीं था कि वह इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट पंडितों को भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि कोहली जैसा कोई व्यक्ति आधुनिक क्रिकेट में तेंदुलकर से आगे निकल सकता है। कोहली 2012 आते-आते भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप का अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके थे, लेकिन मास्टर ब्लास्टर के रिकॉर्ड को पार करना अभी भी एक कठिन काम था, यह देखते हुए कि खिलाड़ियों के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना कितना मुश्किल है।

हालाँकि, तेंदुलकर को पता था कि अगर कोई उनके रिकॉर्ड के करीब पहुंच सकता है तो वह कोहली या रोहित शर्मा होंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने 11 साल पहले भविष्यवाणी की थी कि कोहली भविष्य में उनका रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। और जब बुधवार को कोहली ने उनका रिकॉर्ड तोड़ा, तो वह वानखेड़े में तेंदुलकर को सम्मान देने के लिए झुक गए, जहां मास्टर ब्लास्टर ने अपने शुरुआती वर्षों के दौरान क्रिकेट खेला था। कोहली ने इस विश्वकप में तेंदुलकर का एक और रिकॉर्ड तोड़ा है। वह अब तक 711 रन के साथ वनडे विश्व कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने रिकॉर्ड तोड़े नहीं बल्कि इतिहास फिर से लिखा क्योंकि दोनों रिकॉर्ड एक भारतीय खिलाड़ी के ही नाम थे।

इस विराट कारनामे के बाद तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती कि एक भारतीय खिलाड़ी ने उनका रिकॉर्ड तोड़ा, और वह भी सबसे बड़े मंच पर। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि वह युवा लड़का विराट खिलाड़ी बन गया है। मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता कि एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा। और सबसे बड़े मंच पर - विश्व कप सेमीफाइनल में - और मेरा घरेलू मैदान सोने पर सुहागा है। वर्ष 2008 में पदार्पण करने से लेकर 2022 में कप्तानी से हटाए जाने तक कोहली के अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई चुनौतियां आईं। फिर भी, प्रत्येक झटके के बाद वह पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरे, और कई मौकों पर भारत को तब जीत दिलाई जब परिस्थितियां मेन इन ब्लू के खिलाफ थीं। चाहे वह पाकिस्तान के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप में उनकी आक्रामक पारी हो या चल रहे शोपीस इवेंट के लीग मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी मैच बचाने वाली 104 गेंदों में 95 रन की पारी - कोहली ने टीम को तब आगे बढ़ाया है जब इसकी बहुत जरूरत थी।

लक्ष्य का पीछा करने की कला के लिए जाने जाने वाले कोहली ने बाद में बल्लेबाजी करते हुए 27 शतक बनाए हैं। उनके 50 एकदिवसीय शतकों में से 42 बार टीम जीती है जो यह बताता है कि कैसे वह भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में मुख्य आधार रहे हैं। विभिन्न देशों के खिलाफ असाधारण प्रदर्शन के साथ, कोहली की एकदिवसीय बल्लेबाजी की प्रतिभा लगभग हर देश के खिलाफ निखरकर सामने आई है। श्रीलंका के खिलाफ 51 पारियों में 10 शतक बनाकर वह एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं।

वेस्टइंडीज ने 41 पारियों में नौ शतकों के साथ कोहली का कौशल देखा है जबकि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने क्रमश- 46 पारियों में आठ और 31 पारियों में छह शतक लगाये हैं। किंग कोहली 2018 में जबरदस्त फॉर्म में थे। उन्होंने उस साल केवल 14 पारियों में छह शतक बनाए। अगले साल 2019 में भी उनकी असाधारण रन-स्कोरिंग जारी रही। उन्होंने 25 पारियों में पांच शतक बनाए। उनके करियर के शुरुआती वर्षों में 2012 (17 पारियों में पांच शतक), 2013 (30 पारियों में चार शतक), और 2014 (20 पारियों में चार शतक) में उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ लगातार वृद्धि देखी गई।

2011 में उन्होंने 34 पारियों में चार शतक लगाकर अपना दमखम दिखाया। वर्ष 2023 में एक बार फिर कोहली का उदय हुआ है। इस बल्लेबाज ने 23 पारियों में छह शतक लगाए हैं, जिससे भारत को मौजूदा आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन पर भरोसा है।

चूंकि यह (2023 संस्करण) उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ विश्व कप रहा है, क्या कोहली अपना 51वां शतक बना पाएंगे? रविवार का इंतजार करना होगा।



# साहित्य

## थोड़ी दूर और

कहानी

■ वृंदावनलाल वर्मा

जब महमूद गजनवी (सन 1025-26 में) सोमनाथ का मंदिर नष्ट-भ्रष्ट करके लौटा तब उसे कच्छ से होकर जाना पड़ा। गुजरात का राजा भीमदेव उसका पीछा किए चल रहा था। ज्यों-ज्यों करके महमूद गजनवी कच्छ के पार हुआ। वह सिंध होकर मुल्तान से गजनी जाना चाहता था। लूट के सामान के साथ फौज की यात्रा भारी पड़ रही थी। भीमदेव व अन्य राजपूत उस पर टूट पड़ने के लिए इधर-उधर से सिमट रहे थे। महमूद इनसे बच निकलने के लिए कूच पर कूच करता चला गया। अंत में लगभग छह सहस्त्र राजपूतों से उसकी मुठभेड़ हो ही गई।

महमूद की सेना राजपूतों की उस टुकड़ी से संख्या में कई गुनी बड़ी थी। विजय का उल्लास महमूद की सेना में, मार्ग की बाधाओं के होते हुए भी, लहरें मार रहा था। उधर राजपूत जय की आशा से नहीं, मारने और मरने की निष्ठा से जा भिड़े थे।

उन छह सहस्त्र राजपूतों में से कदाचित ही कोई बचा हो। परंतु अपने कम-से-कम दुगुने शत्रुओं को मारकर वे मरे थे।

इस लड़ाई से महमूद का मन खिन्न हो गया। उस समय वह और अधिक युद्ध के संकट को नहीं ओढ़ना चाहता था। महमूद ने गहन रेगिस्तान का मार्ग पकड़ा। सोचा, उत्तर-उत्तर चलते किसी दिन मुल्तान और फिर वहाँ से गजनी पहुँच जाने में कठिनाई नहीं पड़ेगी।

आतुरता के साथ दो-तीन दिन चलते-चलते यकायक उसने देखा तो सामने सिवाय बालू एवं रेतीले टीलों के और कुछ नहीं। मार्ग का नाम-निशान तक नहीं।

ऊँटों पर लदा पीने का पानी कम होने लगा। दूर-पास पानी की एक बूँद भी अप्राप्य। राजपूतों के संकट से पार हुए तो रेगिस्तान का यह प्राणघातिन विभीषिका चारों ओर।

वहाँ रेतीले टीलों के पीछे के छाग (बकरा) की खालों में पानी पीठ पर कसे दो ग्रामीण उसकी छावनी में आए। अधनंगे, बिलकुल फटेहाल। उनके पास पानी देखकर महमूद के सिपाहियों को ढाँढ़स मिला।

उनसे पूछा, 'कौन हो? कहाँ के हो?'

उत्तर मिला, 'हिंदू हैं। एक गाँव के रहनेवाले'

'पानी कहाँ से लाए?'

'आगे जरा दूर से।'

'कहाँ है पानी? कितनी दूर?'

'सुल्तान को बतलावेंगे।'

'चलो उनके पास। इनाम मिलेगा।' सिपाही उन दोनों को महमूद के पास ले गए। महमूद ने इनाम का वचन दिया। वे दोनों महमूद की सेना के मार्ग-प्रदर्शक बने। सेना उनके पीछे-पीछे चलने लगी।

कई दिन हो गए। न तो किसी के पदचिह्न वहाँ और न पानी का कोई पता। प्रचंड आँधी बालू के ढेर उठाती, उड़ाती और फिर कहीं जमा देती।

> इस लड़ाई से महमूद का मन खिन्न हो गया। उस समय वह और अधिक युद्ध के संकट को नहीं ओढ़ना चाहता था। महमूद ने गहन रेगिस्तान का मार्ग पकड़ा। सोचा, उत्तर-उत्तर चलते किसी दिन मुल्तान और फिर वहाँ से गजनी पहुँच जाने में कठिनाई नहीं पड़ेगी।

महमूद ने खिसियाकर दोनों मार्ग-प्रदर्शकों को अपने पास बुलवाया।

'कहाँ है पानी? और कितनी दूर?'

'थोड़ी दूर।'

'यह कैसी थोड़ी दूर! रोज यही कह देते हो!'

'बस, बिलकुल थोड़ी सी दूर।'

संध्या हो गई। महमूद ने टीलों में अपनी सेना का पड़ाव डाल दिया। ऊँटों पर पानी थोड़ा सा ही और रह गया था। एकाध दिन यह 'थोड़ी दूर' और चली कि सेना के पशु और मानव - दोनों का ढेर इन टीलों में हो जाएगा।

महमूद के एक नायक ने समाधान किया - 'इन गँवारों को फासले की जानकारी बिलकुल नहीं। एक गाँव से दूसरे गाँव के बीच की दूरी को कह देते हैं - वह रहा गाँव थोड़ी दूर। होता है वह गाँव कई कोस के फासले पर।'

'उन दोनों की मसकों में कितना पानी रह गया है?' महमूद ने पूछा।

'एक दिन के पीने लायक, बस।'

'तब तो कल के बाद पानी के पास पहुँच जावेंगे। ये लोग यों ही अपनी जान नहीं देंगे। इनाम पाने की भी उम्मीद है इन्हें। वैसे हैं दोनों कोड़े खाने के हकदार।'

दूसरे दिन भोर के पहले ही महमूद ने कूच कर दिया। दिन भर चले। साँझ हो गई। पानी का फिर भी कहीं कोई लक्षण नहीं।

फिर वही 'थोड़ी दूर'। महमूद क्रोध से भर गया। उसके ऊँटों पर पानी बहुत थोड़ा सा रह गया था। 'ज्यों ज्यों करके रात काटी, फिर प्रातःकाल के पहले ही कूच करना पड़ा; क्योंकि मार्ग-प्रदर्शकों ने आश्वासन दिया था कि दिन में अवश्य अभाव की समाप्ति हो जावेगी।

तीसरा पहर लग गया। सूर्य की किरणों से आग सी बरस रही थी। प्रचंड आँधी और जलती हुई किरणें आसपास मृगजल तो दिखला रही थीं, पर प्यास बुझानेवाला जल कहीं भी नहीं। रेत के टील इतने अधिक दिखलाई पड़ने लगे कि ठिकाना नहीं। सेना को चलना दुःसह हो गया। महमूद ने निश्चय किया। दोनों पथ-प्रदर्शकों को बुलवाया।

'अब कितनी दूर है पानी?'

'बस थोड़ी सी ही दूर।'

'महमूद की आँखों से लौ-सी छूट पड़ी।'

'तुम्हारे पास कितना पानी है?'

'चुक गया।'

'कितनी देर में पानी के पास पहुँचोगे?'

'आ गए समझो।'

'कहाँ?'

'इन्हीं टीलों में।'

'इन टीलों में!'

उन दोनों के क्षीण मलीन चेहरों पर मुसकान की छोटी सी लहर आई।

'हाँ, इन्हीं टीलों में।'

महमूद का क्रोध और भी भभका।

'यहाँ तो कुछ भी नहीं है! ये टीले तो पानी के कब्रिस्तान जान पड़ते हैं। सच बतलाओ, नहीं तो अभी सिर कटवाकर फिंकवा दूँगा।'

उन दोनों के चेहरों पर मुसकान की जगह आभा छहर गई। घुसी हुई आँखों में तेज आ बैठा।

'सच यह है कि पानी के इस कब्रिस्तान में हमें तुम सबका कब्रिस्तान बनाना है।'

'क्या?'

'बिलकुल यही है। तुम हमारे देश का नाश करने आए हो। हम तुम्हें मिटाकर रहेंगे।'

'अभी मार दो इन दोनों को!' महमूद तड़पा।

'मार दो। हमने अपने देश को जिंदा रहने का मार्ग दिखलाया। मरने से हमें जो कुछ मिलेगा, वह तुम सोच ही नहीं सकते।'

मरने के समय उन दोनों के चेहरों पर आभा सदा के लिए आ बैठी।

महमूद चला गया। अनेक कठिनाइयों के उपरांत उसे मुल्तान का मार्ग मिल गया था। और उन दोनों ने जो मार्ग दिखलाया, उससे इतिहास धन्य हो गया।



## छठ पूजा हमारी आस्था



■ कमलेश झा

जब विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता की स्त्रियां अपने सम्पूर्ण वैभव के साथ सज-धज कर अपने आँचल में फल और पकवान ले कर निकलती हैं तो लगता है जैसे संस्कृति स्वयं समय को चुनौती देती हुई कह रही हो, देखो! तुम्हारे असँख्य झंझावातों को सहन करने के बाद भी हमारा वैभव कम नहीं हुआ है, हम हम भारत हैं हम आर्यावर्त के धरोहर हैं। हम तबसे हैं जब से तुम हो, और जब तक तुम रहोगे तब तक हमारा अस्तित्व भी रहेगा।

जब घुटने भर जल में खड़ी व्रती की सिपुलि में बालक सूर्य की किरणें उतरती हैं तो लगता है जैसे स्वयं सूर्य भगवान बालक बन कर उसकी गोद में खेलने उतरे हों। स्त्री का सबसे भव्य, सबसे वैभवशाली स्वरूप मातृत्व का है। इस धरा को भारत माता कहने वाले बुजुर्ग के मन में स्त्री का यही स्वरूप रहा होता है। कभी ध्यान से देखिएगा छठ के दिन जल में खड़े हो कर सूर्य देव को अर्घ दे रही किसी स्त्री को, देखकर आपके मन में मोह नहीं श्रद्धा उपजेगी।

छठ वह प्राचीन पर्व है जिसमें राजा और रंक एक घाट पर शीश नवाते हैं, एक देवता को अर्घ देते हैं, और एक बराबर आशीर्वाद पाते हैं। धन और पद का लोभ मनुष्य को मनुष्य से दूर करता है, पर धर्म उन्हें साथ जोड़ता है।

अपने धर्म और परंपरा के साथ होने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि आप अपने समस्त पुरुखों के आशीर्वाद की छाया में होते हैं। छठ के दिन नाक से माथे तक सिंदूर लगा कर घाट पर बैठी स्त्री अपनी हजारों पीढ़ी की परंपरा की वाहक ही नहीं होती है, बल्कि वह उन्ही का स्वरूप होती है। उसके आंचल में केवल फल नहीं होते, समूची प्रकृति समाई होती है। वह एक सामान्य स्त्री सी नहीं, अन्नपूर्णा सी देवी दिखाई देती है। ध्यान से देखिये! आपको उनमें कौशल्या दिखेंगी, उनमें सीता दिखेगी, उनमें अनुसुइया दिखेगी, सावित्री दिखेगी... उनमें पद्मावती दिखेगी, उनमें लक्ष्मीबाई दिखेगी, उनमें भारत माता को छवि दिखेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उनके आँचल में बंध कर ही यह सभ्यता अगले हजारों वर्षों का सफर करने में समर्थ होगी ।

छठ डूबते सूर्य की आराधना का पर्व है। डूबता सूर्य इतिहास होता है, और कोई भी सभ्यता तभी दीर्घजीवी होती है जब वह अपने इतिहास को पूजे। अपने इतिहास के समस्त योद्धाओं को पूजे और इतिहास की गलती को न दुहराए।

छठ उगते सूर्य की आराधना का पर्व है। उगता सूर्य भविष्य होता है, और किसी भी सभ्यता के यशश्वी होने के लिए आवश्यक है कि वह अपने भविष्य को पूजा जैसी श्रद्धा और निष्ठा से सँवारे... हमारी आज की पीढ़ी को सदैव इसका स्मरण रहे अगली जिम्मेदारी उनकी है ... यही छठ व्रत का मूल भाव है।

मैं खुश होता हूँ घाट जाती स्त्रियों को देख कर, मैं खुश होता हूँ उनके लिए राह बुहारते पुरुषों को देख कर, मैं खुश होता हूँ उत्साह से भरे बच्चों को देख कर... सच पूछिए तो यह मेरी खुशी नहीं, मेरी मिट्टी, मेरे देश, मेरी सभ्यता की खुशी है।

मेरे देश की माताओं! कल और परसों जब आदित्य देव आपकी बंश सूप में उतरें, तो उनसे कहिएगा कि इस देश, इस संस्कृति और समाज पर अपनी कृपा बनाये रखें, ताकि हजारों वर्ष बाद भी हमारी पुत्रवधुएँ यूँ ही सज-धज कर गंगा के जल में खड़ी हों और कहें- उगह्य हो सुरुज देव.........



## प्रेग्नेंसी

■ प्रभा दीक्षित

दस साल तक साथ-साथ को लिविंग में रहने के बाद एक दिन प्रियंका ने अनूप से कहा कि ''मैं तुम्हारे बच्चे की मां बनने वाली हूं।'' उसने कहा-''डार्लिंग तुम्हें तो खुश होना चाहिये कि तुम बाप बनने वाले हो।'' यह बात उसने अनूप के चेहरे पर उभर आई कालिख को देखकर कहां।

उसने फिर इठलाते हुये कहा, ''क्या बात है अनूप ? क्या तुम खर्चे को लेकर परेशान हो रहे हो ? हम लोग अभी तक अपना आधा-आधा खर्च उठा रहे हैं। बच्चे का खर्च भी आधा-आधा बंट जायेगा। वैसे तुम मुझमें कम कमाते हो इसीलिये मैं तुम्हें कुछ छूट दे सकती हूं और बच्चे का खर्च भी अकेले उठा सकती हूं। अब तो तुम्हें खुश होना चाहिये। अनूप ने एक लम्बी सांस छोड़ते हुए कहा-''बात खर्च की नहीं है डार्लिंग ! मुझे बच्चे वाली औरतें पसन्द नहीं हैं। अगर तुमने एबार्शन न कराया तो बहुत सम्भव है मुझे तुमसे अलग होना पड़ेगा।'' ''ओह गुड ! मेरा खयाल बिल्कुल सही था। अनूप मैंने तैयारी कर ली है।'' कहते हुए प्रियंका ने अटैची उठाई और कमरे से बाहर निकल गई। और जाते-जाते यह भी कहना न भूली- ''मुझे अभी तक कोई प्रेग्नेंसी नहीं है दोस्त ! मैं तो तुम्हारी औकात जानना चहती थी।''

वह तेजी से सड़क पर जा रही है और अनूप ''सुनो तो ! सुनो तो डार्लिंग'' कहता हुआ कुछ दूर उसके पीछे गया पर निराश होकर लौट आया।

## थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते

■ ज़फ़र इक़बाल

थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते
कुछ और थक गया हूँ आराम करते करते

अंदर सब आ गया है बाहर का भी अंधेरा
ख़ुद रात हो गया हूँ मैं शाम करते करते

ये उम्र थी ही ऐसी जैसी गुज़ार दी है
बदनाम होते होते बदनाम करते करते

फँसता नहीं परिंदा है भी इसी फ़ज़ा में
तंग आ गया हूँ दिल को यूँ दाम करते करते

कुछ बे-ख़बर नहीं थे जो जानते हैं मुझ को
मैं कूच कर रहा था बिसराम करते करते

सर से गुज़र गया है पानी तो ज़ोर करता
सब रोक रुकते रुकते सब थाम करते करते

किस के तवाफ़ में थे और ये दिन आ गए हैं
क्या ख़ाक थी कि जिस को एहराम करते करते

जिस मोड़ से चले थे पहुँचे हैं फिर वहीं पर
इक राएगाँ सफ़र को अंजाम करते करते

आख़िर %ज़फ़र% हुआ हूँ मंज़र से ख़ुद ही ग़ाएब
उस्लूब-ए-ख़ास अपना मैं आम करते करते



## काम ना काज के दुश्मन अनाज

■ रेखा शाह आरबी

शहरों में तो लोग पड़ोसी -अड़ोसी क्या करते हैं क्या नहीं करते हैं कभी पड़ोसियों को पता ही नहीं रहता है। बगल के फ्लैट में कौन रहता है ,कौन जिंदा है, कौन मर गया किसी भी चीज का कुछ पता नहीं रहता । जिंदगी अपनी दौड़ से दौड़ाती रहती है और और सभी लोग उसमें दौड़ते रहते हैं । लेकिन गांव में अभी ऐसा कुछ नहीं होता है जिंदगी तो यहां भी भागती है पर बुलेट ट्रेन की स्पीड से नहीं पैसेंजर की स्पीड से है । दिन भर भले ही लोग एक दूसरे से ना मिल पाए। लेकिन शाम को किसी डेरा पर तो, किसी चौपाल पर बैठकर अक्सर ही गप्पे गपियाते हैं । और यही निठल्लापन उन्हें घोर अवसाद और जीवन के अन्य दुखों से बचा लेता है। यह चौपाल ऐसी ही होती है जैसे संयुक्त राष्ट्र का अधिवेशन होता है बातचीत खूब होती है पर हल-भल कुछ किसी का नहीं निकलता है।

मुझे भी गांव का जीवन प्रभावित करता है.. गांव में आखिर ऐसा क्या है कि लोग थोड़े से संसाधन में ही गुजर-बसर कर लेते हैं । उन्हें जीवन जीने के लिए बहुत कुछ नहीं चाहिए और कुछ लोगों को तो कुछ भी नहीं चाहिए। कुछ भी नहीं का मतलब.. कुछ भी नहीं चाहिए फिर भी जीवन मजे में जी लेते हैं । अब हमारे ही गांव के चौपट लाल जी को देख लीजिए जिन्हें देखकर मुझे कभी-कभी बहुत ही रश्क होता है। कैसे बारहों महीने बिना काम धाम के यह इतने खुश रह लेते हैं। गांव में भी लोग सब लोग खाली नहीं रहते। कुछ खेत खलिहान में कुछ ना कुछ काम करते व्यस्त रहते हैं। लेकिन उस गांव के चौपट लाल जी ऐसे व्यक्ति हैं जो कुछ भी नहीं करते । वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनके खर्च शुन्य.. कमाई धेला भी नहीं है । फिर भी अन्य लोगों से ज्यादा मजेदार जीवन जीते हैं। ना घर द्वार बनवाने की चिंता ना कमाने धमाने की चिंता.. जिंदगी के सारे मजे उनके लिए ही है। उनकी प्रसन्नता तो यही बताती है।वह कहीं भी खटिया बिछाकर उल्टे पड़े रहते हैं। बिल्कुल मगरमच्छ के जैसे कोई हलचल नहीं कोई व्यवधान नहीं है उनके जीवन में.. सब मंगल ही मंगल है। जैसे नेता चुनाव में एक्टिव होते हैं वैसे ही चौपट जी सुबह और संध्या को एक्टिव होते हैं वह भी अपनी रोटियां सेकने के लिए बाकी समय चौपट लाल जी हमारे माननीय के जैसे अपने आरामगाह में पड़े रहते हैं। घर के नाम पर उनके पास एक घास फूस की झोपड़ी है। जिसको बनाने के लिए उन्हें कुछ भी खरीदना नहीं पड़ता है। और सामान के नाम पर उनके पास कुछ एक बर्तन है। आखिर इतने कम साधन में इतने प्रसन्न चौपट जी कैसे हैं जानने की सहज जिज्ञासा जागृत हो उठी .. तो एक दिन उनके जीवन का गहन अध्ययन करने का निश्चय किया। आखिर जो इंसान कुछ नहीं करता उसका जीवन इतने मजे से कैसे चल जाता है। तो सुबह से ही उनके पीछे लग गए सुबह-सुबह की दुनिया भर की पहली जरूरत टॉयलेट होती है उनकी भी है पर शौचालय की व्यवस्था का चक्कर और खर्चा क्यों पालना वह तो लोटा उठाकर चल दिए और कुछ ही देर में दूसरे के खेत को उर्वर बनाकर वापस आ गए । उसके बाद हर इंसान को चाय पानी की जरूरत पड़ती है उन्होंने ऐसे शौक पाले ही नहीं सीधे खाने का ही व्यवस्था रखते हैं ।सड़क किनारे के पेड़ों को काटकर छांटकर जमा किए गए लकड़ी से मुफ्त में खाना बना लिए.. राशन पानी सरकारी कोटे से मुफ्त मिल ही जाता है ।यानी कि यहां भी उनका एक अठन्नी खर्चा नहीं हुआ। कपड़े लत्ता के नाम पर उनके देह पर एक बनियान एक बरमुंडा एक गमछे के सिवा कभी कुछ ज्यादा देखने को नहीं मिला। उसका भी पैसा जाने कौन-कौन से भत्ते से उनको मिल ही जाता है । सुबह से शाम हो गई लेकिन उनको एक अठन्नी खर्च करते देखने की हसरत ही रह गई। खाने के बाद सोना और सोने से पहले लोगों से मांग कर पेपर पढ़ कर उस पर दुनिया भर का ज्ञान देना उनका पसंदीदा शगल है। जितने करीने से वह समाचार पत्र पढ़ते हैं उतना तो जो उस अखबार का पैसा उनके पड़ोसी चुकाता है वह भी नहीं पढ़ता है । चौपट लाल जी को देखकर ज्ञान के चक्षु खुल गए बेकार ही हम सब कोल्हू के बैल की तरह दिन-रात जुते हुए हैं। और मेहनत कर रहे हैं ।

> मुझे भी गांव का जीवन प्रभावित करता है.. गांव में आखिर ऐसा क्या है कि लोग थोड़े से संसाधन में ही गुजर-बसर कर लेते हैं । उन्हें जीवन जीने के लिए बहुत कुछ नहीं चाहिए और कुछ लोगों को तो कुछ भी नहीं चाहिए।

रात दिन खून पसीना एक किए हुए हैं । फालतू के संसाधन जुटाने में जीवन नर्क बने हुए हैं। चौपट लाल जी को देखकर समझ में आ गया जिंदगी तो बिना संसाधनों के बिना कुछ किये भी बड़े मजे से मजेदार गुजर सकती है। कुछ राम भरोसे कुछ सरकार भरोसे।

## जिगर-ए-सोख़्ता हैं और दिल-ए-बिरयाँ हैं हम

■ मीर हसन

जिगर-ए-सोख़्ता हैं और दिल-ए-बिरयाँ हैं हम
शोले की तरह सदा दीदा-ए-गिर्यां हैं हम

मुत्तसिल लख़्त-ए-जिगर करते हैं आँखों से सदा
आह किस आशिक़-ए-ग़म-दीदा की मिज़्गाँ हैं हम


कभी हँसते हैं कभी रोते हैं जलते हैं कभी
गुल हैं शबनम हैं कि या आतिश-ए-सोज़ाँ हैं हम

हम में ही आलम-ए-अकबर हुए गो जुर्म-ए-सग़ीर
मज़हर-ए-जल्वा-ए-हक़ हज़रत-ए-इंसाँ हैं हम

दहर पुर-शोर है हाथों से हमारे ऐ आह
आफ़रीनश में मगर नाला-ओ-अफ़्ग़ाँ हैं हम

फ़िक्र-ए-जमइय्यत-ए-दिल हम को कहाँ आह %हसन%
ख़ातिर-आशुफ़्ता-ए-गेसू-ए-परेशाँ हैं हम

# स्ट्रांग रूम में लॉक हुआ 108 उम्मीदवारों का भाग्य


## रात से लेकर सुबह तक जमा होता रहा चुनाव सामग्री

## ईवीएम मशीनें सील, तीन दिसंबर को खुलेगा स्ट्रांग रूम

**बिलासपुर**, 18 नवंबर ( देशबन्धु)। विधनसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में कैद हो गया है। कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें सुरक्षित रखकर रूम को सील कर दिया गया है। बीएसएफ के जवानों की एक कंपनी दिन रात स्ट्रांग रूम एवं परिसर की सुरक्षा में तैनात की गई है। सीलिंग पूर्ण होने के बाद पूरा परिसर बीएसएफ के आर्म्ड जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया है।

विधानसभा चुनाव के लिए मददान के बाद शुक्रवार की रात से लेकर शनिवार सुबह तक मतदान दल कोनी स्थित स्ट्रांग रूम में मतपेटियों को जमा करते रहे। ईवीएम मशीनें जमा होने के बाद कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में शनिवार दोपहर स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है। अब उम्मीदवारों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम को तीन दिसंबर की सुबह मतगणना के लिए खोला जाएगा। इस प्रक्रिया के साथ ही जिले के 108 उम्मीदवारों का भाग्य स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है।

शुक्रवार को शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के बाद मतदान दल ईवीएम को सीलबंद कर कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कालेज पहुंचे। यहां रात आठ बजे से पोलिंग पार्टियों का यहां वापस लौटना शरू हो गया था। जहां जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर अवनीश शरण अन्य आला अधिकारियों के साथ उपस्थित रहकर मतदान दलों की वापसी कराते रहे। यह सिलसिला सुबह तक चलता रहा। बीएसफ के सशस्त्र जवानों की मौजूदगी में बूथवार ईवीएम जमा कराई गई। पावती पत्र जमा होने के बाद ही पीठासीन अधिकारियों को रिलीव किया जा रहा था। एक-एक कर सभी पोलिग पाटियों से ईवीएम जमा कराने का सिलसिला सुबह तक चलता रहा।



### 6 हजार से अधिक कर्मियों की लगी थी ड्यूटी

मतदान के लिए कुल 6 हजार 36 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। ऐसे में एक-एक करके उनके लौटने का सिलसिला रात आठ बजे से शुरू हो गया था। देर रात स्ट्रांग रूम में मेले सा नजारा दिख रहा था।

यहां कर्मियों को मतदान सामान वापस करने में कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीड़ होने की वजह से बारी-बारी से ईवीएम व अन्य मतदान सामग्री जमा कराने का कार्य किया जा रहा था, ऐसे में कर्मियों को समझ आ गया है, यह काम पूरा होने में पूरी रात लग सकती है। सभी अपनी बारी का इंतजार कर रहे। शनिवार सुबह तक मतपेटी जमा करने का सिलसिला चलता रहा।

### पीठासीन अफसर व कर्मियों ने ली राहत

ईवीएम जमा करने के काम में काफी समय लगा। दिन भर चुनाव ड्यूटी के बाद चुनाव सामग्री जमा करने के लिए उन्हें चिंता सता रही थी। जैसे-जैसे मतदान अधिकारी व कर्मचारी मतपेटी जमा करते रहे, वैसे ही उनके चेहरे पर राहत दिख रही थी। यहां रुकने और ईवीएम जमा करने तक के समय के लिए कर्मचारियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण मतपेटी जमा करते ही घर जाने के लिए अधिकारी और कर्मचारी भटकते रहे।

### सीसीटीवी कैमरे से अधिकारी करेंगे निगरानी

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ की एक कंपनी को सौपी गई है। कंपनी के 100 जवान 24 घंटे स्ट्रांग रूम के पास तैनात रहेंगे। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम के बाहर कोने-कोने की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। इससे कंट्रोल रूम में बैठे जवान हर कोने पर नजर रख पाएंगे। अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इवीएम को सील किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अब स्ट्रांग रूम को मतगणना के दिन यानी तीन दिसंबर को ही खोला जाएगा। इस बीच ईवीएम की सुरक्षा के लिए जवानों का पहरा लगाया गया है। एसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि स्ट्रांग रूम के दरवाजे के साथ ही परिसर के हर कोने पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इससे पूरे परिसर की निगरानी कंट्रोल रूम से की जाएगी। बीएसएफ के साथ ही अधिकारी भी समय-समय पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का निरीक्षण करेंगे। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है।


राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी निगरानी के लिए रहेंगे मौजूद

मतदान के बाद जिले के सभी पोलिंग बूथों के ईवीएम को फिलहाल स्ट्रांग रूम में जमा कराया गया है। स्ट्रांग रूम के बाहर निगरानी के लिए पूरी सुरक्षा की गई है। वहीं पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को भी यहां रहने अनुमति दी गई है। सुरक्षाकर्मियों के साथ राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इसके लिए राजनीतिक दल और प्रत्याशियों के प्रतिनिधि को पहले आवेदन देना होगा।

# मौसम ने बदली करवट, पड़ रही कंपकंपी वाली ठंड

## कंबल और चादर की मांग बढ़ी

**बिलासपुर**, 18 नवंबर ( देशबन्धु) ।न्यूनतम तापमान में गिरावट के बाद पारा 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में मामूली वृद्धि के बाद भी सर्दी का असर बना रहा। तड़के कंपकंपी वाली ठंड महसूस हुई। सूर्योदय के बाद धूप अच्छी लगने लगी। शहर में आज का मौसम जिले में मौसम अभी शुष्क बना हुआ है। रात के तापमान में गिरावट के बाद अब वृद्धि की संभावना बनी हुई है ।मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो चुका है। कल से तापमान में फिर चढ़ेगा। आसमान में कहीं-कहीं हल्के बादल है।



छत्तीसगढ़ में मौसम ने करवट बदली है। सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। हल्की मध्यम बूंदाबांदी हो रही है। ठंडी हवाएं भी चल रही हैं। इस वजह से पूरे प्रदेश में एक बार फिर से ठंड बढ़ गई है। लोगों ने फिर से गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। जगह-जगह लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। राजधानी समेत कई जिलों में ऐसे दृश्य देखने को मिल रहे हैं। लोग ठंड हवाओं से बचने के लिए व्यवस्था करते देखे जा रहे हैं। आस-पास के इलाकों और अन्य पड़ोसी जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। पिछले दिनों की अपेक्षा ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले एक दो दिनों में प्रदेश के तापमान में और भी गिरावट दर्ज की जा सकती है।

मौसम शुष्क रहेगा और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी।

रातों में कंबल और चादर के बिना गुजारा नहीं हो रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग का कहना है किप्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने बताया कि एक गहरा अवदाब पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी से ऊपर है। इसके लगातार उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ेत हुए और प्रबल होने की संभावना है। यह बांग्लादेश तट में मंगोल और खेपूपारा के पास आज 18 नवंबर को टकराने की संभावना जताई गई है। वहीं बताया जा रहा है कि प्रदेश का मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### बंगाल की खाड़ी में अवदाब

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक एक गहरा अवदाब पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर 16.9 डिग्री उत्तर और 86.8 डिग्री पूर्व में विशाखापट्टनम से पूर्व-दक्षिण पूर्व की ओर 380 किलोमीटर दूर, पारादीप से दक्षिण की ओर 380 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके लगातार उत्तर-पूर्व की ओर आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होते की संभावना है तथा यह बांग्लादेश तट में मंगोल और खेपूपारा के पास 18 नवंबर को टकराने की संभावना है टकराते समय इसमें हवा की गति 55 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रहने की संभावना है।

# छत्तीसगढ़ में 70 सीटों पर 75.08 फीसदी मतदान, अंतिम आंकड़े जारी

रायपुर, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पूरे उत्साह के साथ मतदाताओं ने अपना फैसला दे दिया है। दूसरे चरण में 70 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ, जिसमें 958 उम्मीदवारों की किस्मत अब ईवीएम में कैद हो चुकी है। इधर, दूसरे चरण में 70 सीटों पर हुए मतदान के अंतिम आंकड़े जारी कर दिए हैं। चुनाव आयोग ऐप वोटर टर्न आउट के मुताबिक दूसरे चरण में 70 सीटों पर 75.08 प्रतिशत मतदान हुआ जोकि वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव की तुलना में 1.8 प्रतिशत कम है। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 76.88 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। प्रदेश में सबसे अधिक 86.54 प्रतिशत मतदान खरसिया विधासभा क्षेत्र में हुआ, वहीं सबसे कम 53.80 प्रतिशत मतदान रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में हुआ। खराबी के चलते 137 बैलेट यूनिट, 113 कंट्रोल यूनिट और 349 वीवीपैट मशीनों को बदला गया। दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान के बाद 958 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है।

## कहां कितना रहा मतदान का प्रतिशत

| | | | |
|---|---|---|---|
| खरसीया- | 86.54 | बलौदाबाजार- | 76.10 |
| कुरुद- | 86.00 | जशपुर- | 75.93 |
| सिहावा- | 86.00 | अंबिकापुर- | 75.58 |
| धरमजयगढ़- | 86.00 | महासमुंद- | 75.17 |
| लैलुंगा- | 85.44 | भाटापारा- | 75.10 |
| लुण्ड्रा- | 85.10 | नवागढ़- | 75.00 |
| पाटन- | 84.12 | दुर्ग ग्रामीण- | 74.79 |
| संजारी बालोद- | 84.07 | जांजगीर चांपा | 74.59 |
| रामानुजगंज- | 83.50 | अकलतरा- | 74.13 |
| बसना- | 83.47 | आरंग- | 74.12 |
| सामरी- | 83.42 | कटघोरा- | 74.02 |
| बिन्द्रानवागढ़- | 83.20 | मनेन्द्रगढ़- | 74.02 |
| गुण्डरदेही- | 83.01 | कसडोल- | 73.60 |
| अभनपुर- | 83.00 | तखतपुर- | 73.52 |
| राजिम- | 82.04 | कोटा- | 73.20 |
| भरतपुर सोनहत- | 81.80 | अहिवारा- | 72.02 |
| बैकुंठपुर- | 81.79 | बिलाईगढ़- | 70.39 |
| सरायपाली- | 81.68 | बिल्हा- | 69.63 |
| भटगांव- | 81.35 | जैजैपुर- | 69.50 |
| खल्लारी- | 81.34 | चंद्रपुर- | 68.66 |
| सीतापुर- | 81.31 | लोरमी- | 67.98 |
| डौण्डीलोहारा- | 81.24 | पामगढ़- | 67.48 |
| धमतरी- | 81.00 | मुंगेली- | 67.30 |
| पाली-तानाखार- | 80.38 | दुर्ग शहर- | 66.48 |
| प्रेमनगर- | 79.56 | मस्तुरी- | 66.40 |
| बेमेतरा- | 79.55 | भिलाईनगर- | 66.34 |
| प्रतापपुर- | 79.44 | कोरबा- | 66.30 |
| सारंगढ़- | 79.37 | बेलतरा- | 65.71 |
| रायगढ़- | 78.80 | वैशालीनगर- | 65.67 |
| पत्थलगांव- | 78.66 | रायपुर दक्षिण- | 59.99 |
| मरवाही- | 78.27 | रायपुर उत्तर- | 57.80 |
| साजा- | 77.80 | रायपुर ग्रामीण- | 57.20 |
| धरसींवा- | 77.63 | बिलासपुर- | 56.28 |
| कुनकुरी- | 77.29 | रायपुर पश्चिम- | 55.93 |
| सक्ती- | 76.70 | | |
| रामपुर- | 76.65 | कुल मतदान | 75.08 |

# पति ही निकला पत्नी का हत्यारा, चरित्र शंका में फावड़ा मारकर ले ली थी जान, गिरफ्तार

**रायगढ़**, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। रायगढ़ से एक बड़ी खबर खबर निकल कर आ रही है कोसाबाडी पीछे जंगल के पगडंडी में मिली महिला के शव की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में महिला के पति को गिरफ्तार किया है।



दरअसल, शारदा खडिया पति कीर्तन खडिया उम्र 35 वर्ष का शव 16 नवम्बर को रक्तरंजित अवस्था में पड़ा मिला था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शारदा और उसके पति कीर्तन खडिया के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो रहा था, झगडा बढा तो कीर्तन खडिया अपने पास रखे लोहे के फावडा से शारदा खडिया के सिर में मारकर उसकी हत्या कर भाग गया है । चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मौके पर शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजी।

घटना के संबंध में रिपोर्ट करता निराकार रठिया के रिपोर्ट पर आरोपी कीर्तन खडिया पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में लिया गया । आरोपी कीर्तन खडिया के संबंध में जानकारी मिली कि वह चोरी के मामले में जेल में था, करीब दो माह पहले बाहर आया है। गांव आने के बाद से कीर्तन उसकी पत्नी पर चरित्र शंका कर झगड़ा विवाद करता था और झगड़ा विवाद में उसकी हत्या किया है। फरार आरोपी कीर्तन खडिया के आज सुबह गोपालपुर में देखे जाने की सूचना पर तत्काल टीआई प्रशांत राव स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी द्वारा चरित्र शंका पर उसकी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया, जिसके मेमोरेंडम पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का फवड़ा, घटना समय पहने कपड़े (खून लगे) तथा घटनास्थल के पास से महत्वपूर्ण साक्ष्य को सुरक्षित जप्त किया गया है। आरोपी कीर्तन खडिया पिता जयमंगल खडिया उम्र करीब 31 वर्ष साकिन सम्बलपुरी थाना चक्रधरनग जिला रायगढ को आज हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, उप निरीक्षक जी.एल. साहू, प्रधान आरक्षक लोमश राजपूत, आरक्षक सुशील यादव की अहम भूमिका रही है।

# राज्यपाल हरिचंदन ने 'नृत्य रहस्य' पुस्तक का किया विमोचन

**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज प्रसिद्ध ओडिशी नृत्यांगना श्रीमती पूर्णश्री राऊत द्वारा लिखित पुस्तक ''नृत्य रहस्य द सेक्रेड मिस्टिक्स ऑफ डांस'' का आज राजभवन में विमोचन किया।



संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा प्रकाशित यह नृत्य विधा पर श्रीमती राउत द्वारा लिखी गई चौथी पुस्तक है। इस पुस्तक के माध्यम से बताया गया है कि नृत्य के माध्यम से स्वस्थ रहा जा सकता है और बड़ी-बड़ी से बिमारियों को दूर किया जा सकता है। नृत्य प्राचीनतम योग कला का एक स्वरूप है। यह शारीरिक तंत्र क्रिया, कुंडलिनी जागरण, आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक माध्यम है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य एक ऐसी विधा है जिससे शरीर के अंग में हल-चल होती है और ऊर्जा जागृत होती है तथा आध्यात्मिक अनुभूति का भाव पैदा करती है। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ के बस्तर से लेकर सरगुजा तक के ऐतिहासिक मंदिरों में अंकित नृत्य मुद्राओं का उल्लेख किया गया है। राज्यपाल हरिचंदन ने पुस्तक प्रकाशन के लिए श्रीमती राऊत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पुस्तक विमोचन के अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी, संचालक विवेक आचार्य, रेडक्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ के सीईओ एम. के. राऊत, रेडक्रॉस छत्तीसगढ़ सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

# कामरेड वासुदेव आचार्य की श्रद्धांजली सभा

**बिलासपुर**, 18 नवंबर ( देशबन्धु)। ट्रेड यूनियन कौंसिल, बिलासपुर द्वारा कामरेड वासुदेव आचार्य की श्रद्धांजली सभा का आयोजन कर्मचारी भवन डबरी पारा में किया गया ।



उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर अपने विचार रखे। कामरेड वासुदेव विद्यार्थी जीवन से ही सक्रिय राजनीति में थे। कुछ दिनों तक अध्यापन कार्य करने के बाद वह पार्टी के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। उनकी श्रमिकों की राजनीति में असाधारण पकड़ थी एवं जीवनशैली अत्यंत सरल थी। देश के मेहनतकशों के आंदोलनों के वह सदैव नेतृत्वकर्ता थे ।वह रेलवे, बीमा एवं कोयला क्षेत्र के आंदोलनों से बड़ी निकटता के साथ जुड़े थे।

लम्बे समय तक रेलवे की संसदीय स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन रहने के साथ साथ वह अनेक संसदीय समिति के सदस्य थे ।संसद के अंदर श्रमिकों की मांग वह बड़े प्रभावशाली ढंग से रखते थे। बिलासपुर शहर से उनका आत्मिक लगाव था एवं वह लगभग बीस बार शहर में आकर श्रमिकों को अपना मार्गदर्शन दिये थे ।वक्ताओं ने अपने निजी अनुभव भी साझा किए।

सबकी एकमत राय थी कि जब आज श्रमिकों एवं श्रम कानूनों पर बड़े हमले हो रहे हैं ऐसे समय में कामरेड वासुदेव आचार्य का निधन श्रमिक आंदोलनों की अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई असंभव है ।वक्ताओं एवं सभा में उपस्थित नागरिकों ने उनके जीवन सीख लेकर उनके गुणों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

सभा में साथी रवि बैनर्जी,जिला सचिव सीपीएम, महेश श्रीवास,पी आर यादव,राजेश शर्मा,नंद कश्यप, एस के जैन,शौकत अली,आर के मिश्रा,रवि श्रीवास, सुखऊ निषाद, राकेश शर्मा,मधुकर गोरख एवं वी के तिवारी क्षेत्रीय सचिव एलएसआरए ,आर मुखोपाध्याय एवं संजय मांझी ने अपने विचार प्रकट किए। अंत में इप्टा के अरूण दाभड़कर सचिन शर्मा आदि ने जनगीत प्रस्तुत किया। सभा में बड़ी संख्या में आम नागरिक एवं श्रमिक उपस्थित थे ।अंत में कामरेड वासुदेव आचार्य एवं केंद्रीय कमेटी के पूर्व सदस्य साथी एन शंकरैया जिनका हाल ही में निधन हुआ है,को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई। श्रद्धांजली सभाकी अध्यक्षता साथी पी आर यादव एवं संचालन साथी राजेश शर्मा ने किया।

# कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हलधर 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित

**रायपुर**, 18 नवम्बर (देशबन्धु) । प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी विरोध गतिविधि में शामिल होने के चलते बालोद के पूर्व जिला अध्यक्ष हलधर साहू को बाहर का रास्ता दिखा दिया है ।पार्टी ने उन्हें प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में संगठन के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने आदेश जारी किया है।

■ पार्टी विरोधी गतिविधि में थे शामिल

विधानसभा चुनाव-2023 में कई जगहों से पार्टी विरोधी गतिविधियों की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में पार्टी लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. आज ही पार्टी ने 3 विधानसभा सीटों में कांग्रेस नेताओं ने पार्टी विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने पर पार्टी ने संज्ञान लेते हुए 5 नेताओं को नोटिस जारी कर दिया. साथ ही 24 घंटे के भीतर उनसे जवाब मांगा है। पामगढ़, बेलतरा और चंद्रपुर में पार्टी अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ पार्टी विरोधी काम करने का मामला सामने आया है।

इस मामले में त्रिलोक श्रीवास, पुष्पा पाटले, तारकेश्वर गभेल, दुर्गेश जायसवाल और गीतांजली पटेल को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर लिखित में जवाब मांगा है ।जिसे प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजना होगा।

NECC

| 19.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 546 | 83 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 96 | 195 |

डिलीवरी 561 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188